सुप्रभात
रांची, बुधवार
20.12.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net अगहन, शुक्ल पक्ष, अष्टमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 157



12 शाहरुख खान की फिल्म डंकी का प्रमोशन

## न्यूज डायरी

### दाहू यादव के घर पर सीबीआइ की छापेमारी

**साहिबगंज।** साहिबगंज के मंडरो अंचल के सिमरिया मौजा (नींबू पहाड़) में हुए अवैध खनन मामले में सीबीआई की टीम एक बार फिर एक्शन में है। टीम मंगलवार सुबह शोभनपुरभट्ठा स्थित दाहू यादव के घर और बथान पहुंच कर जांच की।

### पश्चिमी सिंहभूम में दो आइइडी बम बरामद

**पश्चिमी सिंहभूम।** चाईबासा के टोंटो थाना के पाटातोरब और चिड़ियाबेड़ा के बीच जंगली पहाड़ी क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन के दौरान 10 और पांच किलो के दो आइइडी बम मिले हैं।

### थाना प्रभारी पर गोली चलाने वाला गिरफ्तार

**गढ़वा।** थाना प्रभारी पर गोली चलाने वाले नक्सली को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से पुलिस ने एके-47, इंसास मैगजीन, वॉकी-टॉकी समेत भारी मात्रा में अन्य नक्सल सामग्री बरामद किया है। गिरफ्तार नक्सली शिवपूजन मुंडा गढ़वा के रामकंडा के इलाके का रहने वाला है।

### मेरा अपमान कर रही है कांग्रेस : धनखड़

नयी दिल्ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को सदन में कहा कि कांग्रेस उनका अपमान कर रही है और पार्टी के आधिकारिक सोशल मीडिया एकाउंट से उन पर आपत्तिजनक टिप्पणियां की जा रही हैं।

### विधेयक पारित होने से प्रतीकों का होगा अंत

**नयी दिल्ली।** भाजपा के रविशंकर प्रसाद ने कहा कि आपराधिक कानूनों से जुड़े तीन विधेयकों के पारित के होने के बाद सदियों से चली आ रही औपनिवेशिक कानून को समाप्त किया जायेगा और कानून में पारदर्शिता आयेगी।

### संशोधन विधेयक पर लगी संसद की मुहर

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा ने दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र कानून (विशेष प्रावधान) दूसरा (संशोधन) विधेयक 2023 मंगलवार को विपक्ष के शोर शराबे के बीच ध्वनिमत से पारित कर दिया।

गहना आभूषण
| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 59,100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 77,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## संसद की तरह झारखंड विधानसभा में भी चला स्पीकर का डंडा

# तीन भाजपा विधायक निलंबित विरोध में विपक्ष का वाकआउट

**शीतकालीन सत्र**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र का तीसरा दिन भी हंगामेदार रहा। मंगलवार को स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो का डंडा विपक्षी विधायकों पर चला। मुख्य विपक्षी दल भाजपा के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण और विधायक भानु प्रताप शाही के वेल में शोर मचाने के कारण स्पीकर ने सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया। वहीं सचेतक जेपी पटेल को भी सदन से बाहर जाने का आदेश दिया। संसद के दोनों सदनों में सुरक्षा चूक के मसले पर हंगामे की वजह से जिस तरह की लगातार कार्रवाई चल रही है, उसी का एक नमूना झारखंड विधानसभा में भी देखने को मिला। भाजपा तीन विधायकों के सस्पेंशन के बाद नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने इस कार्रवाई के खिलाफ सदन के बहिष्कार की घोषणा कर दी और सभी विधायकों ने वॉकआउट किया। इधर, भोजनावकाश के बाद बहुमत के साथ 8111.77 करोड़ का द्वितीय अनुपूरक बजट पारित हो गया।

**सस्पेंड होने पर विधायकों ने किया हंगामा :** स्पीकर की कार्रवाई के बाद भाजपा विधायकों ने तानशाही नहीं चलेगी का नारा लगाया। बिरंची नारायण ने कहा कि स्पीकर सीएम के कहने पर निर्णय लेते हैं। उनके पास अपना दिमाग नहीं है। बाद में भाजपा विधायकों ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिलकर स्पीकर और सरकार की शिकायत की। (शेष पेज 11 पर)




### वाकआउट के बाद अनुपूरक बजट पारित

शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को भाजपा विधायकों की अनुपस्थिति में सरकार ने 8 हजार 111 करोड़ रुपये का दूसरा अनुपूरक बजट सदन से पास करा लिया। इसके साथ ही सदन की कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। इसके पहले डॉ लंबोदर महतो ने कटौती प्रस्ताव पेश किया था। बाद में सरकार की ओर से अनुपुरक बजट के पक्ष में भाषण दिया गया। इसके पहले भाजपा विधायकों का सदन में हंगामा जारी रहा। हंगामे से नाराज स्पीकर ने भाजपा के भानू प्रताप शाही, बिरंची नारायण को पूरे सत्र से निलंबित कर दिया। वहीं, जेपी पटेल को भी सदन से निकाल दिया गया है।

**आपलोगों की आदत खराब हो गयी है :** सदन में हंगामा करने पर स्पीकर ने भाजपा विधायक बिरंची नारायण और भानु प्रताप शाही को विधानसभा से सस्पेंड कर दिया। दोनों विधायकों को सदन से मार्शलों ने बाहर निकाला। निकालने के दौरान निकास द्वार के पास बिरंची नारायण गिर गये। स्पीकर ने दोनों विधायक से कहा कि आपकी आदत खराब हो चुकी है। इस दौरान मार्शल ने दोनों विधायकों को बाहर निकाला। स्पीकर ने कहा, कल से इन्हें देख रहे हैं, इनके कारण लगातार सदन बाधित हो रहा था। हर चीज में ये लॉबी में आ जाते हैं। आग्रह करने पर भी नहीं सुनते हैं।

## आइपीएल: स्टार्क ने तोड़े सारे रिकॉर्ड 24.75 करोड़ लगी बोली

- अपने हमवतन पैट कमिंस को मात देकर बने इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी



**दुबई।** आइपीएल 2024 की नीलामी में ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की बंपर लॉटरी लगी है। स्टार्क को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 24.75 करोड़ रुपये में खरीद लिया। इसके साथ ही मिचेल स्टार्क आइपीएल इतिहास के सबसे महंगे बिकने वाले खिलाड़ी बन गये। उन्होंने अपने हमवतन पैट कमिंस को मात देकर इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी होने का खिताब अपने नाम कर लिया है। मिचेल स्टार्क के लिए शुरुआत में केकेआर और गुजरात टाइटंस ने बोली लगायी। ये बोली जैसे-जैसे आगे चली वैसे-वैसे इस बोली में और भी टीमें कूद पड़ीं। पर केकेआर ने बाजी मारते हुए 2 करोड़ के बेस प्राइस वाले मिचेल स्टार्क को 24.75 करोड़ में खरीद लिया।

### बोकारो के कुशाग्र 7.2 और रांची के गेंदबाज सुशांत 2.2 करोड़ में बिके

आइपीएल 2024 के 17वें संस्करण की नीलामी में बोकारो झारखंड के बैटर कुमार कुशाग्र को दिल्ली कैपिटल ने 7.2 करोड़ में खरीदा। वहीं राजधानी रांची के तेज गेंदबाज सुशांत मिश्रा को गुजरात टाइटंस ने 2.2 करोड़ दे कर अपनी टीम में ले लिया। 19 वर्षीय कुशाग्र का बेस प्राइस 20 लाख था। वह भारतीय अंडर 19 टीम के भी सदस्य हैं। वहीं रांची के सुशांत पिछले साल हैदराबाद की टीम के साथ जुड़े थे।

## गुमला में सीएम ने की योजनाओं की बरसात, कहा

# रांची से नहीं गांव से चल रही सरकार

**सरकार आपके द्वार**

- गुमला जिले में बनेगी एक हजार किलो मीटर सड़क
- सीबीएसइ पैटर्न स्कूलों की संख्या 5000 तक बढ़ेगी
- डेढ़ सौ योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला, रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि शिविर का उद्देश्य है गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकार पहुंचे। ग्रामीणों तक लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा कि चुनाव से पूर्व हमने घोषणी की थी कि सरकार बनेगी तो दिल्ली, रांची नहीं गांव गांव और पंचायत में खुद से सरकार पहुंच कर लोगों को लाभ देगी। उसी वादे को सरकार पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य में सीबीएसई पैर्टन की तरह संचालित 80 विद्यालयों की संख्या बढ़ाकर पांच हजार किया जायेगा। जिसे गरीब के बच्चे भी बेहतर शिक्षा हासिल कर आगे बढ़ पायेंगे। सीएम मंगलवार को गुमला सदर प्रखंड के कसीरा पंचायत के छापर टोली स्कूल परिसर आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बोल रहे थे। (शेष पेज 11 पर)

### सरकार ही गांव तक पहुंच रही है



सीएम ने कहा कि उनकी सरकार ने संकल्प लिया कि ग्रामीण जिला व प्रखंड कार्यालय नहीं जायेंगे बल्कि सरकार ही उनके द्वार पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान करेगी। इसी के तहत लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। गांव के अंतिम व्यक्ति तक इस कार्यक्रम के माध्यम से योजना का लाभ पहुंचाया जा रहा है। जब तक उनकी सरकार राज्य में रहेगी तब तक सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलता रहेगा।

### राज्य में कनकनी से अभी राहत की उम्मीद नहीं

**रांची।** राजधानी रांची समेत पूरे झारखंड में अभी शीतलहर और कनकनी से राहत की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार शीतलहर का प्रकोप जारी रहेगा। इस कारण तापमान में गिरावट आयेगी और ठंड बढ़ेगी। 25 तक राज्य के पश्चिमी भागों में शीतलहर चलने और कनकनी बढ़ने की संभावना है। उत्तर पश्चिम दिशा से आ रही हवा झारखंड में ठिठुरन बढ़ा रही है। मंगलवार को राजधानी रांची के कांके इलाके में सबसे अधिक ठंड रही। कांके इलाके में अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस रहा। झारखंड के उत्तरी पश्चिमी क्षेत्र के जिलों में भी अत्यधिक ठंड रही। मौसम विभाग के निदेशक अभिषेक कुमार ने बताया कि उत्तर पश्चिमी इलाके से जो हवा आ रही है उसकी वजह से रांची में ठंड बढ़ रही है।

## भारतीय संसदीय इतिहास का सबसे बड़ा एक्शन, अबतक 141 सस्पेंड

# गीता कोड़ा समेत 49 सांसद फिर निलंबित

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान विपक्ष के सांसदों के हंगामे और विरोध प्रदर्शन की वजह से मंगलवार को 49 और सांसदों को निलंबित कर दिया गया। निलंबित सांसदों की सूची में झारखंड के सिंहभूम लोकसभा सीट की सांसद गीता कोड़ा भी शामिल हैं। इस तरह से भारतीय संसद के इतिहास में यह अब तक का सबसे बड़ा एक्शन है। अबतक निलंबित विपक्षी सांसदों की कुल संख्या 141 हो गयी है। निलंबित सांसदों को पूरे शीतकालीन सत्र की कार्यवाही में हिस्सा लेने से वंचित कर दिया गया है। संसद में स्मोक अटैक को लेकर विपक्ष के सांसद लगातार गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग कर रहे और विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बार रिकॉर्ड सांसदों को निलंबित कर दिया गया है, इतनी बड़ी संख्या में पहले कभी सदन निलंबन नहीं हुआ था।

**मंगलवार को सस्पेंड होने वाले सांसद :** सुप्रिया सुले, मनीष तिवारी, शशि थरूर, मोहम्मद फैसल, कार्ति चिदंबरम, सुदीप बंधोपाध्याय, डिंपल यादव, गीता कोड़ा, दानिश अली, चंद्रशेखर प्रसाद, एसटी हसन, सुप्रिया सुले, माला रॉय, राजीव रंजन सिंह, संतोष कुमार, प्रतिभा सिंह, मोहम्मद सादिक, जगबीर सिंह गिल, महाबली सिंह व अन्य।

### तख्तियां लाने की मनाही

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि सदन के अंदर तख्तियां नहीं लाने का निर्णय लिया गया है, पर हाल के चुनाव हारने के बाद हताशा के कारण विपक्षी सदस्य ऐसे कदम उठा रहे हैं। यही कारण है कि हम एक प्रस्ताव (सांसदों को निलंबित करने का) ला रहे हैं। इसके बाद लोकसभा में केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने विपक्षी सांसदों को निलंबित करने का प्रस्ताव रखा।

### 22 को इंडी गठबंधन का देशव्यापी प्रदर्शन

विपक्षी दलों के इंडी गठबंधन ने संसद के दोनों सदनों से विपक्ष के सदस्यों के निलंबन के खिलाफ शुक्रवार को देशभर में विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया है।

# पान मसाला के कारोबारी सिंघानिया के घर आइटी रेड

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकाने से 353 करोड़ बरामद होने के बाद झारखंड में आइटी की कार्रवाई जारी है। शराब कारोबारी सह कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के बाद आयकर ने पान मसाला कारोबारी जयकुमार सिंघानिया के ठिकानों पर छापेमारी की है। मंगलवार सुबह आईटी विभाग की टीम राज्य के इस बड़े कारोबारी सिंघानिया के ठिकानों पर रेड करने पहुंची। दो गाड़ियों से टीम राजधानी के अपर बाजार स्थित जय सिंघानिया के यहां छापेमारी कर लेखा-जोखा जब्त कर लिया है। सिंघानिया राज्य के बड़े पान मसाला व्यापारी हैं और इनका राज्यभर में कारोबार है। अपर बाजार स्थित उनके कार्यालय के बाहर आयकर विभाग की गाड़ी खड़ी है और सुरक्षा में सीआरपीएफ जवान तैनात हैं। किसी को भी अंदर से बाहर या बाहर से अंदर आने नहीं दिया जा रहा है।

**दूसरे ठिकानों की तलाश में है एजेंसी :** गौरतलब है कि सिंघानिया का पान मसाला का कारोबार सिर्फ रांची शहर में नहीं, बल्कि पूरे झारखंड में फैला हुआ है। उनका परिवार सालों से पान मसाला के कारोबार में है। (शेष पेज 11 पर)

## दिल्ली में कोल ब्लॉक्स की नीलामी का 9वां दौर आज

# झारखंड सहित अन्य राज्यों की 26 खदानों की लगेगी बोली

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** कोयला मंत्रालय बुधवार को नयी दिल्ली में वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी के 9वें दौर के शुभारंभ के साथ एक और महत्वपूर्ण कदम उठाने के लिए तैयार है। इस नीलामी में छत्तीसगढ की 8, झारखंड (5), एमपी (12) एवं तेलंगाना की एक कोयला खदान की नीलामी होगी। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी और सम्मानित अतिथि के तौर पर केंद्रीय रेलवे, कोयला और खान राज्य मंत्री रावसाहेब पाटिल दानवे मौजूद रहेंगे। वाणिज्यिक कोयला नीलामी का आगामी 9वां दौर कोयला क्षेत्र में अधिक निजी खिलाड़ियों की भागीदारी बढ़ाने, प्रतिस्पर्धा, दक्षता, नवाचार को बढ़ावा देने और सतत विकास में योगदान देने के लिए तैयार है। यह पहल कैप्टिव और वाणिज्यिक कोयला खदानों से कोयला उत्पादन और प्रेषण में अभूतपूर्व उपलब्धियों का अनुसरण करती है। ज्ञात हो कि 2014 के बाद से कोयला क्षेत्र में, मंत्रालय के सुधारों और उपलब्धियों ने घरेलू कोयला उत्पादन बढ़ाने, आयात निर्भरता को कम करने और देश को कोयला क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है। (शेष पेज 11 पर)

# हाइकोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की सभी याचिकाएं खारिज की

**ज्ञानवापी मामला**

एजेंसी

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ-ज्ञानवापी भूमि स्वामित्व विवाद मामले में, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मंगलवार को फैसला सुनाया। जज जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ ने मालिकाना हक विवाद के मुकदमों को चुनौती देने वाली अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी द्वारा दायर याचिकाओं को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा, मुकदमा देश के दो प्रमुख समुदायों को प्रभावित करता है। हम ट्रायल कोर्ट को 6 महीने में मुकदमे का शीघ्र फैसला का निर्देश देते हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि एक मुकदमे में किये गये एएसआइ सर्वेक्षण को अन्य मुकदमों में भी दायर किया जायेगा और यदि निचली अदालत को लगता है कि किसी हिस्से का सर्वेक्षण आवश्यक है, तो अदालत एएसआई को सर्वेक्षण करने का निर्देश दे सकती है। अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी (एआईएमसी) और उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड द्वारा दायर याचिकाओं में ज्ञानवापी मस्जिद का व्यापक सर्वेक्षण करने के वाराणसी अदालत के 8 अप्रैल, 2021 के आदेश को भी चुनौती दी गयी थी।

# जीत के बाद पीएम के चेहरे पर होगा फैसला : खड़गे

## इंडी गठबंधन की बैठक में नीतीश को संयोजक पद देने पर नहीं हुई चर्चा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए अलायंस के घटक दलों के प्रमुख नेताओं की करीब तीन घंटे चली बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई। इससे पहले कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए कमेटी बना दी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि 28 विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इंडी गठबंधन को कैसे आगे बढ़ना चाहिए। कहा कि विपक्षी गठबंधन ने संसद में विपक्षी सांसदों के निलंबन की निंदा करते हुए प्रस्ताव पारित किया। गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री पद का चेहरा होने की संभावना संबंधी सवाल पर खड़गे ने कहा-पहले हमें जीतना होगा और बहुमत हासिल करना होगा। (शेष पेज 11 पर)




### ममता ने खड़गे के नाम का दिया प्रस्ताव

बैठक में पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने मल्लिकार्जुन खड़गे को पीएम कैंडिडेट बनाने का प्रस्ताव रखा, जिसका दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने समर्थन कर दिया। ममता के प्रस्ताव से खड़गे असहज दिखे। उन्होंने कहा कि अभी हमें भाजपा को हराने पर फोकस करना चाहिए, पीएम पद का मसला बाद में तय किया जायेगा। बैठक में जदयू को निराशा हुई, क्योंकि संयोजक पद दिये जाने को लेकर नीतीश कुमार का नाम पर कोई चर्चा ही नहीं हुई।

## भाजपा संसदीय दल की बैठक में बोले पीएम मोदी

# संसद की घटना पर विपक्षी दलों के बयान घातक

- विपक्ष का व्यवहार दुखी करने वाला है

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने लोकसभा में दो युवकों के कूदने की घटना पर विपक्ष के बयानों को इस घटना जितना ही खतरनाक और लोकतंत्र विरोधी करार दिया। उन्होंने कहा हम देश को बनाने की सोच रहे हैं लेकिन विपक्ष इसे तोड़ने में लगा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की आलोचना का जवाब मर्यादा में रह कर ही दें। पीएम मोदी मंगलवार को संसद पुस्तकालय भवन में पार्टी संसदीय दल की बैठक में बोल रहे थे। आगामी आम चुनाव में भाजपा के सदस्यों की संख्या से पूरा सदन भर जायेगा और विपक्ष का संख्या क्या होगी, सबको अंदाजा है, क्योंकि विपक्ष का व्यवहार दुखी करने वाला है। बैठक में पीएम मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा मौजूद रहे। (शेष पेज 11 पर)



**चुनाव नतीजों से विपक्ष हताश :** पीएम ने संसद में हुई घटना पर कहा कि जो भी व्यक्ति लोकतंत्र में विश्वास करता है, उसे इसकी घोर निंदा करनी चाहिए। लेकिन कुछ पार्टियां हाल के चुनावों के नतीजों से निराश और हताश होकर संसद की घटना के समर्थन की भाषा बोल रहे हैं। यह उतना ही खतरनाक है जितनी वह घटना थी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल ही में संसद की सुरक्षा में हुई चूक को बेरोजगारी और महंगाई से जोड़ा था। उन्होंने भाजपा के सांसदों से शीतकालीन सत्र के बाकी दिनों में सदन में मौजूद रहने को कहा ताकि आवश्यक विधेयक पारित हो सकें। कहा कि कुछ विधेयक ऐसे हैं जिनका प्रभाव आने वाले सौ डेढ़ सौ साल तक समाज पर पड़ेगा। पीएम ने विपक्षी दलों के विरोध प्रदर्शन को लेकर उनपर निशाना साधा। कहा कि उनका यही आचरण रहा तो 2024 के लोकसभा चुनावों में उनकी संख्या और कम हो जायेगी और भाजपा को फायदा होगा।

## भाजपा विधायक पहुंचे राजभवन, गवर्नर से राज्य सरकार की शिकायत की

# राज्यपाल से राज्यहित में सरकार पर विधिसम्मत कार्रवाई की मांग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में भाजपा विधायकों ने राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से राज्य सरकार की शिकायत की। भाजपाईयों ने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। राज्य संवैधानिक संकट के दौर से गुजर रहा है। खान, खनिज, बालू, पत्थर, जमीन की लूट के साथ अब तो झारखंड देश के सबसे बड़े कैश कांड का गवाह बन गया है। भाजपा विधायकों ने विधानसभा में पार्टी के दो विधायकों के निलंबन का भी मामला राज्यपाल के सामने रखा। प्रतिनिधिमंडल में बाबूलाल मरांडी, अमर बाउरी, बिरंची नारायण, सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, अनंत ओझा, जेपी पटेल, कोचे मुंडा, केदार हाजरा, भानु प्रताप शाही, नीरा यादव, राज सिन्हा, नारायण दास, अमित मंडल, ढुल्लू महतो, मनीष जायसवाल, समरीलाल, शशि भूषण मेहता, किशुन कुमार दास, आलोक चौरसिया, अपर्णा सेनगुप्ता, और पुष्पा देवी शामिल थे।



**सीएम ने संवैधानिक मयार्दाओं को ठेंगा दिखाया :** भाजपा ने राज्यपाल से कहा कि अब तो मुख्यमंत्री ने सभी संवैधानिक मयार्दाओं को ठेंगा दिखा दिया है। ईडी उनसे पूछताछ के लिए अबतक 6 समन भेज चुकी है लेकिन वे पूछताछ से लगातार भाग रहे हैं। जांच एजेंसियों के खिलाफ रोज-रोज मुख्यमंत्री के बयानों से संवैधानिक मयार्दाएं तार-तार हो रही है। अगर राज्य का मुख्यमंत्री कानून का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन करने लगे तो फिर आम जनता से कानून पालन करने की बात यह सरकार कैसे कर सकती है।

भाजपा ने कहा कि राज्य के संवैधानिक प्रमुख होने के नाते राज्यपाल अविलंब इन मामलों पर विधिसम्मत कार्रवाई करें।

## भाजपा ने राज्य सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सदन के भीतर नियोजन सहित अनुबंध पर नियुक्त कर्मचारियों को नियमित करने की बात को रखते हुए भाजपा के विधायकों ने नारेबाजी की। इस दौरान विधानसभा स्पीकर नाराज हो गये। उन्होंने भाजपा के दो विधायकों भानुप्रताप शाही और विरंची नारायण का पूरे सत्र से निलंबित कर दिया। वहीं, जेपी पटेल को भी बाहर कर दिया। इसके बाद भाजपा के विधायक स्पीकर की कार्यवाही का विरोध करते हुए वॉक आउट कर गये। स्पीकर की ओर से की गई इस कार्यवाही को भाजपा के विधायकों ने प्रतिशोध से



प्रेरित बताया। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि संसद में सांसदों को निलंबित किये जाने का प्रतिशोध यहां लिया गया है। सदन के बाहर बातचीत के दौरान नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि सदन को उठाये गये कदम पर विचार करना चाहिये। विधायकों को निलंबित करना उचित नहीं है। विधायक अगर सदन के भीतर बात नहीं रखेंगे तो कहां रखेंगे। उन्होंने कहा कि हम पार्टी के निर्णय के साथ हैं। स्पीकर को इस पर विचार करने की जरूरत है। सदन के बाहर प्रदर्शन करते हुए भाजपा विधायकों ने उठाये गये इस कदम को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। विधायक अमित मंडल ने कहा कि संसद का मुद्दा अलग था और यहां का मुद्दा अलग था। स्पीकर के उठाये कदम को उन्होंने गलत बताया।

## राज्य सरकार लोकतंत्र का गला घोंट रही : बाउरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि राज्य में हजारों युवा बेरोजगार, पारा शिक्षक, अनुबंध कर्मी, संविदा कर्मी सरकार के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं। श्री बाउरी सदन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने युवाओं, बेरोजगारों की भावनाओं को समझते हुए उनके सवालों को सदन में गंभीरता से उठाने का निश्चय



किया। उन्होंने कहा कि पार्टी के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण, सचेतक जेपी पटेल, विधायक भानु प्रताप शाही ने इस संबंध में सदन के भीतर कार्य स्थगन प्रस्ताव लाया था। उन्होंने कहा कि यह युवा विरोधी सरकार इससे भागतर दिखी तथा एक कदम बढ़कर लोकतंत्र की हत्या करने पर उतारू हो गई। उन्होंने कहा कि विधायक बिरंची नारायण, भानु प्रताप शाही का निलंबन लोकतंत्र की हत्या है। उन्होंने कहा कि सत्ता के अहंकार में हेमंत सरकार राज्य के युवाशक्ति को कुचलना, अपमानित करना चाहती है। उन्होंने कहा कि युवा अब अंगड़ाई ले चुका है।

# कल से देख रहा हूं, सदन से इन्हें बाहर निकालो : स्पीकर

उदय चौहान

**रांची।** फिर झारखंड विधानसभा में नया रिकार्ड बना। स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने एक साथ भाजपा के दो विधायकों बिरंची नारायण और भानु प्रताप शाही को निलंबित कर दिया। उन्होंने कहा कि कल से देख रहे हैं, दोनों विधायक सदन की गरिमा को तार-तार कर रहे हैं, हंगामा कर रहे हैं और समझाने पर भी समझते नहीं हैं। दरअसल, शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन भी विधानसभा में भाजपा विधायकों ने प्रदर्शन किया। भाजपा के विधायक आसन के पास आये और स्पीकर के सामने जमकर हंगामा किया। वहीं दूसरी पाली में भाजपा के कोई भी विधायक सदन में नहीं पहुंचे। इसके चलते कटौती प्रस्ताव ध्वनि मत से खारिज कर दिया गया। वहीं,





8111 करोड़ की अनुपूरक मांग सदन से स्वीकृत किया गया। इसके पहले विधानसभा के मेन गेट पर भाजपा विधायकों ने प्रदर्शन किया। शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन भी भाजपा विधायकों ने विधानसभा के बाहर और अंदर जमकर हंगामा किया था। स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो ने कल भी नेताओं के इस व्यवहार को लेकर फटकार लगाई थी।

**भाजपा विधायक बिरंची और भानु निलंबित :** स्पीकर ने भाजपा विधायक बिरंची नारायण और भानु प्रताप शाही को सस्पेंड कर दिया। दोनों विधायकों को सदन से मार्शलों ने विधानसभा से निकाला। भाजपा विधायकों के हंगामे पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि दिल्ली में सांसद निलंबित किये जा सकते हैं तो यहां बिना कारण हंगामा करने वाले विधायक भी निलंबित हों। इसपर स्पीकर ने कहा कि उनकी बात से वे भी सहमत हैं। सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होने के बाद भी भाजपा के प्रदर्शन के बाद स्पीकर ने निलंबन की कार्रवाई की।

## खबर एक नजर में

### अब 12 जनवरी तक दे सकते हैं 2024-25 के बजट के लिए बजट प्राक्कलन व सीओबीटी

**रांची।** वित्त विभाग ने अगामी वितीय वर्ष 2024-25 के लिए झारखंड का बजट प्राक्कलन व सीओबीटी समर्पित करने की समय सीमा बढ़ा दी है। अब 12 जनवरी 2024 तक सभी विभागों को बजट प्राक्कलन समर्पित करने का निर्देश दिया गया है। इससे पहले सामान्य बजट प्राक्कलन का 8 दिसंबर व फिर इसे बढ़ा कर 15 दिसंबर तक किया गया था, लेकिन अधिकांश विभागों ने अभी तक प्राक्कलन तैयार नहीं किया है। ऐसे में एक बार फिर 12 जनवरी तक अवधि विस्तार दिया गया है।

### राजीव कुमार कैश कांड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की सुनवाई आज भी रहेगी जारी

**रांची।** हाई कोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार कैश कांड से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी कारोबारी अमित कुमार अग्रवाल की ईडी कोर्ट द्वारा डिस्चार्ज अर्जी खारिज किए जाने को चुनौती देने वाली क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई आज बुधवार निर्धारित की है। दरअसल, ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने 6 अप्रैल 2023 को अमित कुमार अग्रवाल की डिस्चार्ज याचिका को खारिज कर दिया था, जिसे उन्होंने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। मामले में ईडी कोर्ट ने अमित अग्रवाल के खिलाफ आरोप भी गठित कर दिया। बता दें कि ईडी ने 13 अक्टूबर 2022 को राजीव कुमार एवं अमित अग्रवाल के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था।

### सिपाही से एएसआई प्रमोशन मामले में हाईकोर्ट में आज राज्य सरकार की ओर से होगी बहस

**रांची।** झारखंड पुलिस के आरक्षियों (सिपाही) की याचिका पर हाईकोर्ट में बुधवार को भी सुनवाई जारी रहेगी। न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की अदालत में मंगलवार को प्रतिवादियों की ओर से बहस पूरी कर ली गयी। अब बुधवार 20 दिसंबर को राज्य सरकार और अन्य प्रार्थियों की ओर से बहस की जायेगी। हाईकोर्ट में दायर याचिका में पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी अंतिम वरिष्ठता सूची को चुनौती दी गयी है। याचिका में कहा गया है कि पुरानी वरीयता सूची नवंबर 2020 में निर्गत की गयी थी। इसे निरस्त किये बिना ही फरवरी 2023 को आरक्षियों की नयी सूची बनाकर उन्हें प्रोन्नत करते हुए उनकी पदस्थापना कर दी गयी लेकिन यह सब बिना आपत्ति निराकरण और आरक्षण का पालन किये बगैर किया गया।

### सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर 24 जनवरी तक रोक बरकरार

**रांची।** ग्यारह अप्रैल 2023 को रांची में सचिवालय मार्च के दौरान सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आग्रह करने वाली याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में प्रार्थी की ओर से बहस की गई। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 24 जनवरी 2024 निर्धारित की है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने प्रार्थी निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक 24 जनवरी 2024 तक जारी रखी है।

### जमीन कारोबारी अफसर अली की जमानत याचिका पर जवाब के लिए इडी ने मांगा समय

**रांची।** बरियातू स्थित सेना की भूमि की खरीद बिक्री घोटाले मामले में आरोपी अफसर अली की जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में इडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से 3 सप्ताह के समय की मांग की गई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति दीपक रोशन की कोर्ट ने ईडी को समय देते हुए मामले की अगली सुनवाई 15 जनवरी 2024 निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि अफसर अली के खिलाफ मामले में आरोप पत्र दाखिल हो गया है और जांच पूरी हो गई है। 14 अप्रैल से न्यायिक हिरासत में जेल में है। इसे देखते हुए उन्हें जमानत प्रदान की जाए।

### वर्ष 2019 से 2023 के बीच झारखंड के हवाई अड्डों पर सात लाख लोगों ने की यात्रा : मंत्री

**रांची।** नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री डॉ विजय कुमार सिंह ने बताया कि झारखंड राज्य में हवाई अड्डों पर वर्ष 2019-20 से 2022-23 तक कुल घरेलू विमान यात्रियों की कुल संख्या 7 लाख 92 हजार थी। दरअसल, राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश ने सदन में मामला उठाया था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2019-20 में 2.48 लाख, 2020-21 में 1.22 लाख, 2021-22 में 1.72 लाख, 2022-23 में 2.50 लाख यात्रियों ने विमान से यात्रा की। 2020.21 में कोरोना काल के समय विमान यात्रियों की संख्या में 50 प्रतिशत की कमी देखी गयी थी।



## पारा शिक्षक अब 28 को मुख्यमंत्री आवास का करेंगे घेराव

# विधानसभा का घेराव करने पहुंचे पारा शिक्षकों को प्रशासन ने रोका

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य में काम कर रहे 62 हजार पारा शिक्षक अपनी विभिन्न मांगों को लेकर विधानसभा का घेराव करने पहुंचे। विधानसभा की ओर बढ़ रहे पारा शिक्षकों को पुलिस ने साईं मंदिर द्वार के पास रोक दिया। पारा शिक्षकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। रांची के धुर्वा थाना इलाके के डीएसपी राजा कुमार मित्रा के नेतृत्व में पुलिस बलों की विशेष तैनाती की गई थी। पारा शिक्षकों की मांगों को देखते हुए उनके समर्थन में विधायक विनोद सिंह, डॉ नीरा यादव, लोबिन हेम्ब्रम, मनीष जायसवाल और अमित मंडल पहुंचे। पारा शिक्षकों के विरोध प्रदर्शन का समर्थन करते हुए विधायक विनोद सिंह ने कहा कि जो भी मांग है उसके लिए सदन में आवाज उठाई जायेगी। 18 से 19 हजार रुपए प्रति माह के वेतन पर काम कर रहे पारा शिक्षकों की मांग जायज है, यदि सरकार उनकी मांगों पर विचार नहीं करती है तो उनके प्रदर्शन के साथ वह खुद भी मौजूद रहेंगे। हालांकि पारा शिक्षकों ने डॉ नीरा यादव के खिलाफ नारे लगाये और विरोध दर्ज कराया।

वहीं अमित मंडल ने भी पारा



शिक्षकों का समर्थन करते हुए कहा कि यदि सरकार उनकी मांगों पर जल्द से जल्द विचार नहीं करती है तो आने वाले दिनों में सभी पारा शिक्षकों के विरोध प्रदर्शन की आवाज वे सदन तक पहुंचाएंगे।

बताते चलें कि विधायक अमित मंडल, मनीष जायसवाल, लोबिन हेम्ब्रम और विनोद सिंह के आने के बाद पर पारा शिक्षकों ने विधानसभा घेराव स्थगित किया, लेकिन उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। शिक्षकों ने कहा कि यदि सरकार ठोस कदम नहीं उठाती है तो 28 दिसंबर को मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जायेगा। घेराव कार्यक्रम में संघर्ष मोर्चा के ह्रषिकेष पाठक, बिनोद तिवारी, प्रद्युम्न कुमार सिंह, विकास कुमार चौधरी, वीरेन्द्र राय, नरोत्तम सिंह मुण्डा, निरंजन कुमार दे, सुशील कुमार पांडेय, नेली लुकस, जया रानी, अभिलाषा झा, शकील अहमद, भागवत तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

**पारा शिक्षकों की प्रमुख मांगें :** वेतनमान एवं राज्यकर्मी का दर्जा, सहायक अध्यापकों को बिना विलंब अल्पसंख्यक विद्यालय की तर्ज पर वेतनमान (9300-34800) एवं बिहार की तर्ज पर राज्यकर्मी का दर्जा प्रदान करने, आकलन/सीटेट को टेट के समतुल्य लाभ देते हुए बिहार राज्य के समान वेतनमान एवं ग्रेड पे देने, दिवंगत शिक्षामंत्री की घोषणा के अनुरूप एवं सहायक अध्यापक सेवा शर्त नियमावली 2021 लागू होने के बाद मृत सहायक अध्यापकों के आश्रित को प्रावधान को लचीला कर अनुकम्पा का लाभ देने एवं कल्याण कोष से 5 लाख का सहयोग देने, सेवानिवृत्ति 60 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष करने जैसी मांगें प्रमुख हैं।

# पुलिस की कार्यशैली पर लंबोदर ने उठाया सवाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आजसू विधायक लंबोदर महतो ने झारखंड पुलिस और उसकी कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किये हैं। श्री महतो ने मंगलवार को सदन में महिलाओं के साथ हुये दुष्कर्म के आंकड़े को दिखाकर कहा कि वे सुरक्षित नहीं हैं जो मामले हुए भी हैं, उनके उद्भेदन में भी पुलिस पीछे है। ऐसे में इतनी लंबी चौड़ी पुलिसिंग का क्या फायदा। उन्होंने आंकड़ा दिखाते हुए कहा कि पुलिस महिलाओं की सुरक्षा नहीं कर कोयला, लोहा और बालू की चोरी में लगी हुई है। उन्होंने सरकार से सवाल पूछे कि आखिर महिलाओं को न्याय कब मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में इन दिनों



सरकार के आपके द्वार कार्यक्रम चल रहा है। मुख्यमंत्री खुद कई जगहों पर जा रहे हैं। उन्होंने सीएम के ट्वीट का हवाला देते हुए बताया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में वे बोलेरो बांट रहे हैं लेकिन हकीकत यह है कि बोलेरो केवल फोटो तक ही सीमित रह जाती है। फोटो खिंचाने के लिए बोलेरो की चाबी दी तो जाती है पर बाद में छीन ली जाती है। लाभुक को लोन तक नहीं मिलता है। ऐसे में सरकार सिर्फ आई वॉश कर रही है।

### नीतिगत फैसलों को सदन में बताना जरूरी : सरयू राय

**रांची।** विधायक सरयू राय ने जमशेदपुर को औद्योगिक नगर घोषित करने के फैसले को लेकर सदन के अंदर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि सरकार ने जमशेदपुर को औद्योगिक नगर घोषित करने का फैसला लिया है। नियम के मुताबिक, चलते सत्र के दौरान अगर सरकार कैबिनेट में कोई नीतिगत फैसला लेती हो तो उसकी सूचना सदन की देनी चाहिये लेकिन, सरकार ने ऐसा नहीं किया। उन्होंने यह भी कहा कि प्रारूप में औद्योगिक क्षेत्र में शामिल होने वाले वार्डों का उल्लेख नहीं है। यह भी उल्लेख नहीं है कि वार्डों से चुने हुये जनप्रतिनिधियों की क्या भूमिका होगी।



## सीसीएल के डीटी ने मोबाइल फोन के उपयोग पर लगाया प्रतिबंध

# काम करने के दौरान मोबाइल उपयोग पर प्रतिबंध

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीसीएल के डीटी (ओ) ने काम करने के दौरान मोबाइल फोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसे लागू करने का निर्देश सभी क्षेत्रों के एरिया जीएम को दिया है। इस बाबत उन्होंने पिपरवार, मगध और संघमित्रा, आम्रपाली और चंद्रगुप्त, एनके, राजहरा, कुजू, अरगडा, बरका-सयाल, रजरप्पा, हजारीबाग, बीएंडके, ढोरी, कथारा, गिरिडीह सहित महाप्रबंधक (एल एंड आर) को पत्र लिखा है। डीटी ने पत्र में लिखा है कि एनसीएल के ब्लॉक बी एरिया के ब्लॉक सीओसी में 13 अक्टूबर, 2023 को एक घातक दुर्घटना हुई थी, जिससे एचईएमएम ऑपरेटर की मृत्यु हो गई। वह ठेकेदार के टिपर ऑपरेटर के रूप में काम कर रहा था। डीटी ने लिखा है कि हादसे की जांच के दौरान पता चला कि टिपर चलाते समय ऑपरेटर मोबाइल फोन पर बात कर रहा था। उसका ध्यान फोन पर था, उसने उचित समय पर ब्रेक नहीं लगाया और दूसरे खड़े टिपर से टकरा गया। डीटी ने एरिया जीएम को सलाह दी है कि ऐसी दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए एचईएमएम/टिपर का संचालन करते समय मोबाइल फोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाएं।

## सुनवाई के दौरान गृह सचिव और डीजीपी वर्चुअली हाजिर हुए

# 1984 के सिख दंगा पीड़ितों का मुआवजा भुगतान जल्द सुनिश्चत करायें: हाईकोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** साल 1984 के सिख दंगा में झारखंड में प्रभावित लोगों को मुआवजा दिलाने एवं सिख दंगा से संबंधित केस क्रिमिनल केस की मॉनिटरिंग करने को लेकर दायर सतनाम सिंह गंभीर की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव एवं डीजीपी कोर्ट में वर्चुअल मोड में उपस्थित हुए और कोर्ट के सवाल का जवाब दिया। कोर्ट को उन्होंने बताया कि पूरे राज्य में करीब 600 केस दर्ज किए थे, इनमें से कई केस में फाइनल फॉर्म दाखिल हो गए हैं, जो केस बचे हैं उनकी मॉनिटरिंग की जा रही है।



कोर्ट में राज्य सरकार को निर्देश दिया कि सिख दंगा के पीड़ितों को जल्द से जल्द मुआवजा भुगतान सुनिश्चित करें। प्रार्थी के अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने जनहित याचिका दायर करने वाले सतनाम सिंह गंभीर को सुरक्षा दिलाने का आग्रह कोर्ट से किया, जिस पर कोर्ट ने सतनाम सिंह गंभीर को सुरक्षा के संबंध में जमशेदपुर एसएसपी के पास आवेदन देने को कहा है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई में राज्य सरकार को मुआवजा भुगतान एवं सिख दंगा के केस अद्यतन स्थिति प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई जनवरी 2024 में होगी।

**चार जिलों में होना है मुआवजे का भुगतान :** राज्य सरकार की ओर से बताया गया था कि तीन जिलों रांची, पलामू और रामगढ़ में पीड़ितों को मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बोकारो में मुआवजा वितरण के लिए अतिरिक्त फंड की जरूरत है। फंड मिलते ही बोकारो में भी भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। प्रार्थी के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया था कि कमीशन ने 4 जिलों में सिख दंगा पीड़ितों को मुआवजा भुगतान करने का राज्य सरकार को निर्देश दिया है। वहीं, राज्य सरकार की ओर से बताया गया था कि हाई कोर्ट द्वारा गठित वन मैन कमीशन की रिपोर्ट आ चुकी है। हाई कोर्ट के आदेश पर सिख दंगा मामले को लेकर रिटायर्ड जस्टिस डीपी सिंह की अध्यक्षता में वन मैन कमिशन बनाई गई है। कमीशन ने अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को दे दी है। झारखंड के सिख दंगे से प्रभावित 4 जिलों रांची, रामगढ़, बोकारो, पलामू के लोगों को मुआवजा देने के संबंध में कमीशन ने आदेश पारित किया है।

# कोल इंडिया ने विभिन्न संवर्ग के अधिकारियों का किया तबादला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/ कोलकाता।** कोल इंडिया प्रबंधन ने विभिन्न संवर्ग के अधिकारियों का बड़े पैमाने पर ट्रांसफर किया है। इन अधिकारियों को एक कंपनी से दूसरी कंपनी भेजा गया है। सभी का तबादला अनुरोध के आधार पर किया गया है।

**इन अफसरों का ट्रांसफर**

सीनियर ऑफिसर (सर्वे) बीआर चौधरी का तबादला एमसीएल से ईसीएल किया गया है। डिप्टी मैनेजर (ईएंडएम) सुश्री आरएस अंजली को एसईसीएल से डब्ल्यूसीएल भेजा गया है। असिस्टेंट मैनेजर (पर्सनल) भारतेंदु कुमार तिवारी को ईसीएल से एनसीएल भेजा गया है। चीफ मैनेजर (ईएंडटी) चंचल कर्माकर का डब्ल्यूसीएल से ईसीएल तबादला किया गया है। चीफ मैनेजर (माइनिंग) जी अनिल को एसईसीएल से डब्ल्यूसीएल भेजा गया है।



चीफ मैनेजर (पर्सनल) मनीष मिश्रा का तबादला ईसीएल से बीसीसीएल भेजा गया है। असिस्टेंट मैनेजर (सचिव) चेतन प्रसाद तिवारी को एनसीएल से एसईसीएल भेजा गया है। डिप्टी मैनेजर (ईएंडएम) सोबित विनायक को एसईसीएल से एनसीएल भेजा गया है। असिस्टेंट मैनेजर (उत्खनन) एस मित्तल को सीएमपीडीआई से कोल इंडिया मुख्यालय भेजा गया है। असिस्टेंट मैनेजर (पर्यावरण) चिराग चोपड़ा को ईसीएल से बीसीसीएल भेजा गया है। सीनियर मैनेजर (पर्सनल) अनिल कुमार दाहत को एसईसीएल से डब्ल्यूसीएल भेजा गया है।

खबर मन्त्र

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

रांची.बुधवार.20 दिसंबर 2023

# शर्मनाक?

इक्कीसवीं सदी में यह शर्मनाक स्थिति है कि तमाम वैज्ञानिक-तकनीकी उन्नति के बावजूद बीते पांच सालों में सीवर व सैप्टिक टैंकों की सफाई के दौरान चार सौ अनमोल जिंदगियां हमने गवां दीं। इस साल भी 48 लोगों के मरने की बात कही जा रही है। निस्संदेह, इसके मूल में जहां तंत्र की विफलता निहित है, वहीं समाज की संवेदनहीनता भी है। विडंबना है कि स्थानीय निकाय और सफाई करवाने वाले लोग इस दौरान मरने वाले सफाई कर्मियों के आश्रितों के पुनर्वास की जवाबदेही से मुक्त रहते हैं। निस्संदेह, ऐसी मौतें बेहद कष्टकारी हैं और विसंगति के समाज के मुंह पर तमाचा है। ये आंकड़े हमारे विकास के थोथे दावों की हकीकत बताते हैं। आखिर क्यों कुछ लोग अपने परिवार के भरण-पोषण के लिये अपना जीवन दांव पर लगाते हैं। आखिर खतरे की आशंका के बावजूद क्यों वे अपना जीवन जोखिम में डालने को बाध्य हैं। क्यों हम ऐसी तकनीकों का प्रयोग नहीं कर पाये जो सफाई कर्मियों को चेता सकें कि सीवर या सैप्टिक टैंक में जहरीली गैस विद्यमान है। क्यों सफाई कर्मी पर्याप्त सुरक्षा व जीवन रक्षा उपकरणों के न होने के बावजूद मौत के कुओं में उतरते हैं। कई बार खतरे में फंसे व्यक्ति को बचाने के प्रयास में कई लोग जान गवां बैठते हैं। यदि समय रहते बचाव व राहत के उपाय अमल में लाये जाएं तो कई जानें बचायी जा सकती हैं। निस्संदेह, यह राहत की बात है कि लंबे सामाजिक आंदोलनों व कतिपय राजनेताओं की सार्थक पहल के बाद देश हाथ से मैला ढोने के कलंक से मुक्त हो पाया है। दरअसल, हाथ से मैला ढोने के रोजगार निषेध और पुनर्वास अधिनियम 2013 के अमल में आने से इसे रोका जा सका है। यह प्रश्न परेशान करता है कि क्यों आज भी लाखों लोग सैप्टिक टैंकों व सीवर की सफाई के जोखिम भरे कार्य को करने के लिये बाध्य हैं।

# सही दिशा

समग्र स्वास्थ्य की दृष्टि से देखभाल करने में व्यक्ति या जन-केंद्रित देखभाल प्रणाली शामिल होती है जो मन, शरीर और आत्मा को संबोधित करने वाली तरकीबों को भलीभांति एकीकृत करती है। संपूर्ण व्यक्ति और भागीदारी इसमें प्रमुख नियामक होते हैं। इसका तात्पर्य स्वास्थ्य और बीमारी की एक प्रकार की गतिशील समझ से है। समानता, प्रभावशालिता , सुरक्षा, नैतिकता, किफायती लागत, पारस्परिक संवेदनशीलता तथा सामाजिक दुनिया के साथ संबंध जैसे मानदंडों को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य का देखभाल करने वाली प्रणाली स्थापित करना बड़ी चुनौती है। संपूर्णता के रूप में स्वास्थ्य को शरीर तक सीमित नहीं किया जा सकता। इसके लिए अध्ययन विषयों की सीमाओं को पार करने और जन-केंद्रित दृष्टिकोणों की ओर बढ़ने की आवश्यकता होगी। इस तरह का एक एकीकृत दृष्टिकोण भारत की राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति-2017, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन-2020 और वैश्विक स्तर पर स्वीकृत किए गए सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के अनुरूप है। यह खुशी की बात है कि 2014 में भारत सरकार ने आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी प्रणालियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए आयुष मंत्रालय की स्थापना की और इन चिकित्सा प्रणालियों को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं।

देश में चिकित्सा सेवा की प्रभावी उपस्थिति देश को विश्व के शीर्ष देशों में शामिल करने में मदद करेगा। आज दुनिया के जितने भी विकसित देश है उनमें चिकित्सा सेवा और लोगों के स्वास्थ्य को लेकर अत्यधिक जागरुकता है। यही जागरुकता धीरे-धीरे देश में भी आ रही है। स्वास्थ्य सेवा की बेहतर पहुंच के साथ शिक्षा और स्वास्थ्य शिक्षा के प्रसार का असर देश के हर क्षेत्र में हो रहा है।

# किस दिशा में जा रहा लोकतंत्र का चौथा स्तंभ

**भारत** से प्रकाशित होने वाला पहला समाचार पत्र बंगाल गजट या कलकत्ता जनरल एडवरटाइजर था इस समाचार पत्र के शीर्षक के ठीक नीचे लिखा होता था--विकली पोलिटिकल एंड कमर्शियल पेपर ओपन टू ऑल पार्टीज बट इंस्पायर्ड बाय नन। भारतीय पत्रकारिता का आदि संकल्प इसे ही माना जाता है। लेकिन ' रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स' द्वारा प्रकाशित विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में इस वर्ष 2022 में 180 देशों की सूची में भारत को 150 वां स्थान मिला है पिछले वर्ष 142 वां स्थान मिला था, जबकि 2016 में 133 स्थान था। आज सोशल मीडिया के युग में जब सभी को अपनी बातें खुलकर कहने का अधिकार है तब भी भारत में प्रेस/मिडिया की स्वतंत्रता पर अनेक प्रश्न उठ खड़े हुए हैं।

अडानी ग्रुप द्वारा एनडीटीवी के अधिकांश शेयर खरीद लेने के बाद पूरे देश में उद्योगपति द्वारा मीडिया पर प्रभाव को लेकर हाय तौबा मचाया जा रहा है लेकिन प्रेस/मीडिया पर उद्योगपतियों का वर्चस्व कब नहीं था और सरकार द्वारा कब इसे काबू करने का प्रयास नहीं किया? क्या आपको पता है कि 1780 में प्रकाशित प्रथम समाचार पत्र जेम्स आगस्टस हिक्की के ' बंगाल गजट' को कंपनी सरकार की आलोचना के बाद बंद करा दिया गया था। इसे छापने वाले प्रेस को ही जब्त कर लिया गया था। अखबारों में प्रतिबंध के तहत 1799 ईसवी में लॉर्ड वेलेजली द्वारा' पत्रों का प्रक्षेपण अधिनियम' और जॉन ऐडम्स द्वारा 1823 ईसवी में 'अनुज्ञप्ति नियम' लागू किए गए जिसके कारण उर्दू का प्रसिद्ध अखबार राजा राममोहन राय द्वारा शुरू किया गया 'मीरातुल अखबार' बंद हो गया।

1857 ईसवी के स्वतंत्रता संग्राम के बाद समाचार पत्रों की संख्या में वृद्धि हुई और यह सरकार के मुखर आलोचक बन गए। देश में भीषण अकाल पड़ा, जिसमें लगभग 60 लाख लोग काल के ग्रास बन गए ।लेकिन जनवरी 1877 में इस सबसे बेखबर अंग्रेज सरकार ने दिल्ली दरबार आयोजित कर अपार फिजूलखर्ची की । 1858 के बाद यूरोपीय प्रेस ने हमेशा राजनीतिक विवादों में सरकार का समर्थन किया जबकि स्थानीय प्रेस ने सरकार की आलोचना की। इन समाचार पत्रों के प्रभाव से लोग राजनीतिक मुद्दों के बारे में अधिक जागरूक हो गए और वह धीरे-धीरे अपने






-सत्यनारायण गुप्ता

> फिर निजी करण का दौर आया जिसमें निजी टीवी चैनल तथा इंटरनेट के माध्यम से सूचना का निर्बाध प्रवाह लोगों तक हुआ। निजी टीवी चैनलों के मालिक पूंजीपति और उद्योगपति ही है। हां, प्रिंट मीडिया की विश्वसनीयता अब भी कमोबेश बरकरार है ।जहां तक सोशल मीडिया का प्रश्न है तो यह तो आपके हाथ में है। बस फेंक न्यूज के झांसे में न आएं।

अधिकारों के बारे में सवाल पूछने लगे परिणाम स्वरूप लॉर्ड लिटन ने सरकार के सर्वोत्तम हित में 1978 में वनार्कुलर प्रेस अधिनियम बनाया जिसमें जिलों के मजिस्ट्रेटों को यह अधिकार दिया गया था कि वह किसी भी प्रकार के मुद्रक और प्रकाशक को एक बॉन्ड में प्रवेश करने के लिए बुला सकते हैं। सरकार की अनुमति के बिना सरकार के खिलाफ असंतोष की भावनाओं को बढ़ावा देने वाली किसी भी चीज को प्रकाशित नहीं करने का वचन दिया जाता था। बांड का उल्लंघन करने पर मजिस्ट्रेट के पास जमा राशि को जब्त कर लिया जा सकता था ।दोबारा यह अपराध करने पर उसका प्रेस जप्त कर लिया जाता था मजिस्ट्रेट का फैसला अंतिम था उसके ऊपर कोई अदालत नहीं था। वनार्कुलर प्रेस एक्ट 'सोमप्रकाश' नामक पत्र को लक्ष्य बनाकर लाया गया था, जबकि इस एक्ट के से बचने के लिए बांग्ला भाषा में प्रकाशित होने वाली 'अमृत बाजार पत्रिका' रातों-रात अंग्रेजी भाषा में छपने लगी ?।

बंगाल विभाजन के उपरांत उत्पन्न असंतोष को अखबारों द्वारा दिए जाने वाले स्वर को दबाने के लिए लॉर्ड कर्जन ने 1908 में समाचार पत्र अधिनियम लागू किया ?इस अधिनियम में व्यवस्था की गई थी कि जिस अखबार के लेख में हिंसा व हत्या को प्रेरणा मिलेगी उसके छापा खाने व संपत्ति को जब्त कर लिया जाएगा। 1910 के भारतीय समाचार पत्र अधिनियम में व्यवस्था थी कि समाचार पत्र के प्रकाशक को कम से कम ?500 अधिक से अधिक 1000 जमानत के रूप में स्थानीय प्रशासन को देना होता था ।रद्द होने के बाद दोबारा शुरू करने के लिए ? 1000 से ?10000 तक जमा होता था। इसके बाद भी तथाकथित आपत्ति जनक सामग्री प्रकाशित करने पर अखबार की समस्त प्रतियां जब्त करने जा अधिकार सरकार को था। प्रथम विश्व युद्ध के समय भारत सुरक्षा अधिनियम पासवर्ड राजनीतिक आंदोलन एवं स्वतंत्र आलोचना पर प्रतिबंध लगा दिया गया था 1921 ईस्वी में तेज बहादुर सप्रू की अध्यक्षता में एक प्रेस इंक्वायरी कमिटि गठित की गई इसी समिति के सुझावों पर 1908 व 1910 के प्रेस अधिनियमों को समाप्त किया गया। लेकिन 1931में इंडियन प्रेस इमरजेंसी एक्ट लागू हुआ ।इसके द्वारा 1910 के कानून को फिर से लागू कर दिया गया और इसे विस्तृत कर क्रिमिनल अमेंडमेंट एक्ट अथवा आपराधिक संशोधन अधिनियम लागू किया गया।गांधीजी के सविनय अवज्ञा आंदोलन को दबाने के लिए इस कानून का भरपूर उपयोग किया गया।

1947 में भारत स्वतंत्र हुआ और 1950 में भारत का संविधान लागू हुआ। जिसके अनुच्छेद 19(1)(क) प्रेस और मीडिया की स्वतंत्रता की बात कही गई है ।इस अनुच्छेद में कहा गया है कि ₹सभी नागरिकों को वाक एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार होगा।₹ लेकिन यह स्वतंत्रता निर्बाध नहीं है। अनुच्छेद 19 (2) में कहा गया है कि भारत की संप्रभुता और अखंडता के हितों से संबंधित मामले में ,राज्यों की सुरक्षा ,विदेशी राज्य के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध ,सार्वजनिक व्यवस्था ,शालीनता या नैतिकता या न्यायालय की अवमानना के संबंध में मानहानि या अपराध का प्रोत्साहन के मामले में इस स्वतंत्रता को प्रतिबंधित किया जा सकता है।

स्वतंत्र भारत में अधिकांश समय एक दल के प्रभुत्व वाली शासन व्यवस्था ही रही है। इसलिए यहां विपक्ष की भूमिका कमोबेश प्रेस के द्वारा ही निभाया गया है। हालांकि आपातकाल के दौरान इसमें ग्रहण लगा था। जहां तक इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का प्रश्न है तो पिछली सदी में 90 के दशक तक आकाशवाणी और दूरदर्शन सरकार के ही अधीन थे और उसी चाह भाषा बोलते थे। फिर वैश्वीकरण और निजी करण का दौर आया जिसमें निजी टीवी चैनल तथा इंटरनेट के माध्यम से सूचना का निर्बाध प्रवाह लोगों तक हुआ। निजी टीवी चैनलों के मालिक पूंजीपति और उद्योगपति ही है।र जाहिर है इन चैनलों की संपादकीय नीति अपने मालिक को नाखुश करने वाली तो होगी नहीं। हां, प्रिंट मीडिया की विश्वसनीयता अब भी कमोबेश बरकरार है । जहां तक सोशल मिडिया का प्रश्न है तो यह तो आपके हाथ में है।बस फेंक न्यूज के झांसे में न आएं और किसी पोस्ट को फारवर्ड करने के पहले हजार बार सोचें।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## खास बात

### चेतना का कथाकार

एनके मुरलीधर

**अनंतमूर्ति** इस मायने में भी विशिष्ट रहे कि अंग्रेजी के अपने दखल और दानिशमंदी को उन्होंने अपनी अभिव्यक्ति पर हावी नहीं होने दिया और लगातार कन्नड़ में ही लिखते रहे। इस लिहाज से वे ठेठ भारतीय लेखक थे। प्रश्न, प्रतिपक्ष और प्रतिबद्धता, ये तीन बीज शब्द हैं जिस आधार पर हम युगीन संदर्भ पर छा जाने वाले किसी लेखक की महत्ता को जानते-आंकते हैं। एक ऐसे दौर में जब कलम और समझौते की दूरी एक मजबूत पर खतरनाक साझे के तौर पर उभर रही है, वैसे में हम जिन भारतीय लेखकों के पास जाकर अपनी निराशा धो सकते हैं, यूआर अनंतमूर्ति का नाम उनमें काफी ऊपर है। ऐसा इसलिए नहीं कि उनके लेखन की सार्वकालिकता का विस्तार आपवादिक रूप से सबसे बड़ा है। बल्कि इसलिए कि वे समकालीनता के प्रश्नों से सर्वाधिक जूझते हैं, उनके बीच मनुष्य और संवेदना के लिए रास्ता खोजने-बताने का रचनात्मक बीड़ा उठाते हैं।महान कथाकार ने नवाधुनिक संदर्भों के बीच विचार और जीवन को जितना गहरा अपनी रचनाओं में बुना है, वह दुर्लभ है। भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित कन्नड़ के इस यशस्वी साहित्यकार का जन्म कर्नाटक के शिमोगा जिले के तीर्थहल्ली नगर में 1932 में हुआ। मैसूर विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद उन्होंने 1956 में वहीं पर अंग्रेजी विभाग में अध्यापन-कार्य आरंभ किया।

इसके बाद उन्होंने बर्मिंघम यूनिवर्सिटी (यूके) से पीएचडी की उपाधि पाई और अध्यापन के लिए कई विश्वविद्यालयों से जुड़े। वे महात्मा गांधी विश्वविद्यालय, कोट्टयम के उपकुलपति और राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के अध्यक्ष भी रहे। अनंतमूर्ति की 20 से अधिक कृतियां प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें भव, संस्कार, भारतीपुर और अवस्थेशीर्षक उपन्यासों के अलावा पांच आलोचनात्मक किताबें हैं। वे अपने लेखन से न सिर्फ भारत बल्कि विश्व साहित्य के फलक पर भी चर्चा में रहे।

कई कृतियां भारतीय भाषाओं के अलावा अंग्रेजी, फ्रेंच, रूसी, जर्मन और बुलगेरियन आदि विश्व की प्रमुख भाषाओं में भी अनुदित हो चुकी हैं। भारत सरकार ने पद्मभूषण से नवाजा।

**अजीब** तरह के लोग हैं
इस दुनिया में,
अगरबत्ती भगवान के लिए खरीदते हैं
और खुशबु ,
खुद की पसंद की तय करते हैं..

– अनुपम खेर, अभिनेता

## आपके ट्वीट

**दुमका** प्रवास के दौरान आज यहाँ लोगों के साथ मुलाकात कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुनने का सौभाग्य मिला।

– हेमंत सोरेन, सीएम झारखंड





**मैं** लगातार चीन की कार्रवाई को लेकर सचेत कर रहा हूं। चीन गंभीर तैयारी कर रहा है। भारत सरकार को इस दिशा में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। समय से कार्रवाई करना भारत के लिए कठिन होगा।

– राहुल गांधी, सांसद

# बाहरि भीतरि एको

## विचार-प्रवाह

मोहन मैत्रेय

**गुरु** जी ने चक नानकी (आनंदपुर साहिब) की नींव रखी। गुरु जी ने धर्म प्रचार हेतु मालवा बांगर आदि की यात्रा के उपरांत पूर्व की ओर प्रस्थान किया। आगरा, प्रयाग, काशी, गया होते हुए पटना पहुंचे। वे बाहरि भीतरि एको की बात पर सहमत थे। पटना में निवास के समय वहां के राजा जयसिंह के पुत्र रामसिंह की प्रार्थना पर आसाम की यात्रा की। इधर, पंजाब में मुगल सम्राट का आतंक बढ़ रहा था, लोगों के दुख निवारणार्थ गुरु जी आनंदपुर लौट आये। औरंगजेब ने हिन्दुओं को मुसलमान बनाने का अभियान छेड़ दिया था। कश्मीर की स्थिति अत्यंत भयानक थी। जब कश्मीर के लोगों को अपनी रक्षा का कोई उपाय नहीं सूझा तो वहां के कुछ ब्राह्मणों ने गुरु जी की शरण में आनंदपुर आकर रक्षा तथा सहायता की गुहार लगायी। गुरु जी के मुख से निकला कि किसी महापुरुष के बलिदान के बिना धर्म की रक्षा असंभव है। यह सुनकर गुरु जी के नौ वर्षीय पुत्र गोविन्द राय ने उनसे कहा कि इस घोर कलियुग में आप सदृश पवित्र आत्मा वाला परोपकारी अन्य कौन हो सकता है? आप ही इनके धर्म की रक्षा कीजिए। गुरु जी ने आगंतुकों से कहा कि यह संदेश औरंगजेब को पहुंचा दो कि यदि गुरु तेग बहादुर इस्लाम धर्म को स्वीकार कर ले, तो हम भी इस्लाम स्वीकार कर लेंगे। संदेश मिलते ही मुगल सम्राट ने गुरु जी को दिल्ली पहुंचने का आदेश दे दिया।

गुरु तेग बहादुर को अपने वचन का पालन करना था। वह दिल्ली गये, जहां साम, दाम, दंड, भेद सभी प्रकार के हथकंडे औरंगजेब ने अपनाए, गुरु जी को अनेक यातनाएं दी गयीं।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### अपनी ताकत

**भारत** में वैश्विक महामारी कोरोना का दूसरा विषाणु केरल में मिला है। इसका प्रकोप दुनिया के दूसरे देशों में। इसका कारण है रसोई घर के मसालों का दवाओं की तरह काम करना। प्राचीन आयुर्वेद पद्धति आधुनिक चिकित्सा से बिल्कुल भी बौनी नहीं है। लेकिन इस पद्धति को देश में प्रोत्साहित करने के लिए सरकारों की रुचि कम रही है। यह समस्या जटिल है।

– राजेश चौहान, जमशेदपुर

### मान्यता मिले

**देश** में इसे ऐसा क्षेत्र नहीं माना जाता, जिसमें कोई करियर बनाने का विचार कर सके। कई देशों की सरकारें ई-स्पोर्ट्स और इसके खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दे रही हैं। भारत में युवा प्रतिभाओं की संख्या बहुत ज्यादा है, जिन्हें पहचानने की जरूरत है। जब अन्य सभी खेलों को वैध माना जाता है तो ई-स्पोर्ट्स को क्यों नहीं? देश में इस खेल को भी मान्यता मिलनी चाहिए।

–वरुण सैनी, रांची

# राम कथा: आचरण और आदर्श का अप्रितम उदाहरण



अजयदीप बाधवा

राम कथा में एक प्रसंग है कि जब श्री राम लंका विजय हेतु प्रस्थान को तत्पर थे तब उन्होंने शिव भगवान की पूजा करने के तैयारी की। पूजा की तैयारी तो हुई, पर समस्या पुजारी की आई। उस समय शिव पूजा के सबसे ज्ञानी पुजारी रावण था, पर वह क्यों आने को रहा! राम यह पूजा उसी को पराजित करने के लिए ही तो कर रहे थे! पर रावण को फिर भी पुजारी बनने की सूचना भेजी गई। शिव पूजा हो तो रावण मना नहीं कर सकता था; वह पूजा करवाने हेतु आने को मान गया। उसे यह भी ज्ञात था कि पूजा के दौरान श्री राम उसका वध नहीं करेंगे क्योंकि पुजारी अवध होता है, उसका वध नहीं किया जा सकता। निश्चित समय पर रावण पुजारी के रूप में पूजा करवाने हेतु अपने पुष्पक विमान से आया। पूजा के प्रारंभ में उसने अपने यजमान श्री राम को अपने पत्नी को बुलाने को कहा क्योंकि पत्नी रहते कोई भी पूजा बिना पत्नी के साथ के नहीं हो सकती। श्री राम ने अब अपनी समस्या बताई कि उनकी पत्नी को लाना संभव नहीं है क्योंकि वह रावण के ही कब्जे में है। पूजा में पुजारी का यह कर्तव्य होता है कि अगर यजमान के पास पूजा के किसी प्रावधान को पूरा करने की क्षमता नहीं है तो पुजारी उस का समधान ढूंढे। रावण ने अपने विमान से सीता को बुलवाया। सीता की एक ही शर्त थी कि श्री राम पूजा के बाद उन्हे छल से नहीं, बल्कि बल से रावण से छुड़ा के ले जाएं, इस कारण वो पूजा के बाद फिर अपने बंदी स्थान पर चली जायेंगी, ताकि राम रावण से बाद में युद्ध कर उसका वध करें और उन्हें (सीता को) ससम्मान घर ले जाएं! श्री राम ने इस मयार्दा का पूरा पालन किया और पूजा के बाद सीता को वापस बंदी गृह जाने दिया। यह अद्भुत कथा हमें अपने कर्तव्यों की याद दिलाती है। श्री राम ने युद्ध के पूर्व शिव भगवान की पूजा करना अपना कर्तव्य समझा और उस समय के सबसे ज्ञानी पुरुष रावण को पुजारी के रूप में बुलाया। रावण ने, यह जानते हुए भी कि यह पूजा उसके वध के लिए ही हो रही है, एक पुजारी के रूप में अपने कर्तव्य को समझा। इस कारण वह आया और पूरी पूजा को विधिसम्मत तरीके से संपन्न करवाया। सीता ने भी एक पत्नी के रूप में अपना कर्तव्य निभाया और पूजा में आईं। साथ ही, एक पत्नी के रूप जो उनका इच्छा थी कि उनका पत्नी उन्हें अपने साहस से युद्ध कर के जीत के बाद सम्मान पूर्वक ले जाए, न कि एक कायर के रूप में समझौता कर के, उसको भी पूरा किया। सीता को भी यह ज्ञात था कि रावण वध ही श्री राम को विष्णु अवतार के रूप में स्थापित करेगा, इस कारण वो यह भी चाहती थी कि श्री राम रावण का वध अवश्य करें। भारतीय संस्कृति की यह अद्भुत गाथा हमारे लिए एक संदेश है कि हमें अपने कर्तव्य को सदा करते रहना चाहिए, परिणाम तो ऊपर वाले के हाथ में है। (लेखक कॉस्ट व मैनेजमेंट अकाउंटेंट हैं।)

## धर्म



# हजारीबाग,केरेडारी की नेत्रहीन गीता इंडियन बुमेन क्रिकेट टीम में उप कप्तान



रंजन चौधरी

वैसे तो झारखंड की रत्नगर्भा धरती ने खेल जगत को एक से बढ़कर एक रत्न दिया है। खेल के विभिन्न विधाओं में कई ऐसे नाम हैं जिन्होंने झारखंड का नाम विश्व पटल पर अपने खेल निष्ठा के विलक्षण प्रतिभा से लहराया है। क्रिकेट की अगर बात की जाए तो झारखंड ने कई बड़े नाम दिए। जिसमें भारतीय टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी, सौरभ तिवारी, वरुण एरोन, शनबाज नदीम, अनुकूल रॉय, महिला क्रिकेटर शुभलक्ष्मी शर्मा प्रमुख हैं। लेकिन नेत्रहीन क्रिकेटर की बात की जाय तो झारखण्ड के नेत्रहीन क्रिकेटर सुजीत मुंडा का नाम सबके जेहन में स्वतः आता है। इन्होंने ब्लाइंड टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की हुई शानदार जीत में अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभाया था ।

झारखंड के इतिहास में पहली महिला क्रिकेटर की बात होगी तो हजारीबाग की बेटी शुभ लक्ष्मी शर्मा हैं जिन्होंने देश का प्रतिनिधित्व किया है। इस कड़ी में उत्तरी छोटागपुर प्रमंडल मुख्यालय हजारीबाग जिले का नाम एक बार फिर सुर्खियों में हैं जब जिले के केरेडारी प्रखंड क्षेत्र की बेटी नेत्रहीन महिला क्रिकेटर के रूप भारतीय ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम की उप कप्तानी कर रही है। नेत्रहीन महिला क्रिकेटर कोई ओर नहीं बल्कि हजारीबाग जिले के केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के सलगा ग्राम निवासी दुखन महतो और चम्पा देवी की पुत्री गीता महतो हैं। गीता महतो का जन्म 20.07.2004 को हुआ। उनके पिता दुखन महतो फिलहाल झारखंड की राजधानी रांची में कैटरिंग का व्यवसाय करते हैं और माता गृहणी हैं। गीता महतो के उप कप्तानी में भारतीय ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम ने हाल ही में मुंबई में आयोजित पांच दिवसीय क्रिकेट के फाइनल में नेपाल को हराकर हिंदुस्तान का परचम लहराया है। गीता महतो एक किसान परिवार से ताल्लुक रखती हैं और गीता ने शुरू से ही राजधानी रांची के संत माइकल ब्लाइंड स्कूल में अपनी पढ़ाई की है और यही से क्रिकेट खेलना शुरू किया। गीता इन दोनों दिल्ली यूनिवर्सिटी में हिंदी जनरलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन से ग्रेजुएशन भी कर रही हैं। गीता बचपन से ही धुन की पक्की और कुछ कर गुजरने का सपना लिए क्रिकेट के क्षेत्र में अपने प्रदर्शनों में निखार लाती रही। गीता एक भाई और दो बहन हैं। गीता क्रिकेट के क्षेत्र में अपना आदर्श खिलाड़ी कैप्टन कूल महेंद्र सिंह धोनी को मानती हैं। उनके चयन में क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन झारखंड का महत्वपूर्ण योगदान है। गीता के निरंतर मेहनत और सही मार्गदर्शन के साथ परिवार का प्रोत्साहन ही उनके अबतक के सफलता का राज है ।

गीता समाज के लिए प्रेरक हैं और उनके दिलेरी और जज्बे को हम सलाम करते हैं साथ ही ईश्वर से उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी करते हैं ।

(मीडिया प्रतिनिधि, सदर विधायक, हजारीबाग ।)

## गौरव गाथा




संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### परवरिश के निदेशक हुये सम्मानित



**कुजू।** परवरिश एडुकेयर स्कूल के निदेशक शैलेंद्र कुमार को शिक्षायान राष्ट्रीय सम्मान 2023-24 सत्र के लिए, उनकी उत्कृष्टतम सेवाओं व शिक्षा के क्षेत्र में 22 वर्षों के लिए किये गए उत्कृष्ट परिवर्तन के लिए सम्मानित किया गया। होटल चाणक्य, पटना में प्रिंसिपल सेक्रेटरी - बिहार सरकार एन विजयलक्ष्मी (आई ए एस) के उपस्थिति में पदमश्री कपिलदेव प्रसाद द्वारा शॉल ओढ़ाकर तथा सिक्किम, मेघालय और मणिपुर के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद द्वारा स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया। स्कूल के प्रबंध निदेशक विकास कुमार सिंह, संयोजक प्रकाश रंजन,प्राचार्या नेहा राज बैनर्जी, कोर्डिनेटर रश्मि कुजुर, नाजो खातून, कंचन प्रसाद, संगीता, अर्चना, शांति,आकांक्षा आदि शिक्षकों के अलावा अन्य शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मियों ने बधाई दी है।

### जोहार रैली को लेकर बैठक आज

**कुजू।** जदयू रामगढ़ जिलाध्यक्ष ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू ने बताया कि बुधवार को रामगढ़ मे आयोजित नीतीश जोहार रैली को लेकर नयामोड़ में बैठक आहूत किया है। उन्होंने कहा कि बैठक में जिला पदाधिकारियों संग नीतीश जोहर रैली को सफल बनाने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की जाएगी। उन्होंने जिला में निवास कर रहे प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी समेत पंचायत अध्यक्ष व सक्रिय कार्यकर्ता को बैठक में शामिल होने की अपील की है।

### अभाविप ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बेहतर शिक्षा सहित अन्य सुविधाओं को ले अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मंगलवार को जेएम कॉलेज भुरकुंडा के प्राचार्य विद्यानंद तिवारी को पांच सूत्री मांग-पत्र सौंपा है। सौंपे गए मांग-पत्र में महाविद्यालय में विद्यार्थियों का नियमित क्लास कराने, खेल शिक्षक की बहाली और छात्रों के बीच शारीरिक एवं मानसिक विकास हेतु खेल प्रतियोगिता का आयोजन कराने, महाविद्यालय में पर्यावरण जागरूकता के साथ-साथ प्लास्टिक मुक्त बनाने, पढ़ाई जा रहे सभी विषयों में शिक्षक की कमी को पूरा करने और महाविद्यालय में यथाशीघ्र पोस्ट ग्रेजुएट की पढ़ाई चालू कराने की मांग शामिल है।जिला संयोजक शुभम गिरी ने कहा की महाविद्यालय यथा शीघ्र परिषद की मांगों को पूरा करें। अन्यथा अभाविप महाविद्यालय में उग्र आंदोलन के लिए बाध्य

### बच्चों के बीच स्वेटर व टोपी वितरित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सयाल उत्तरी पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र में मंगलवार को नन्हे-मुन्ने बच्चों के बीच स्वेटर एवं टोपी का वितरण किया। इस दौरान पंचायत की मुखिया आशा देवी एवं झामुमो नेता सह मुखिया प्रतिनिधि सत्येन्द्र यादव द्वारा पांच आंगनबाड़ी केंद्र अंबाजित कॉलोनी आंगनबाड़ी केंद्र, माईनस क्वार्टर 1, माईनस क्वार्टर 2, पीपल सेंटर धोबी मोहल्ला एवं नालापार माइंस क्वार्टर केंद्र पर 75 बालक-बालिकाओं के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुखिया आशा देवी ने बताया की ठंड के बढ़ते प्रकोप के कारण सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ रहे तमाम बच्चो के लिए स्वेटर की व्यवस्था की गई है। मौके पर पंचायत के उप मुखिया विमलेश कुमार, वार्ड सदस्य कांति कुमारी, सीता देवी, मंजूलता कुमारी, आंगनबाड़ी सेविका सुलेखा बनर्जी, अंजू देवी, पार्वती देवी, सविता देवी, गुंजा कुमारी बैठा, सहायिका रूबी देवी, वैजयंती देवी, चंचला देवी, प्रदीप कुमार राय, सफी आलम, शाहिदा खातून, साइरस सिन्हा, बबीता कुमारी, मीना देवी, बसंती देवी, पूजा देवी सहित दर्जनों अभिभावक और नन्हे-मुन्ने बच्चे मौजूद थे।

### सांकी में विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम



**भदानीनगर (रामगढ़)।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भदानीनगर क्षेत्र के सांकी में मंगलवार को कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भारत सरकार कृषि विभाग के अधिकारी डॉ. इंद्रजीत कुमार, पतरातू प्रखंड के नोडल अधिकारी जेई अनिल कुमार, भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष कुमेल उरांव, भाजपा भदानीनगर मंडल उपाध्यक्ष अनूप ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि मोती नारायण सिंह व जगतार सिंह, सांकी पंचायत की मुखिया कोमिला देवी, भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा व संतन सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष कुमेल उरांव द्वारा लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा विभिन्न योजनाओ व प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

### जुबली कॉलेज के छात्रों ने एथलेटिक्स में जीते चार गोल्ड व दो सिल्वर मेडल



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय द्वारा संत कोलंबस कॉलेज में आयोजित इंटर कॉलेज एथलेटिक्स मीट में जुबली कॉलेज के खिलाड़ीयो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 गोल्ड और 2 सिल्वर मेडल जीतकर अपने कॉलेज का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में आयशा कुमारी ने 5 किमी. और 1500 मीटर दौड़ में दो गोल्ड, नीतू कुमारी ने हाई जंप में गोल्ड, गीता कुमारी 800 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीता है। वहीं नीतु कुमारी ने बाधा दौड़ में सिल्वर और अंजली कुमारी ने भाला फेंक में सिल्वर मेडल जीता है। इस शानदार प्रर्दशन के लिए आयशा कुमारी और नीतू कुमारी को आल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम के लिए चयनित किया गया। इस शानदार प्रदर्शन के बाद सभी खिलाड़ियों को महाविद्यालय आने पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ एनके तिवारी एवं महाविद्यालय के डॉ. एनके सिंह झा, डॉ विभा राय, डॉ विशेश्वर रविदास, डॉ सुरेश दांगी, डॉ बीएन सिंह, प्रो. मनोज कुमार दास सहित सभी शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। टीम मैनेजर डॉ एसएस पांडेय एवं कोच नवीन कुमार ने भी सभी खिलाड़ियों को निरंतर प्रैक्टिस कर खेल में और शानदार सफलता के लिए शुभकामनाएं दी है।

# इको सेंसेटिव जोन से बेरोजगारी में वृद्धि और युवा पलायन को मजबूर : विधायक

## उमाशंकर अकेला ने विधानसभा में उठाया मामला

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** विधायक उमाशंकर अकेला ने शून्यकाल प्रश्न के तहत हजारीबाग ज़िले में लागू ईको सेंसेटिव जोन का मामला को उठाते हुए इसे जनहित में गम्भीर समस्या बताया।उन्होंने कहा कि ईको सेंसिटिव जोन घोषित हो जाने के कारण स्थानीय निवासियों को कई व्यवसाय बंद करना पड़ा हैं। जिसके कारण लोगों के सामने घोर बेरोजगारी का संकट उत्पन्न हो गया है। साथ ही स्थानीय व्यवसाय बंद होने के कारण युवाओं व मजदूर वर्ग के लोगों को रोजगार के लिए अन्यत्र पलायन हो रहें है। विधायक ने सदन में कहा कि हजारीबाग वन्य जीव अभ्यारण के चारों ओर घोषित इको सेंसेटिव जोन की सीमा को पांच से घटाकर एक किलोमीटर तक सीमित किया जाये। विधायक श्री अकेला ने बताया कि इको सेंसेटिव जोन क्षेत्र घोषित होने से इचाक, पदमा, बरही सहित आस-पास के इलाकों में काफी बुरा प्रभाव पड़ा है। छोटे मोटे उद्योग धंधा चलाने वालों को बेरोजगारी के कारण पलायन करना पड़ रहा है।उन्होंने आग्रह किया कि इसे घटाकर तत्काल एक किलोमीटर किया जाए। विधायक श्री अकेला ने कहा कि उक्त क्षेत्र की भौगोलिक संरचना पहाड़ी पठारी होने के कारण लोगों के जीवन यापन का मुख्य स्त्रोत क्रेसर, खनन, उद्योग लघु तथा कुटीर उद्योग पर आधारित है। उन्होंने अध्यक्ष को बताया कि उद्योगों को बंद कर दिए जाने से हजारों मजदूर एवं नौजवान बेरोजगार हो गए हैं। जिसके कारण पूरा परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा किइको सेंसेटिव जोन में बदलाव करने की आवश्यकता है।

## रामगढ़ रेड क्रॉस सोसाइटी चुनाव में अमित सिन्हा को मिला सर्वाधिक मत

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में रेड क्रॉस सोसाइटी के पुनर्गठन हेतु निर्वाचन प्रक्रिया सोमवार को जिला समाहरणालय सभाकक्ष में संपन्न हुई। निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत अमित कुमार सिन्हा ने सबसे ज्यादा 92 मत प्राप्त किया। वहीं राहुल जैन 89, मनोज कुमार मंडल 85, विजय मेवाड़ 80, अमित साहू (अमित कुमार) 72, अनूप कुमार 72, दीपक कुमार सिन्हा 68, अभिषेक अग्रवाल 67, कमल किशोर अग्रवाल 67, मनोज चतुवेर्दी 66, अजीत कुमार जायसवाल 65, महावीर प्रसाद अग्रवाल 65, हरीश कुमार चौधरी 64, इंद्रपाल सिंह सैनी 64 एवं निशांत गुप्ता ने 64 मत प्राप्त किए। निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत उपयुक्त रामगढ़ श्री चंदन कुमार ने निर्वाचित सभी 15 अभ्यर्थियों को समाहरणालय सभाकक्ष में शुभकामनाएं दी। उपायुक्त ने सभी निर्वाचित अभ्यर्थियों से रेड क्रॉस सोसाइटी रामगढ़ द्वारा किए जाने वाले कार्यों को लेकर कार्य योजना तैयार करने एवं जिले में रेड क्रॉस सोसाइटी के बेहतर संचालन हेतु सामूहिक रूप से कार्य करने की अपील की। वहीं चुनाव में सर्वाधिक मत प्राप्त किए प्रत्याशी अमित कुमार सिन्हा ने तमाम मतदाताओं के प्रति आभार जताया। वही बेहतर व निष्पक्ष ढंग से चुनाव संपन्न करने के लिए उपायुक्त सहित जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी शीलवन्त कुमार भट्ट, सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉक्टर स्वराज सहित रामगढ़ के सैकड़ो गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### भुरकुंडा माईन ए बलकुदरा में मना खान सुरक्षा सप्ताह



**भुरकुंडा।** सीसीएल बरका-सयाल प्रक्षेत्र की भुरकुंडा परियोजना के आउट सोर्सिंग खदान माईन ए बलकुदरा में मंगलवार को 66वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। मुख्य रूप से रविंद्र बोंथा डीडीएमएस रांची, मनोज कुमार पांडेय पोओ तापिन साउथ, प्रियंका प्रसाद आईएसओ रांची, भूषण कुमार मैनेजर तापिन साउथ, भास्कर जीवरे पीई (एक्स) तापिन साउथ, शशिकांत पीई (ईएंडएम) तापिन साउथ, विप्लव बनर्जी सर्वे ऑफिसर, तापिन साउथ, बिनोद कुमार सिंह डब्लू आई माइनिंग तापिन साउथ, सीडी प्रसाद डब्लूआई इलेक्ट्रिकल, भुरकुंडा पीओ मनोज पाठक, सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य विकास कुमार व शशि भूषण सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान अतिथियों ने झंडोत्तोलन कर सुरक्षा की शपथ दिलायी। म्पीओ मनोज पाठक ने कहा कि सुरक्षा को ताक पर रखकर काम न करें। भुरकुडा परियोजना का आने वाले वर्ष उज्ज्वल है। यहां कई खदानों से कोयला का उत्पादन जल्द शुरू होगा। बेहतर कार्य करने वाले कर्मियों को पुरस्कृत किया गया।

## भुरकुंडा पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रामगढ़ एसपी के निर्देश पर यातायात पुलिस ने मंगलवार को भुरकुंडा ओपी क्षेत्र में वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान यातायात पुलिस ने लाइसेंस, इंश्योरेंस , हेलमेट, त्रिपल लोड, गाड़ी के कागजात सहित अन्य कागजातों की जांच की। साथ ही कागज दुरूस्त नहीं पाने पर कई लोगों से जुमार्ना भी वूसला गया। मौके पर ट्रैफिक एएसआई सुरेंद्र शर्मा ने बताया की एसपी रामगढ़ के दिशा-निर्देश पर यातायाता व्यवस्था और सुरक्षित ड्राइवरिग के लिए रुटिंग जांच लगाया गया है। जिसमें पकड़े गए कई वाहन चालको का ऑन लाइन चालान और फाइन काटा गया है। उन्होंने चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी। अभियान में एएसआई सत्येंद्र शर्मा, सिरवानुस तिरु, शिव मोहन गुप्ता आदि शामिल थे।



भुरकुंडा में काटती पुलिस

## गोल्डन बुलेट हाउस ने ग्रीन एरोज को हराया

### श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेलकूद का दूसरा दिन

**बरही।** श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का दूसरा दिन गोल्डन बुलेट हाउस के नाम रहा। दिन की शुरूआत महिला क्रिकेट टीम के फाइनल मैच से हुई। जिसमें गोल्डन बुलेट हाउस ने ग्रीन एरोज को मात देकर अपनी हाउस के लिए गोल्ड मेडल पक्का किया। वहीं मेन्स क्रिकेट टीम की बात करें तो पहला मैच गोल्डन बुलेट और रेड फ्लैशेस के बीच खेला गया। रेड फ्लैशेस की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और पूरी टीम मात्र 35 रनों पर ही ढेर हो गई। वहीं गोल्डन बुलेट ने आसानी से रन चेस करके फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। दिन का तीसरा मैच ब्लू जेट्स और ग्रीन एरोज के बीच खेला गया, जिसमें ग्रीन एरोज ने ब्लू जेट्स को मात देकर फाइनल में प्रवेश किया। मेन्स क्रिकेट टीम की फाइनल मैच में गोल्डन बुलेट और ग्रीन एरोज के बीच हाई वोल्टेज मैच खेला गया। जिसमें गोल्डन बुलेट की टीम ने ग्रीन एरोज को पराजित करके गोल्ड मेडल पक्का की और अंक तालिका में टॉप पर पहुंच गई है। मेन्स वॉलीबॉल मैच में



रेड फ्लैशेस ने ब्लू जेट्स को 15-14, 15-4 से पराजित करके फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। वहीं दूसरे मैच में ग्रीन एरोज और गोल्डन बुलेट के बीच खेला गया। जिसमें ग्रीन एरोज ने 15-10, 14-15, 15-9 से हराकर फाइनल के लिए प्रवेश की। दिन के अंतिम मैच कक्षा दसवीं के छात्रों को विदाई मैच दी गई, जहां सेक्शन (ए) ने सेक्शन (बी) को पराजित किया।

## भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ने भैया-बहनों को किया सम्मानित

**बरही।** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के भैया - बहनों ने प्रांतीय कला संगम प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रौशन किया। प्रांतीय कला संगम राजकमल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धनवाद में आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता में चित्रकला, पोस्टर, सामूहिक गीत, मूर्तिनिर्माण, सामूहिक नृत्य इत्यादि कलाओं का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। शिशु वर्ग चित्रकला में कक्षा पंचम की बहन आरुषि झा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। वहीं अन्य क्षेत्रों में भी भैया बहनों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। मौके पर विद्यालय प्रवंधकारिणी समिति के अध्यक्ष अमित कुमार साहू, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार, पदेन सदस्य सुरेश



साहू ने सभी प्रतिभागी भैया बहनों एवं संरक्षक आचार्य दीदी को सम्मानित किया और जीवन पथ पर अविराम अग्रसर रहने का संकल्प दिलाया। आचार्य दीदी ने शुभकामनाएँ दी। प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने कहा कि भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भैया बहनों को सिर्फ पढ़ाई नही बल्कि उन्हें संस्कारवान बनाने का काम करता है। बच्चें किताबी ज्ञान के साथ साथ अपने संस्कृति को जाने, इसका विद्यालय प्रबंधन विशेष ध्यान रखता है।

## बच्चों के विकास में खेलकूद भी जरूरी : नाजीर अख्तर

### रेन्बो स्कूल बरही में एसडीपीओ ने तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गडलाही स्थित रेन्बो स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता की शुरूआत की गई। बतौर मुख्य अतिथि एसडीपीओ नाजीर अख्तर, विशिष्ठ अतिथि बरही इंटर कॉलेज के प्राचार्य अरुण कुमार दुबे, सेवानिवृत शिक्षक तोखन प्रजापति, निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने संयुक्त रूप से मशाल जलाकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मौके पर निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने सभी अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीपीओ नाजीर अख्तर ने कहा कि बच्चों की चहुमुखी विकास के लिए शिक्षा के साथ खेल-कूद भी जरूरी है। बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने संदेश दिया कि खेल-कूद में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। विद्यालय के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि जीवन में खेलकूद का काफी महत्व है। मन और मस्तिष्क के लिए खेलकूद विटामिन के समान होता है। विद्यार्थियों का स्वास्थ्य व मस्तिष्क सुदृढ़ होता है। प्रतियोगिता के पहले दिन कक्षा पहली से नवम तक के विद्यार्थियों ने खो-खो, 100 मीटर की रेस, वॉलीबॉल, कबड्डी आदि खेल संबंधित विविध गतिविधियों में उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुति कर सतरंगी छटा बिखेरा। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले छात्र-छात्राओं को समापन के दिन पुरस्कृत किया जायेगा। खेल के सफल आयोजन में प्राचार्य पंचम पांडेय, शिक्षकों में धनंजय पांडे,गौरी शंकर, प्रवीण कुमार, उषा कुमारी, रिंकी कुमारी, सुधा कुमारी, कुमारी स्वेता, सरिता कुमारी, प्रीति कुमारी, रिफ्फत प्रवीण, खुशबू कुमारी, खुशी कुमारी, शिवानी कुमारी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। मौके पर अख्तर अंसारी, मुशाहिर अंसारी, दिवाकर प्रसाद कुशवाहा, अरविंद कुमार भारती, नारायण प्रजापति, बंगाली राम सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## एक नजर में

### एक दिवसीय इको क्लब प्रशिक्षण आयोजित



**हजारीबाग।** झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वावधान में जिले के संत रॉबर्ट मध्य विद्यालय हजारीबाग में एक दिवसीय इको क्लब प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न प्रखंडों से कुल 40 प्रतिभागी शामिल हुए। मौके पर शिक्षक, शिक्षिकाएं, सीआरपी-बीआरपी व वार्डन उपस्थित थे। प्रशिक्षकों ने प्रत्येक विद्यालय में इको क्लब गठन करने की प्रक्रिया पर विस्तार से बताया। इको क्लब आधारित वीडियो प्रश्नोत्तरी के जरिए विषय वस्तु की जानकारी दी। संधारणीय विकास लक्ष्य के 17 बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। प्रशिक्षकों ने ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन से संबंधित जानकारी दी। इको क्लब की मुख्य जिम्मेवारी, संभावित कार्य, पहचान चिन्ह व प्रतिज्ञा, पर्यावरणीय कैलेंडर प्रशिक्षण क्रियान्वयन की रणनीति एवं विद्यालयों का सहयोग, सदस्यता के लाभ आदि पर विस्तृत चर्चा की। इससे पहले एडीपीओ ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर प्रशिक्षक के रूप में अभय कुमार, प्रभु साव उपस्थित थे। वहीं प्रतिभागियों में सीआरपी बीआरपी में प्रविंद कुमार सिंह, अजय नारायण दास, रामकृष्ण पांडेय, अनुपम रानी, मीनाक्षी अम्बष्टा, संतोष कुमार गौतम, शिक्षकों में मनोज कुमार सिंह, रवि शंकर पाठक, जहांगीर अंसारी, मंजू कुमारी, नीलम कुमारी समेत अन्य उपस्थित थे।

### चरही : ठंढ से बचने के लिये अलाव की मांग

**चरही।** चुरचू प्रखंड के चरही तथा आस-पास के गांवों में तीन/चार दिनों से ठंढ का प्रकोप बढ़ गई है।अभी तक जिला प्रशासन की ओर से इसके लिए कोई पहल नहीं की गई है।आने-जाने वाले राहगीरों,मजदूरों और ग्रामीणों को ठंढ से बचने के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा।सूर्य ढलते ही लोग अपने-अपने घरों में दुबक जा रहे हैं।सुबह 9 बजे के बाद ही लोग घर से निकल पाते हैं।अगर प्रशासन के द्वारा क्षेत्र के चौक चौराहों पर अलाव का सुविधा दिया जाता तो इससे लोगों को काफी राहत मिल सकती थी।इसके लिए कोई पंचायत प्रतिनिधि ना तो जनप्रतिनिधि हैं मुखर दिखाई दे रहे हैं।कई ऐसे लोग हैं जो रात में बाहर से आते हैं।और वाहन के आस में सुबह कर देते हैं।ठंढ में ठिठुरने के सिवाय कोई चारा नहीं रहता।अलाव का व्यवस्था होता तो कुछ राहत मिल सकती थी।यही हाल काम करने मजदूरों की है। ग्रामीणों ने मांग की कि क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था कराई जाय।ताकि लोगों को ठंढ से राहत मिल सके।

### सिझुआ झरना में 25 दिसंबर को लगेगा मेला

**टाटीझरिया।** खैरा पंचायत के सिझुआ गांव स्थित सिझुआ झरना में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 दिसंबर को मेले का आयोजन किया जा रहा है। सिमराढाव गांव के समाज सेवी अशोक मुर्मू ने कहा कि मेले का मुख्य उद्देश पर्यावरण का रक्षा करना है। यह स्थल एक पिकनिक स्पॉट के रूप में भी जाना जाता है ।यहां दूर दूर से अंग्रेजी के नए वर्ष आगमन पर सैलानियों का आवागमन होता है जो पिकनिक कर वनभोज का लुत्फ उठाया करते है। मेले कार्यक्रम को सफल बनाने में मेला समिति अध्यक्ष अशोक मुर्मू, खैरा पंचायत मुखिया कुमारी माधुरी, डी एन सिंह, सुरेश मुर्मू,अरविंद केशरी ,मिथलेश वर्मा समेत अन्य कई लोग मेले का सफल बनाने में लगे हुए हैं।

### टाटीझरिया में पीडीएस संघ ने दिया धरना

**टाटीझरिया ।** प्रखंड के पीडीएस दुकानदारों ने अपने मांगो को लेकर एवं एक जनवरी 2024 से होने वाले हड़ताल को सफल बनाने के लिए टाटीझरिया प्रखंड कार्यालय में प्रखंड के जनवितरण प्रणाली विक्रेता संघ द्वारा काला बिल्ला लगा कर सरकार के विरोध में धरना प्रदर्शन कर नाराजगी जताया । जविप्र संघ की अध्यक्षता मथुरा साव ने किया। उन्होंने कहा कि जन वितरण प्रणाली के राष्ट्रीय नेतृत्व के आहरण पर दिसंबर महीने में सभी पीडीएस विक्रेता केंद्र व राज्य सरकार का विरोध करेंगे इन्होंने काला विला लगाकर सरकार का विरोध जताया । मथुरा साव ने बताया कि अगर उनकी मांगे को अनदेखी की गई तो सभी पीडीएस विक्रेता एक जनवरी 2024 से राशन व्यवस्था ठप कर सामूहिक हड़ताल पर चले जाएंगे उनकी मांगों में पीडीएस विक्रेताओं को मिलने वाली मार्जिन मनी को बढ़ाने एवं पीडीएस विक्रेताओं को सरकारी कर्मी का दर्जा देने तथा ?30000 प्रतिमाह मान देय अनुकंपा हैंडलिंग लॉस करोना काल में वितरण किए गए खाद्यान कमीशन बकाया की राशि एवं एनएफएसए द्वारा वितरण किए गए खद्यानो का कमीशन भुगतान करने हेतु अविलंब सरकार से मांग की गई। डीलर संघ द्वारा टाटीझरिया बीडीओ सह सीओ रश्मि खुशबू मिंज को ज्ञापन सौंपा। धरना में डीलर संघ अध्यक्ष मथुरा साव सचिव अरुण कुमार सिंह , अशोक कुमार गुप्ता विजय प्रकाश मेहता, अरुण राम ,गणेश गोप ,मोहन प्रसाद ,मोहन प्रजापति,भुवनेश्वर राम, सीता राम, नागेश्वर राम,राधा गोविंद, जगदेव प्रसाद, खेमलाल राम, झमन राम, राम प्रकाश राम, लक्ष्मी महिला मंडल, राधे श्याम कुशवाहा, चुरामन महतो, नारायण राम, मोहम्मद फरीद प्रदर्शन में शामिल हुए।

### मनोज मेहता की मां के श्राद्ध में शामिल कई लोग

**टाटीझरिया ।** बरकट्ठा विधान सभा क्षेत्र के इचाक प्रखंड अंतर्गत कुरहा निवासी समाज सेवी मनोज मेहता के 65 वर्षीय वृद्ध माता बुधनी देवी की श्राद्ध कार्यक्रम में कई दल के नेता मंत्री संग कई पंचायतों के समाज सेवी शामिल होकर मृतक आत्मा को शांति सद्गति हेतु छाया चित्र के समीप दीप प्रज्ज्वलित पुष्प अर्पित कर परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना वंदना कर हाथो में पुष्प लेकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। बाद में लौकिक द्वादशा श्राद्ध कार्यक्रम में श्री मेहता ने अपने भाइयों के संग ब्राह्मण भोजन करवाकर यथा शक्ति दक्षिणा दान देकर ब्राह्मणों से आशीर्वाद लिया। मौके पर टाटीझरिया 20 सूत्री अध्यक्ष सह झरपो पंचायत मुखिया शिबूप्रसाद सोनी , आदर्श युवा संगठन के क्रांतिकारी नेता सह बरकट्ठा विधान सभा क्षेत्र के विधायक प्रत्यासी गौतम कुमार,कांग्रेस नेता दिगंबर मेहता,जेडीयू नेता अर्जुन मेहता,राम लखन राणा ,रामबिलास शर्मा,संदीप पांडेय,राहुल मिश्र,अशोक ठाकुर,भुनेश्वर मेहता समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### बरकट्ठा में मकर संक्राति मेला का हुआ डाक

**बरकट्ठा ।** मकार संक्राति के मौके पर लगने वाली 15 दिवसीय मेला का डाक मंगलवार को अंचल कार्यालय में हुई। मेले का डाक प्रक्रिया खुली मे हुई। जिसमे चंद्रकांत पाण्डेय, विजय कुमार नायक, सुरेश कुमार पाण्डेय, शिशिर पांडेय, श्याम किशोर पाण्डेय ने भाग लिया. डाक की बोली के लिए अग्रिम राशि के तय की गई राशि को पहले जमा करवाया गया. जिसमे अधिकतम बोली श्याम किशोर पांडेय ने 23 लाख 14 हजार रुपैया बोली बोल कर अपने नाम लिया।बताते चले कि एशिया का सबसे गर्म कुंड सूरजकुण्ड है । मेले का हुआ नीलामी की प्रक्रिया प्रखंड सह अंचल कार्यालय में सीओ श्रीकांत लाल मांझी की देखरेख में संपन्न हुई। । मेले की नीलामी में उपप्रमुख सुरजी देवी, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप मंडल, उपाध्यक्ष कुदुश अंसारी, बेलकपी मुखिया ललिता पांडेय मौजूद थी।

### दारु में दो बाइक टकराया, तीन लोग घायल

**दारु।** त्रिदेव पेट्रोल पम्प पिपचो के पास मंगलवार सुबह 9 बजे के करीब दो बाइक की आपस मे टक्कर हो गयी गयी जिसमे तीन युवक घायल हो गये। घायलों को पुलिस की सहायता से एम्बुलेंस के द्वारा इलाज के लिए हजारीबाग भेज दिया गया जहाँ सबकी हालात ठीक बताई जा रही है।इस सम्बन्ध मे मिली जानकारी के अनुसार सरिया निवासी दीपक कुमार सिन्हा पिता सहदेव सिन्हा नई लाल रंग की अपाची बाइक से इलाजरत पिता को देखने हजारीबाग अस्पताल जा रहे थे तभी पिपचो के पेट्रोल पम्प के पास पेट्रोल भराने के लिए आगे आगे चल रही बाइक ने दाहिनी और मोड दिया जिससे अनियंत्रित बाइक की टक्कर हो गयी। इस टक्कर मे दूसरी बाइक मे सवार राकेश टुडू और और अरुण टुडू नगडी चुरचू निवासी घायल हो गए।घटना के बाद दारू थाना को सूचना दी गई जिसके बाद पुलिस की सहायता से घायलों का इलाज के लिए हजारीबाग भेज दिया गया ।

# घटना को अंजाम देने के पूर्व दो अपराधी चढ़े पुलिस के हत्थे

● हथियार के साथ तीन नाबालिग समेत चार गिरफ्तार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** पुलिस ने घटना को अंजाम देने से पहले तीन नाबालिग समेत चार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी रांची से कट्टा लेकर चतरा में चोरी छिनतई की घटना को अंजाम देने के फिराक में था, हालांकि इसकी भनक पुलिस को लगी। तो सभी आरोपियों को दबोच लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में चतरा जिले के राजपुर थाना क्षेत्र स्थित डोन्डागडा निवासी कमलेश कुमार और तीन नाबालिग शामिल हैं। आरोपी के पास से एक देशी कट्टा, एक गोली, दो बाईक और दो मोबाईल पुलिस ने बरामद किया है। सदर एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि चतरा एसपी राकेश रंजन द्वारा अपराध नियंत्रण के लिये स्थान बदल-बदल कर एंटी क्राईम चेकिंग लगाने का आदेश दिया गया है। इसी क्रम मे बीते सोमवार पेलतौल गांव के पास वाहन चेकिंग किया गया। जहाँ दो बाईक पर चार युवक को रोका गया। इन युवको की जब तलाशी ली गई तो एक लोडेड देशी कट्टा बरामद किया गया। एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया जबकि तीन नाबालिग को निरुद्ध किया गया। पूछताछ में ज्ञात हुआ कि ये थाना क्षेत्र मे चोरी एवं छिनतई कि घटना को अंजाम देने के फिराक में थे। आरोपी कमलेश कुमार रांची में ठेला लगाता था। पुलिस को पूछताछ में आरोपी ने बताया है कि देशी कट्टा रांची से लेकर ही चतरा पहुंचा था। आरोपी के खिलाफ राजपुर थाना (कांड संख्या 90/2023) आर्म्स एक्ट धारा 25 (1-)/26/35 के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया। पुलिस मामले को लेकर अन्य बिंदु पर जांच कर रही है।


## स्पीड न्यूज

### अबुआ आवास को लेकर किया गया सत्यापन



**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत बारीसाखी पंचायत के सभी गांव में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी के आदेशा अनुसार अबुआ आवास को लेकर तेजी से सत्यापन किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण जनता उत्साहित देख रहे हैं। इस दौरान प्रखंड प्रमुख अनीता यादव, उप प्रमुख प्रीतम यादव, मुखिया सरिता देवी, निर्मला देवी, समीरा कुमारी, डेगनगंझु, बेबी, देवी, जगदीश यादव, जेई सचिन कुमार, पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय, उज्जवल सिंह, चितरंजन शर्मा, प्रियंका प्रिया, सहायक अभियंता मनोज कुमार सहित अन्य उपस्थित थे। पंचायत के सभी आवेदनों को अधिकारी के नेतृत्व में टीम ने गांव-गांव घूम कर सत्यापन किया। उसी दौरान जियोटेक भी किया गया। सत्यापन टीम में ब्लॉक कोऑर्डिनेटर फरहद नजनी, मुखिया समीरा कुमारी, पंचायत समिति प्रियांशु देवी, ऑपरेटर अभय कुमार, सतीश कुमार, शेखर कुमार, विकास कुमार, बिक्कू, विजय रजक, मुनेश्वर दार्गी, शामिल थे ।

### पुलिस का मानवीय चेहरा आया सामने



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया पुलिस का मानवीय चेहरा सामने आया है। जंहा जब चाइल्ड लाइन कोडरमा को स्थानीय लोगों के द्वारा एक भटकी हुई नाबालिग लड़की के संबंध में कई बार सूचना देने के बावजूद भी कोई संज्ञान नहीं लिया गया, तब पुलिस ने मानवीय चेहरा प्रस्तुत करते हुए सूचना प्राप्त होने के चंद मिनट में लड़की का रेस्क्यू करते हुए उसकी उचित देखभाल के लिए उसे होली फैमिली जीवोदया आश्रम पहुंचाया है। दरअसल तिलैया थाना क्षेत्र के पूर्णिमा टॉकीज के समीप पिछले 4 दिनों से एक मंदबुद्धि नाबालिग लड़की अकेले रात भर दुकान के बाहर रह रही थी। ऐसे में लड़की की सुरक्षा को लेकर स्थानीय लोगों ने चाइल्ड लाइन से संपर्क किया, मगर चाइल्ड लाइन की टीम ने दो दिनों तक इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को मिलने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नाबालिग का रेस्क्यू करते हुए उसे सुरक्षित आश्रम पहुंचाया है। वहीं नाबालिग के परिजनों का पता लगाने में पुलिस जुटी हुई है।

### छठ घाट के समीप मोटर बोट का किया गया उद्घाटन



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत पंचखेरो जलाशय योजना के पुनर्वास अरकोसा छठ घाट के समीप मंगलवार को पूजा अर्चना कर मोटर बोट का उद्घाटन किया गया। ज्ञात हो कि जिला मत्स्य कार्यालय द्वारा पंचखेरो जलाशय में कुशवाहा मत्स्य जीवी सहयोग समिति एवं लक्ष्मी मत्स्य जीवी सहयोग समिति को पूर्व में मोटर बोट दिया गया था, पंचखेरो जलाशय योजना में तीसरा मोटर बोट वर्मा विस्थापित मत्स्य जीवी सहयोग समिति को स्वरोजगार हेतु 90 प्रतिशत अनुदान पर दिया गया। वहीं वर्मा समिति के सदस्य द्वारा पूजा अर्चना कर मोटर बोट का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में श्री लक्ष्मी समिति के अध्यक्ष सुभाष कुमार, सचि० महेश्वरी कुशवाहा, वर्मा समिति के अजीत कुमार, मुंशी कुमार वर्मा, सिकंदर कुमार वर्मा, कामदेव प्रसाद वर्मा समेत कुशवाहा समिति वर्मा समिति एवं श्री लक्ष्मी समिति के सभी सदस्य आदि लोग मौजूद थे।

### बीडीओ सह सीओ ने विभिन्न चौक चैराहों पर की अलाव की व्यवस्था

**धुरकी।** प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी जुल्फिकार अंसारी प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न चैक चैराहों पर अलाव की व्यवस्था कराया है। उन्होंने बताया कि नवंबर महीने से सर्दी के मौसम व ठंड से कनकनी दिसंबर से बढ़ जाती है। इसे देखते हुए राहगीर एवं यात्रियों के लिए अलाव की व्यवस्था की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि दो-चार दिन से ठंड से अधिक बढ़ गई है एवं हल्की हवाएं भी चल रही है, जिससे राहगिरो एवं यात्रियों के लिए काफी दिक्कत हो रही थी। धुरकी प्रखंड के कपूरी चैक, बस स्टैंड, गुलशन चैक, शिवरी मोड सहित जरूरत वाले स्थानों पर अलाव की व्यवस्था कराया गया है।

### सुखलदरी वाटरफॉल में उमड़ने लगी है पर्यटकों की भीड़



सुखलदरी वाटरफॉल।

**धुरकी।** गढ़वा जिला मुख्यालय से करीब 60 किलोमीटर की दूरी पर स्थित धुरकी प्रखंड अंतर्गत अम्बाखोरेया पंचायत अंतर्गत सुखलदरी वाटरफॉल में वर्ष के अंतिम महीने दिसंबर में पयटकों की भीड़ उमड़ने लगी है। सुखलदरी वाटरफॉल नव वर्ष के आगमन को सेलिब्रेट करने और पुराने साल को विदा करने के लिए गढ़वा जिला ही नहीं बल्कि झारखंड प्रदेश के विभिन्न जिले से लेकर पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश के पर्यटकों के लिए सबसे उपयुक्त माना जाता है। वर्ष के अंतिम महीना दिसंबर से लेकर जनवरी तक यहां खूब धूमधाम से और बड़े ही मस्ती और उमंग के साथ पर्यटक सपरिवार पिकनिक मनाने आते हैं और प्रकृति के सबसे मनोरम स्थल का वीडियो तथा सेल्फी लेने में मजबूर हो जाते हैं। सुखलदरी वाटरफॉल की सबसे बड़ी खासियत यह है कि कनहर नदी के दोनों किनारे पर हरे भरे जंगलों से घिरा हुआ है। कनहर नदी की जलधारा 100 फीट ऊंचे चट्टान से जब नीचे की ओर झरना का रूप लेकर गिरती है तो उसे देखकर लोगों की निगाहें कुछ देर तक टिकी की टिक्की रह जाती है। सुखलदरी वाटरफॉल पूरी तरह से प्रकृति संरचनाओं से रचा हुआ है। फॉल के आसपास बैठने के लिए पार्कनुमा डिजाइन की कुर्सियों का निर्माण भी किया गया है।

## डीसी ने आमजनों की समस्याएं सुनी, निष्पादन का दिया भरोसा



**चतरा।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। उक्त जनता दरबार में मुख्य रूप से वृद्धा पेंशन, जमीन, राशन कार्ड, स्वास्थ्य विभाग, खेल कूद, अबुआ आवास, कोविड-19 से संबंधित मानदेय समेत अन्य मामले शामिल है। उपायुक्त ने एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों के समस्याओं से जुड़े आवेदनो का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## सांसद ने की केंद्रीय राज्यमंत्री से मुलाकात



केंद्रीय राज्यमंत्री से बात करते सांसद।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली स्थित वाणिज्य भवन में भारत के केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री सोम प्रकाश से मुलाकात की। इस अवसर पर सांसद श्री राम ने पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गढ़वा जिला के भवनाथपुर में सेल के 1180 हेक्टेयर भूमि पर केन्द्र सरकार का राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कॉरपोरेशन के तहत (अमृतसर एवं कोलकाता इंटस्ट्रीयल) प्रोजेक्ट का झारखंड राज्य में मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर स्थापित करने से संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

सांसद श्री राम ने कहा कि उक्त संबंध में एनआईसीडीसी के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी एवं प्रबंध निदेशक भारत सरकार के द्वारा उपायुक्त गढ़वा को पत्र लिखकर उक्त भूमि पर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना के संबंध में 6 बिन्दुओं पर प्रतिवेदन मांगा था। विदित है कि उपायुक्त गढ़वा ने उक्त बिन्दुओं पर झारखंड सरकार को प्रतिवेदन समर्पित कर दिया है। उक्त स्थान पर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना से झारखण्ड राज्य के आर्थिक ढांचे में परिवर्तन संभावित है एवं राज्य का संतुलित विकास में इसका बहुत बड़ा योगदान होगा एवं उद्योग के साथ-साथ बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार उपलब्ध हो पाएगा। जिससे गढ़वा जिला अकांक्षी जिलों की सूची से बाहर निकल सकेगा एवं राज्य के अन्य विकसित जिलों की श्रेणी में आ खड़ा होगा। सांसद ने कहा कि झारखंड सरकार से बातचीत कर उक्त स्थान पर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना के लिए अग्रतर कार्यवाई कराने की कृपा की जाय। साथ ही साथ राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कॉरपोरेशन लि. की टीम भेजकर उक्त जमीन एवं बोकारो स्थित सेल की जमीन का कॉम्परेटिव इवैल्यूषन भी करा लिया जाय। ताकि राज्य सरकार का बोकारो के पक्ष में जो झुकाव है उसके औचित्य/अनौचित्य पर निष्पक्ष निर्णय लिया जा सके।

## आपके द्वार कार्यक्रम में लाभुकों के बीच कूप योजना, साईकिल वितरण योजना का स्वीकृति पत्र वितरित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले के सतगावां प्रखंड के राजावर, डोमचांच प्रखंड के पारहो, कोडरमा प्रखंड के कौआवर गझंडी एवं जयनगर प्रखंड के तेतरोन पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। पंचायतों में आयोजित शिविर में बीडीओ, सीओ व स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। शिविर में काफी संख्या में ग्रामीण आकर अपनी अपनी समस्या से अवगत कराया। वहीं बीडीओ द्वारा ग्रामीणों को उनके आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करने की बात कही गई। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं का बढ़-चढ़कर भाग लें और योजना का लाभ लेने हेतु आवेदन दें। पंचायतों में आयोजित शिविर में बच्चियों को साईकिल वितरण योजना हेतु स्वीकृति पत्र वितरित किया गया। लाभुकों के बीच बिरसा सिंचाई कूप योजना का प्रमाण पत्र दिया गया। वहीं जेएसएलपीएस की स्वयं सहायता समूहों की सखी मंडल के बीच 12 लाख 50 हजार का चेक वितरित किया गया। इसके साथ-साथ ग्रामीणों के बीच जॉब कार्ड, कंबल, धोती, साड़ी समेत कई योजनाओं का लाभ दिया गया। कार्यक्रम में सभी विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई और आवेदन प्राप्त किये गये।

## हमारा संकल्प विकसित भारत के तहत कार्यक्रम का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत उत्तरी पंचायत सचिवालय प्रांगण में मंगलवार को हमारा संकल्प विकसित भारत के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं मौजूद पदाधिकारी व अन्य लोगों ने विकसित भारत को लेकर शपथ लिया, इसके पूर्व जेएसएलपीएस की महिलाएं, समूह की महिलाएं, आंगनबाड़ी सेविका व सहायिकाएं ने अक्षत और व फूलों की बारिश कर हमारा संकल्प विकसित भारत रथ का सम्मान किया। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित उत्तरी पंचायत के मुखिया रंजीत कुमार सिंह उपस्थित लोगों को शपथ दिलाया। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम किसान समृद्धि योजना, उज्ज्वला योजना, केसीसी, आयुष्मान भारत, दीदी बाड़ी, जेएसएलपीएस सहित अन्य योजनाओं के कई लाभुकों ने मोदी सरकार की कार्यों की सराहना की। वहीं उपस्थित सभी लोगों के बीच कैलेंडर का वितरण किया गया। मौके पर राजकुमार यादव, खुशबू कुमारी, महेश कुमार, आंगनबाड़ी सेविका, जेएसएलपीएस की महिलाएं, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय की छात्राएं समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## उपायुक्त ने शिक्षा विभाग के कार्यों को लेकर की बैठक, दिये कई निर्देश



**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग से संबंधित स्थापना समिति, पुस्तक क्रय, खेल प्रतियोगिता आदि को लेकर बैठक किया गया। उपायुक्त ने स्थापना समिति की बैठक करते हुए उन्होंने शिक्षकों के स्थानांतरण करने से संबंधित आवेदनों का जांच करने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया। इसके साथ ही जिले के मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालय, मॉडल विद्यालय, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय व झारखंड आवासीय विद्यालयों में पुस्तक क्रय करने को लेकर कहा गया। वहीं दिव्यांग बच्चों के लिए जिला स्तर पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन करने की बात कही। बैठक में एसी अनिल तिर्की, निदेशक डीआरडीए गोरांग महतो, डीईओ नयन कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी नीली सरोज कुजुर आदि लोग मौजूद थे।

## छोटू स्पोर्ट्स क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल मैच का आयोजन

● वार्ड 12 की टीम विजयी, 5 विकेट से किया मैच अपने नाम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डोमचांच (कोडरमा)।** छोटू स्पोर्ट्स डोमचांच नगर पंचायत क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मैच मंगलवार को पानी टंकी मैदान हाई स्कूल में खेला गया, मैच के आयोजक भीम सिंह हैं। उद्घाटन मैच में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता व विशिष्ठ अतिथि के रूप में राजीव उर्फ रिंकू सिंह, बीपीएस कॉलेज के सचिव हिमांशु शेखर, पूर्व मुखिया सुरेश कुमार, डोमचांच नगर पंचायत अध्यक्ष उम्मीदवार सुजीत कुमार, युवा शक्ति अध्यक्ष मिथिलेश यादव, इंजीनियर परमांशु कुमार, कारू सिंह, संदीप सिंह थे। मैच का उद्घाटन अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। फाइनल मैच वार्ड नंबर 1 और वार्ड नंबर 12 के बीच खेला गया। वहीं टॉस जीतकर वार्ड नंबर 1 ने पहली बल्लेबाजी करने का फैसला लिया एवं बल्लेबाजी करते हुए टीम ने निर्धारित 16 ओवर के समापन पर 9 विकेट खोकर 143 रन बनाया। वहीं जवाबी पारी खेलते हुए वार्ड नंबर 12 की टीम ने 14 ओवर में 5 विकेट खोकर 144 बनाकर मैच को 5 विकेट से अपने नाम कर लिया। मैच के उपरांत मुख्य अतिथि पूर्व जिप अध्यक्ष ने कहा कि जिस प्रकार आपलोग एक टीम बनाकर एकजुट होकर जीत के लिए मैदान में संघर्ष करते हैं, उसी प्रकार डोमचांच क्षेत्र के युवाओं को एकजुट होकर क्षेत्र की दिशा और दशा बदलनी है, ताकि लुभावने वादे और आश्वासन की जगह कोई ठोस काम और ठोस निर्णय हो सके। वहीं अंपायर की भूमिका दीपक सिंह और संजीव कुमार ने निभाया। जबकि स्कोरर के रूप में जैकी कुमार, निशांत सिंह, जीतेंद्र कुमार, चंदन कुमार, गणेश यादव, अविनाश सिंह, अशोक सिंह आदि मौजूद थे। विजेता और उप-विजेता टीम को ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। मैच में हैट्रिक विकेट संदीप सिंह ने लिया। मैन ऑफ-द मैच अनिकेत एवं मैन ऑफ-द सीरीज मुकुल को दिया गया। वहीं विजेता टीम को हिमांशु के द्वारा सभी खिलाड़ियों को चांदी का सिक्का दिया गया। इसके अलावा नगर अध्यक्ष उम्मीदवार सुजीत कुमार के द्वारा सभी टीमों के खिलाड़ियों ड्रेस दिया गया था।

## एक नजर में

### मुठभेड़ के दौरान थाना प्रभारी पर गोली चलाने वाला नक्सली गिरफ्तार, एके-47 समेत कई हथियार बरामद



**रांची/गढ़वा।** मुठभेड़ के दौरान थाना प्रभारी पर गोली चलाने वाले नक्सली को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नक्सली के पास से पुलिस ने एके-47, इंसास मैगजीन, वॉकी-टॉकी समेत भारी मात्रा में अन्य नक्सल सामग्री बरामद किया है। गिरफ्तार नक्सली शिवपूजन मुंडा गढ़वा के रामकंडा के इलाके का रहने वाला है। गिरफ्तार नक्सली शिवपूजन मुंडा जेजेएमपी के टॉप कमांडर में से एक है। दरअसल, सोमवार की अहले सुबह गढ़वा पुलिस ने झारखंड जन्म मुक्ति परिषद जेजेएमपी के खिलाफ सर्च अभियान शुरू किया था। सर्च अभियान के क्रम में पुलिस एवं झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेजेमपी) के बीच मुठभेड़ हुई थी। इसी मुठभेड़ में रंका के थाना प्रभारी को गोली लगी थी। बाद में थाना प्रभारी कोई इलाज के लिए रांची के मेडिका में भर्ती करवाया गया। घटना के बाद गढ़वा पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ बड़ा सर्च अभियान शुरू किया था इसी सर्च अभियान में नक्सली कमांडर शिवपूजन मुंडा पकड़ा गया। शिवपूजन मुंडा के निशानदेही पर पुलिस ने एके-47 और इंसास की मैगजीन समेत भारी मात्रा में नक्सली सामग्री बरामद किया है। शिवपूजन मुंडा ने गढ़वा पुलिस को कई बड़ी जानकारी दी है, जिसके बाद इलाके में फिर से एक बड़े अभियान की शुरूआत की गई है। शिवपूजन मुंडा की गिरफ्तारी को लेकर पलामू के जोनल आईजी राजकुमार लकड़ा और गढ़वा के एसपी दीपक पांडेय ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। आईजी राजकुमार लकड़ा ने बताया कि सर्च अभियान के क्रम में शिवपूजन मुंडा को गिरफ्तार किया गया है, गिरफ्तार नक्सली ने पुलिस को कई अहम जानकारी दी है। दस्ता के सुप्रीमो टुनेश के खिलाफ भी शिवपूजन ने कई जानकारी दी है। गिरफ्तार नक्सली रंका में हुई मुठभेड़ के दौरान शामिल था और अपने एके 47 से फायरिंग कर रहा था।

### उपायुक्त आमजनों की समस्याओं से हुई रूबरू



**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने सभी लोगों से एक-एक कर समस्याएं सुनी और सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने के लिए आश्वासन दिया। जनता दरबार में बिजली की बकाया राशि का ब्याज माफ करने, प्रतिबंधित भूमि पर स्थानीय भू-माफियाओं द्वारा निर्माण कार्य किये जाने, भुमि का सीमांकन करने, विद्यालय के पास गलत तरीके से नाला निर्माण करने, गलत तरीके से जमीन का पंजीकरण और जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने समेत कई मामलों में आवेदन दिया गया। वहीं उपायुक्त ने सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के पश्चात संबंधित विभाग के अधिकारियों को सभी आवेदनों का जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया।

### विधायक ने विस में खनिज परिवहन चालान की अवधि पूर्ववत रखने की मांग की



**कोडरमा।** विधायक डॉ. नीरा यादव ने विधानसभा सत्र के दौरान सदन में खनिज पदार्थ के चालान से संबंधित ज्वलंत मामले को शून्यकाल में रखा। उन्होंने शून्यकाल के दौरान विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो से मांग किया कि कोडरमा सहित देश के अन्य राज्यों में जाने वाले वाहनों में लोड खनिज पदार्थ का चालान में वैधता फिलहाल से बहुत ही कम अवधि कर दिया गया है, जिस कारण वाहनों को काफी परेशानी के साथ-साथ उन्हे वैधता समाप्त होने का भी भय बना रहता है। लोड खनिज वाहनों को नो एंट्री, अंतर्रराज्यीय चेक पोस्ट, घुमावदार खतरनाक घाटी एवं लंबी दूरी का सामना करना पड़ता है, इससे उन्हें समय की पाबंदी के कारण बराबर चालान की वैधता गंतव्य स्थान तक पहुंचने के पहले समाप्त हो जाती है। पहले इस प्रकार के चालान की समयावधि सही और पर्याप्त थी, मगर अब की चालान अवधि से व्यवसायियों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस मामले को डॉ. नीरा यादव विधानसभा के पटल पर रखने का काम किया एवं सरकार से मांग किया कि पूर्व की भांति वाहनों में लोड खनिज पदार्थ के चालान की समयावधि निर्धारित किया जाय।

### सीपी मेमोरियल और स्कूल ब्राइट फ्यूचर अपने-अपने मैच जीते, रवि का शतक



मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देते उपाध्यक्ष व अन्य।

**गढ़वा।** गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के चैथे दिन सीपी मेमोरियल स्कूल ने टेंडर हार्ट स्कूल को 56 रनों से तथा ब्राइट फ्यूचर स्कूल ने सेंट्रल स्कूल को 23 रनों से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। पहले मैच में सीपी मेमोरियल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए रवि पाल के तूफानी पारी नाबाद शतक 126 रन और बिपुल के नाबाद 45 रनों के सहयोग से एक विकेट के खोकर 218 रनो का विशाल स्कोर खड़ा किया। 219 रनों के लक्ष्य को लेकर खेलने उतरी टेंडर हार्ट की टीम हिमांशु के 30 और रुद्र के 27 रनों के सहयोग से निधारित ओवर में आठ विकेट खोकर 162 रन ही बना पाई। बता दें कि रवि का इस प्रतियोगिता में यह दूसरा शतक है। दूसरे मैच में स्कूल ब्राइट फ्यूचर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए यूनिश अंसारी के 80 रन की बदौलत 126 रनों का स्कोर खड़ा किया। सेंट्रल पब्लिक स्कूल की ओर से जिशान ने चार विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी सेंट्रल पब्लिक स्कूल मदरसा रोड की टीम 103 रन ही बना सकी। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सीपी मेमोरियल स्कूल के रवि पाल को और स्कूल ब्राइट फ्यूचर के यूनिस अंसारी को संघ के उपाध्यक्ष सुशील केशरी, उमेश सिंह ने प्रदान किया। मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, उमेश सिंह, प्रवीण मिश्रा, नवनीत, प्रिंस खान, मनीष, विशाल कुमार, आलोक, आदित्य, धीरज, अभिषेक द्विवेदी, अमित उपाध्याय, अभिषेक कुमार आदि उपस्थित थे।

### अवैध गांजा के पौधे के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**चतरा।** सदर थाना पुलिस ने गांजा पौधा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर सदर थाना क्षेत्र के कडलंगा गांव का गोपाल दांगी पिता ब्रह्मदेव दांगी हैं । पुलिस ने उसे खदेड़ कर गिरफ्तार किया है। यह जानकारी एसडीपीओ अविनाश कुमार ने मंगलवार को सदर थाना परिसर में प्रेस कांफ्रेंस कर दी। उन्होने बताया कि पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम कडलंगा में स्थानीय लोगों के द्वारा अवैध गांजा की खेती की गई है। इस सूचना पर पुलिस उपाधीक्षक (परिक्ष्यमान) चतरा वसीम रजा के नेतृत्व में एक छापामारी टीम गठित किया गया। गठित टीम के द्वारा ग्राम कडलंगा थाना सदर जिला चतरा में स्थित खेत में गांजा की खेती की गई थी। उक्त खेत में मालिक द्वारा काम किया जा रहा था जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। जिसे सशस्त्र बल के द्वारा खदेड कर पकडा गया। जिसका नाम पता पुछने पर अपना नाम गोपाल दांगी पिता ब्रह्मदेव दांगी गांव कडलंगा थाना सदर जिला चतरा बताया। तथा यह भी बताया कि यह मेरा खेत है तथा खेत में मेरे द्वारा गांजा का फसल लगाया गया है गांजा तैयार होने पर उसे ऊँचे दाम में बेचा जाता है।

स्पीड न्यूज

### ठंड बढ़ते ही प्रखंड प्रशासन के द्वारा किया गया कंबल का वितरण

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों ठंड का प्रकोप काफी तेजी से बढ़ रही है। वही बढ़ते ठंड से राहत दिलाने के लिए प्रखंड प्रशासन के द्वारा सभी पंचायत के वार्ड में नि:शुल्क कंबल का वितरण किया जा रहा है। वहीं मंगलवार को घासीटोला पंचायत के सोनवार वार्ड के उप मुखिया संजय उरांव, और घासी टोला वार्ड के वार्ड सदस्य आशा कुमारी के द्वारा दर्जनों जरूरतमंद लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया गया है।

### बारिखाप में स्वास्थ्य सहियाओं के साथ बैठक

**बारियातू।** प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य बारीखाप केंद्र भवन परिसर में स्वास्थ्य सहियाओं के साथ मंगलवार को बैठक किया गया। बैठक में बीटीटी हीरामन पाण्डेय व दिलीप दांगी ने उपस्थित सहियाओं को प्रोफाइल अपडेट एंव कार्य सम्बंधित, एचबीएनसी, विएचएनसी, नियमित पीएलए बैठक, मैत्री बैठक पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही सभी प्रकार के सहिया रजिस्टर अपडेट रखने की नशीहत दी गई। मौके पर सहिया साथी गौरी देवी, सहिया चंचला देवी, सुनीता देवी, अजमेरी खातून, सीतामणी देवी, क्रिन्ति देवी, हलीमा खातून, पूनम देवी, नमिता पांडेय, कुंती देवी, रीता देवी सहित दर्जनों सहिया उपस्थित थे उपस्थित थे।

### पुलिस ने चलाया हेलमेट चेकिंग अभियान



वाहन चेकिंग करती पुलिस।

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना चौक में मंगलवार को बालूमाथ पुलिस के द्वारा हेलमेट जांच अभियान चलाया गया। जांच अभियान के दौरान 50 से अधिक मोटरसाइकिल जब्त किए गए। मोटरसाइकिल जांच अभियान में शामिल बालूमाथ थाना एसआई कैलाश बड़ा, रामजी ठाकुर ने बताया की लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर यह जांच अभियान चलाया जा रहा है। सड़क सुरक्षा के मद्देनजर चलाए जा रहे इस विशेष अभियान में कई वाहनों को जप्त किया गया है। जिनसे फाइन की वसूली की जाएगी। वहीं पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाकर हेलमेट जांच किया जा रहा है। जिससे इन दोनों बालूमाथ प्रखंड में सड़क दुर्घटनाओं में कमी देखने को मिल रहा है। वहीं बालूमाथ में साप्ताहिक हाट मंगलवार वाले दिन हेलमेट जांच होने के कारण लोगों को कई परेशानी का सामना करना पड़ा।

### लोकपाल ने गारू प्रखंड में संचालित योजनाओं का किया जांच



जानकारी देते लोकपाल।

➲ पायी गयी अनियमितता सुधार का दिया निर्देश, नहीं तो होगी करवाई

**गारू।** प्रखंड के धांगरटोला पंचायत में लोकपाल संतोष पंडित द्वारा मनरेगा योजनाओं का जांच किया गया। उन्होंने बताया कि कुल छह योजना स्थल तक पहुंच कर उन्होंने जांच किया। इस दौरान धांगरटोला पंचायत में निर्मित सुरेश सिंह का सिंचाई कूप निर्माण का जांच किया गया। इसके अलावे अन्य पंचायत में निर्मित दो बकरी शेड, सुवर शेड तथा टीसीबी का भी जांच किया गया। जांच में टीसीबी मानक अनुरूप खुदाई नहीं पाया गया। अन्य कूप निर्माण को ठीक ठाक बताया परन्तु एक भी योजना स्थल पर सूचनापट्ट नहीं होने पर चौराहा पर नागरिक पट्ट लगाने का निर्देश दिए। बात चित में उन्होंने कहा कि मनरेगा कर्मियों की कार्यशैली ग्रामीणों के हित में हो इसके लिए सुधार की जरुरत है। एक टीसीबी निर्माण या मेढ़बंधी के लिए लाभुकों को पंचायत ही सुविधा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जांच में गारू बीपीओ प्रिंस कुमार, एई दिलीप पाल समेत अन्य कर्मी मौजूद थे।

# टोरी, फ्लाई ओवर और फुट ब्रीज निर्माण शुरू कराने के लिए माकपा ने किया राज्यपाल से आग्रह

खबर मन्त्र संवाददाता



रेलवे फाटक पर जाम में फंसे लोग।

**चंदवा।** माकपा नेता अयुब खान, जिला सचिव सुरेंद्र सिंह ने महामहिम राज्यपाल महोदय को ट्विटर पर ट्वीट कर टोरी जंक्शन, चंदवा एनएच 99 न्यु 22 स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण कार्य शुरू कराने और टोरी रेलवे जंक्शन के पश्चिम में फुट ब्रिज निर्माण कार्य शुरू कराने की आग्रह उनसे किया है। पार्टी ने कहा है कि दो वर्ष पहले ही झारखंड के लातेहार जिले की टोरी चंदवा के फ्लाई ओवर ब्रिज की मंजूरी मिल चुकी है। टेंडर होने के बाद इसका शिलान्यास दिनांक 03 अप्रैल 2021 को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी, मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के हाथों किया जा चुका है लेकिन नेशनल हाईवे (एनएच) विभाग ने कई बहाने बनाकर जान बूझकर दो वर्ष से इसका निर्माण कार्य शुरू नहीं कर रही है। टोरी रेलवे जंक्शन व्यस्त रेलमार्ग है तीन रूट रांची-लोहरदगा से टोरी, टोरी से बालूमाथ, हावड़ा से टोरी भाया दिल्ली समेत अन्य महानगरों तक रोजाना करीब सैंकड़ों गुड्स ट्रेन और दर्जनों एक्सप्रेस ट्रेनों का आना जाना लगा रहता है, जिसके कारण फाटक बंद ही रहता है, शिर्फ लोगों को पास करने के लिए कुछ मिनट खोल दिया जाता है, सभी वाहनों को पास होते ही बंद कर दिया जाता है, एनएच पर फाटक होने के कारण फाटक से हजारों छोटी बड़ी दो पहिया और चार पहिया वाहन से प्रत्येक दिन हजारों लोग गुजरते हैं जो फाटक जाम में फंसकर आधे से अधिक घंटे तक लंबी कतार में खड़े रहते हैं, फाटक जाम में मरीज लिए एम्बुलेंस भी फंस जाती है, दर्जनों मरीजों की मौत फाटक जामपर फंसने से हो चुकी है। टोरी स्टेशन के पश्चिम में फुट ओवरब्रिज की मंजूरी रेलवे विभाग ने एक वर्ष पहले ही दे दी है लेकिन रेल विभाग की उदासीन रवैये के कारण इसका निर्माण शुरू नहीं हो पाया है, इसके निर्माण नहीं होने से छात्र छात्राओं को स्कूल कॉलेज अस्पताल जाने में परेशानी हो रही है, स्टेशन आने जाने के लिए रास्ता ही नहीं है जिसके कारण यात्रीयों को ट्रेन से कटकर मौत हो रही है।

## चंदवा पुलिस ने रेलवे फाटक व इंदिरा चौक पर चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान

➲ एसपी के निर्देश पर विगत 9 दिनों से चंदवा से लगातार चल रहा है अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** लातेहार उपायुक्त हिमांशु मोहन व एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण को लेकर चंदवा पुलिस के द्वारा चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम के तहत विशेष सघन वाहन चेकिंग अभियान मंगलवार को 9 वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान चंदवा थाना द्वारा गठित 2 टीमों के द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत टोरी रेलवे क्रोसिंग बाईपास व इंदिरा गांधी चौक पर दो पहिया वाहनों की जांच की गई। जांच के क्रम में मुख्य रूप से दो पहिया वाहन चालकों से हेलमेट की गई। जांच के क्रम में लगभग एक दर्जन की संख्या में दो पहिया वाहनों चालको को नियमों का उलंघन करते पकड़ा गया। जिनके वाहनों को जब्त कर प्रशासन अग्रतर कार्रवाई में जुटी थी। बता दें कि अबतक अभियान के क्रम में अबतक करीब एक हजार वाहनों की जांच की गई है जिसमे लगभग ढाई सौ वाहनों को नियमो का उलंघन करते पकड़ा गया है। इधर 9 दिनों से लगातार चल रहे वाहन चेकिंग अभियान का असर चंदवा बाजार में भी देखने को मिल रहा है। होटल, फास्टफूड कार्नर, चाय की टपरी, राशन दुकान, सब्जी दुकानदारों पर इसका व्यापक असर देखा जा रहा है। अभियान के कारण बाजार में लोगों के कम आने से दुकानदारी चौपट नजर आ रही है जिससे दुकानदारों को भारी नुकसान भी उठाना पड़ रहा है।

# बीमा राशि का लाभ के लिए लाभुक बैंक का चक्कर लगाकर परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता



बीमा को लेकर जानकारी देते पीड़ित।

**बारियातू।** प्रखंड के टोंटी पंचायत अंतर्गत सरहचवा टोला निवासी राजेन्द्र उरांव अपने पत्नी झुनिया देवी (35) की मृत्यु के बाद प्रधानमंत्री जिवन ज्योति बीमा योजना राशि के लाभ लेने के लिए बिते पांच माह से बैंक का चक्कर लगाकर परेशान है। पीड़ित उरांव ने जानकारी देते हुए बताया कि मेरी स्व. पत्नी झुनिया देवी का भारतीय स्टेट बैंक भैंसादोन शाखा में निजी खाता था। बैंक कर्मियों के कहने पर बीते 2021 में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत इंश्योरेंस कराया था। जिसमें बताया गया था कि प्रति वर्ष 436 प्रीमियम जमा करना है। इसी बीच अगर बीमा धारक की बीमारी या दुर्घटना से मौत हो जाती है तो उनके नॉमिनी को बैंक के द्वारा दो लाख रुपये बीमा राशि की लाभ दी जायेगी। 27 जुन 2022 को दुसरा प्रीमियम जमा हुआ था। जिसके बाद 13 जुन 2023 को मेरी पत्नी का बीमारी के कारण मौत हो गई। मौत के पश्चात मृत्यु प्रमाण पत्र सहित सभी जरूरी दस्तावेज के साथ मैं इंश्योरेंस क्लेम लेने के लिए भैसादोन शाखा में जमा किया। तबसे मुझे बैंक द्वारा दौड़ाया जा रहा है। लगभग पांच माह से बैंक का चक्कर लगा रहा हूँ। आजकल करते पांच महीना बीत गए लेकिन बीमा की राशि नहीं मिल पाया है और न ही बैंक द्वारा हमे संतुष्ट किया जा रहा है। थक हार कर बीते 18 दिसम्बर को टोंटी पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगे शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी को भी आवेदन दिया। मेरे दो बेटी गीता कुमारी (10) व संगीता (8) वर्ष की है। मैं एक मजदूर हूँ मेरा और केई सहारा नहीं। अगर बीमा की दो लाख राशि मिल जाये तो मैं अपने दोनों बेटियों को सही ढंग से पालन पोषण कर उच्च शिक्षा दिला सकता हूँ। पीड़ित ने उपायुक्त से बीमा योजना के तहत मिलने वाली राशि दिलाने का मांग किया है।

## सरस्वती विद्या मंदिर में वंदना कार्यक्रम का आयोजन

**लातेहार।** सरस्वती विद्या मंदिर के वंदना सभागार में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के राष्ट्रीय मंत्री ब्रह्मा राव, क्षेत्रीय शारीरिक प्रमुख राजेश प्रसाद एवं पलामू विभाग के निरीक्षक नीरज लाल की उपस्थित रहे। वंदना की शुरूआत राष्ट्रीय मंत्री के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई वंदना के उपरांत छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए ब्रह्मा राव ने अपने भारत देश के महान सपूतों के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बाल दिवस, शिक्षक दिवस, चिकित्सा दिवस एवं अभियंता दिवस मनाने के पीछे के उद्देश्यों और इन दिवसों के पीछे महान पुरुषों के कृतियों को छात्र-छात्राओं के सामने रखा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष एक जुलाई को चिकित्सा दिवस मनाते हैं। चिकित्सक विधान चंद्र राय की याद में चिकित्सा दिवस मनाया जाता है। विधान चंद्र राय असाधारण प्रतिभा के नायक थे। उन्होंने बताया कि पूरा भारत प्रत्येक वर्ष 15 सितंबर इंजीनियर दिवस मनाता है। जो भारत के महान अभियंता सर यम मोझगुंडम विश्वर्या की याद में मनाया जाता है। मौके पर लालबहादुर राम, शशिकांत पांडे, विजय पाठक, ओंकार नाथ सहाय, राधे श्याम मिश्र, ममता देवी, सुरेश ठाकुर, नीलम अंबशटा, रेणु गुप्ता, गीता कुमारी, गोपाल प्रसाद, रितेश रंजन गुप्ता, धर्मप्रकाश प्रसाद, पूनम गुप्ता, आलोक कुमार पांडेय, फूलचंद सिंह, कपिल देव प्रमाणिक, रविकांत पाठक, राकेश कुमार सिन्हा, रविन्द्र कुमार पांडेय, दीपक कुमार शर्मा, विकास कुमार गुप्ता, रजनी नाग, श्वेता श्रीवास्तव, अनुजा कुमारी, उपासना कुमारी, शिल्पा पाठक, आकाश कुमार सेन, दीपक कुमार दास, मधु, खुशबू तिवारी समेंत विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

एक नजर में

## प्रखंड कार्यालय में कृषि मेला का हुआ आयोजन



कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड कार्यालय परिसर में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) लातेहार के तत्वाधान में कृषि मेला सह प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन परियोजना निदेशक आत्मा लातेहार डॉक्टर दिव्येश कुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख ममता देवी, बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ईश्वर उरांव, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष नागदेव उरांव, बरियातू झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र गंझु ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ सोमा उरांव ने कहा कि कृषि मेला में किसानों के लिए कई जानकारियां उपलब्ध कराई जाती हैं। इसका आप सभी किसान लाभ ले। आगे उन्होंने कहा कि कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में किसानों को कृषि मेला में बेहतर तरीके से जागरूक किया जाता है। वहीं कार्यक्रम में कई किसानों के बीच पंपसेट समेत कृषि सामग्री का भी वितरण किया गया। इसके अलावा 174 किसानों के खेत की मिट्टी का नमूना लिया गया।

## प्रधानमंत्री के द्वारा 18 कामगारों के सम्मान समृद्धि एवं स्वाभिमान बढ़ाने का कार्य किया गया है: मुकेश



मौके पर मौजूद भाजपा कार्यकर्ता।

**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी जिला लातेहार के बैनर तले प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की शुरूआत पाण्डेयपुरा पंचायत के ग्राम किनामाड़ से मंगलवार को शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा उपस्थित थे। जिला प्रभारी अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 18 कामगारों के सम्मान समृद्धि एवं स्वाभिमान बढ़ाने का कार्य किया है। पीएम विश्वकर्म योजना से विभिन्न कामगार लाभान्वित होंगे जिसमें सोनार, कुमहार, धोबी, नई, राजमिस्त्री, लोहार, मूर्तिकार, मालाकार, मोची, ताला बनाने वाला, खिलौने बनाने वाला, टूलकिट निमार्ता, मछली का जाल बनाने वाला, नाव बनाने वाला, धोबी एवं दर्जी इस योजना का लाभ लेकर समृद्ध एवं सशक्त होंगे। मौके जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, जिला महामंत्री पंकज सिंह, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साहू, ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री विष्णु देव प्रसाद गुप्ता, भाजपा नेता महेश सिंह, जिला कार्य समिति सदस्य आनंद सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष रितेश कुमार, अजय तिवारी समेत कई लोग मौजूद थे।

## भाजपा के कार्यकर्ताओं ने किया बैठक



बैठक करते भाजपा कार्यकर्ता।

**बारियातू।** मंडल भाजपा कार्यालय परिसर में युवा मोर्चा द्वारा मंडल कार्य समिति एवं मंडल सशक्तिकरण अभियान को लेकर कार्यकर्त्ताओं के साथ मंडल अध्यक्ष संदीप केसरी की अध्यक्षथा में बैठक की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में आए भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश समिति सदस्य सह बारियातू प्रभारी रवि सिंह, भाजपा अध्यक्ष लव कुमार सिंह, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनिल प्रसाद जिला उपाध्यक्ष देवनंदन प्रसाद ने बैठक में उपस्थित कार्यकत्ताओं को मंडल सशक्तिकरण एवं मेरा बूथ सबसे मजबूत पर विस्तृत चर्चा करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया। धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री प्रभु नारायण ने किया। मौके पर रूपेश सिंह, सतीश केसरी सतीश केसरी प्रभु यादव, संदीप यादव, कुलदीप यादव, महेश गंझू, गौतम यादव, मंटू ठाकुर, पंकज सिंह, कृष्णा पासवान, विनोद यादव, नागमणि यादव, निरंजन राम सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## फिर से गरमाया प्लस टू हाई स्कूल जमीन विवाद का मामला



जांच करती टीम।

➲ जमीन बचाव समिति से जुड़े कई लोगों पर एक पक्ष ने दर्ज कराया मामला, जांच शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू हाई स्कूल की जमीन को लेकर चल रहा है विवाद फिर से गहरा गया है। मामले में अपने आप को रैयत बता रहे रूपेश उरांव नामक युवक के द्वारा हाई स्कूल जमीन बचाव समिति से जुड़े विद्यालय प्रबंधन के लोग व समिति से जुड़े कई प्रबुद्धजनों पर मामला दर्ज कराया गया है। जिसके आलोक में मंगलवार एसडीपीओ के निदेर्शानुसार चंदवा पुलिस की टीम मामले की पड़ताल शुरू कर दी है। प्रशासनिक टीम के द्वारा मामले से जुड़े दोनों पक्षों से जांच पड़ताल कर रही है। विदित हो कि हाई स्कूल की जमीन को लेकर विगत कई वर्षों से गतिरोध चल रहा है। विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि जिस जमीन पर रैयत होने की बात कह दावा किया जा रहा है वह विद्यालय की जमीन है व वर्षों पूर्व विद्यालय का भवन था। वहीं दूसरे पक्ष की ओर जमीन की कागजात होने की बात कर दावा पेश किया जा रहा है। लोगो का आरोप है कि प्रशासनिक उदासीनता के कारण मामला सुलझने के बजाय और उलझता जा रहा है। जिससे कभी भी संघर्ष होने की संभावना बन रही है।

गरीबों की सेवा के लिए विधिक सेवा प्राधिकार कृतसंकल्पित : अरविंद

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से वंचित व जरूरतमंद लोगों के बीच किया गया कंबल का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



**लातेहार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से वंचित और जरूरतमंद लोगों के बीच मंगलवार की शाम कंबल का वितरण टोरी रेलवे स्टेशन परिसर में किया गया। दिसंबर के मध्य से ही कड़ाके की ठंड क्षेत्र में पड़ रही है। कड़ाके की ठंड और गिरते तापमान को ध्यान में रखते हुए डालसा के निर्देश पर चल रहे कार्यक्रम के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर लातेहार के वरीय अधिवक्ता लाल अरविंद नाथ शाहदेव व पदाधिकारियों ने टोरी रेलवे स्टेशन व समपार क्रासिंग पर मौजूद गरीब, वंचित, दिव्यांग और जरूरतमंद लोगों के बीच कंबलों का वितरण किया गया। अधिवक्ता अरविंद ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर रहने वाले को जिला विधिक सेवा प्राधिकारी की टीम पूरी तत्परता से राहत पहुंचाने में जुटी हुई है। समाज के गरीब व जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार कृतसंकल्पित है। वैसे लोग जो लाचार, बेबस व गरीब होने के कारण इस कड़ाके की ठंड में किसी तरह अपना जीवन गुजर बसर कर रहे हैं। उन लोगों को चिन्हित कर कंबल का वितरण किया जा रहा है। अंचल पदाधिकारी चंदवा जयशंकर पाठक ने कहा कि गरीबों की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। उन्होंने क्षेत्र के सक्षम लोगों से भी गरीबों व बेसहारा लोगों की मदद करने के लिए आगे आने का आह्वान किया। वहीं कड़ाके की ठंड में कंबल पाकर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस मौके पर इंस्पेक्टर चंद्रशेखर चौधरी, थानेदार शुभम कुमार, रवि कुमार, मुकेश कुमार, विशाल कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## समाजसेवी ने प्रशासन को दिखाया आईना



अख्तर अंसारी
फाईल फोटो

**मनिका।** मनिका प्रखण्ड क्षेत्र में इस वर्ष दिसंबर महीने में ठंड की मौसम चरम सीमा पर है लोग जगह जगह पर ठंड से ठिठुरते एवं बचते हुए देखे जा रहे हैं। वहीं इस वर्ष अधिक ठंड पड़ने के बावजूद प्रशासन के द्वारा ठंड से बचाव के लिए चौक चौराहे पर अलाव जलाने या अन्य कोई व्यवस्था नहीं किया गया। वहीं प्रशासन को आईना दिखाते हुए दुंदु पंचायत के चौकिया गांव निवासी समाजसेवी अख्तर अंसारी अपने निजी खर्च कर लोगों को कई वर्षों से मदद करते आ रहे हैं इसी तरह दिन मंगलवार को भी प्रखण्ड क्षेत्र के कई जगहों पर लकड़ी (अलाव) की व्यवस्था करवाया ताकि दूरदराज से आए हुए लोग अलाव की आग के पास आकर खुद को ठंड से बचा पाए वहीं 2 दिन पूर्व में उन्होंने अपने निजी खर्चे से 70 गरीब जरूरतमंदों के बीच कंबल का भी वितरण किया था। उन्होंने कहा कि लगातार समाजसेवा से जुड़ा हुआ हूं क्षेत्र के सभी लोगों के दुख सुख में शामिल होकर उनकी मदद करने का प्रयास करता हूं गरीबों की सेवा करना भगवान की सेवा करने का सामान्य है।

## पीसीसी सड़क तोड़कर जल नल योजना का काम करने का आरोप



टुटा सड़क।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के सीरम ग्राम स्थित पंडरिया टोला के ग्रामीणों ने बालूमाथ बीडीओ सोमा उराँव को आवेदन देकर कहा है कि पंडरिया ग्राम में जल-नल योजना के संवेदक द्वारा ग्रामीण पीसीसी पथ को बीचोबीच तोड़कर पाइप बिछाने का कार्य किया जा रहा है। संवेदक द्वारा इस पाइपलाइन को दूसरे तरफ से भी ले जाया जा सकता था। लेकिन जेसीबी मशीन से सड़क को ही तोड़कर पाइपलाइन बचाने का काम किया जा रहा है। जिससे स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश है एवं लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आगे ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क से चार-पांच गांव का आगमन होता है। लेकिन संवेदक द्वारा रोड को काटकर जल नल का काम करने से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बालूमाथ बीडीओ से उपरोक्त मामले की जांच कर दोषी संवेदक पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। दिए आवेदन में अखिलेश कुमार यादव, गणेश यादव, टोनी देवी, बालेश्वर यादव, राजू यादव, जय यादव, अनु देवी, नेहा देवी, रूपेश यादव, सावित्री कुमारी, सुनीता देवी, श्रवण यादव, प्रमोद यादव, सरिता देवी, शंकरी देवी, अखिलेश यादव, झरी यादव, ईश्वर यादव, वीरेंद्र यादव, अनीता देवी, सीमा देवी, महेंद्र यादव, रतनी देवी, बलराम यादव समेत कई लोगों ने हस्ताक्षर किया है।

## भाजपाइयों ने सशक्तिकरण अभियान को लेकर की बैठक



**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित भारतीय जनता पार्टी के मंडल कार्यालय में दिन मंगलवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंकित राज (गोलु) की अध्यक्षता में मंडल सशक्तिकरण अभियान के निमित्त बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर अंकित राज ने बताया कि प्रदेश में भाजपा ने लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। जिसे लेकर बुथ सशक्तिकरण अभियान के सभी बिंदुओं को कार्यकताओं के समक्ष रखा गया जल्द ही इस प्रकार के कार्यक्रम जिला मंडल और बूथ स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। इसी के अंतर्गत बुथ सशक्तिकरण अभियान पूरे प्रदेश भर में चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत संसदीय क्षेत्र,जिला मंडल और बुथ को सशक्त बनाने की पूर्ण राजनीतिक तैयारी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में सभी सीटों पर भाजपा जीत हासिल करेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल प्रभारी अजय प्रसाद मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री चंदन कुमार गुप्ता ने किया। मौके पर सिंजो पंचायत मुखिया निर्मला देवी, संतोष यादव, सहायक सिंह, विजय सिंह, राजकुमार सिंह, परमेश्वर सिंह, योगेंद्र सिंह, दिलीप, समेत कई लोग उपस्थित थे।

# मनिका प्रखंड के जुंगूर में सरकार का हर घर नल जल योजना असफल होने के कगार पर

## ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है योजना का लाभ जिला प्रशासन से जांच कर कार्रवाई करने की मांग

➲ 130 फिट किया जा रहा बोर, शुरूआत में ही जगह-जगह पर पाइप फटा, व्यर्थ हो रहा पानी का बहाव

➲ काम करवाने के महीने बीत जाने के बाद भी नहीं हुआ ग्रामीणों के मजदूरी का भुगतान

खबर मन्त्र संवाददाता



विरोध करते व जानकारी देते ग्रामीण।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के जुंगूर पंचायत क्षेत्र में सरकार का हर घर नल जल योजना असफल होने के कगार पर देखा जा रहा है ग्रामीणों को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। हर घर नल जल योजना के तहत सरकार का लक्ष्य था कि हर एक गरीब ग्रामीण के घर तक पानी पहुंच सके लेकिन योजना के तहत जल मीनार बना रहे संवेदक इसका निर्माण अपने मनमानी तरीके से कर रहे हैं जगह-जगह पर इतनी लापरवाही बरती गई है कि योजना दो-तीन साल में ही जर्जर स्थिति पकड़ लेगी जिससे ग्रामीणों में संवेदक के प्रति काफी नाराजगी बनी हुई है। वहीं इसी पंचायत के छतवाक्रम गांव निवासी बृजलाल यादव ने बताया कि योजना का निर्माण 4 महीने पूर्व से ही चल रहा है लेकिन आज तक काम पूरा नहीं हुआ है और संवेदक ने 140 फीट बोरकर जल मीनार का निर्माण करवाया दिया है वहीं थोड़ी दूर आगे चलने पर बड़ा टोला गांव निवासी कालो देवी,रमेश यादव ने बताया कि हम लोग ठेकेदार को ज्यादा बोर करने के लिए बोले थे लेकिन 130 फीट बोर करने के बाद ठेकेदार ने जल मीनार का निर्माण करवा दिया है अब स्थिति ऐसी है कि यहां पर लगाए गए चापाकल में भी इस बोर से पानी नहीं आ रहा है। वहीं डेमटोला गांव के रहने वाले जागो देवी, राजकुमार यादव, समेत दर्जनों ग्रामीणों ने कहा कि यहां पर सरकार के द्वारा हम लोगों के पानी की सुविधा के लिए जल मीनार बनवाया जा रहा है लेकिन संवेदक 130 फीट बोर करवा कर जल मीनार का निर्माण करवा रहा है जो सरासर गलत है। ग्रामीणों ने बताया कि हम लोगों के घर तक पानी ले जाने के लिए पाइपलाइन बिछाई गई है जिसमें अभी से ही पाइप फट गया है और पानी खोलने पर जगह-जगह पर पानी का लीकेज होता है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि संवेदक के द्वारा जल मीनार में काम करवाने के महीने बाद भी उन्हें मजदूरी नहीं दिया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर इस तरह से यहां पर जल मीनार का निर्माण होता है तो यह योजना दो-तीन साल के अंदर ही जर्जर हो जाएगी और हमें फिर से पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ेगा। मौके पर ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से जांच कर संवेदक के ऊपर कार्रवाई करते हुए योजना का सही से निर्माण करवाने का मांग किया है।

स्पीड न्यूज

## दो रंगदार गिरफ्तार

**गोड्डा।** महगामा थाने में वादी वैभव पांडे की ओर से दर्ज कराए गए प्राथमिकी के आधार पर थाना प्रभारी महगामा अरुण कुमार ने उच्चाधिकारी के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए दो रंगदारों को हिरासत में लिया है । कृष्णा साह 42 वर्ष माणिक पुर थाना महगामा जिला गोड्डा और लक्ष्मण यादव बाबूपुर इशीपुर बाराहाट बिहार दोनो को गिरफ्तार की गई दोनों ने अपना गुनाह कुबूल कर लिया है ।

## मत्स्य जीवी सहयोग समिति में विभिन्न पदों के लिए नामांकन

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के रूंजी पंचायत सचिवालय में सोमवार को ठाकुर गंगटी आंचल मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड से संबंधित विभिन्न पदों के लिए नामांकन हुआ। निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी किशोर कुमार सिन्हा ने सभापति मंत्री और प्रबंध कार्यकारिणी समिति सदस्य पद के लिए नामांकन लिया ।जिसमें सभापति के लिए प्रमोद मंडल,मंटू मंडल ने,मंत्री पद के लिए रुमा देवी, इंद्रजीत मंडल,संजय मंडल और बनारसी मंडल ने नामांकन का पर्चा भरा ।वहीं प्रबंध कार्यकारिणी समिति सदस्य के लिए गीता देवी,सुशील मंडल, संझलि देवी,उमेश मंडल, कैली देवी,वीरेंद्र मंडल,प्रदीप मंडल,रीना देवी,चंचली देवी,बुधनी देवी ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया ।इस अवसर पर नामांकन केंद्र के बाहर मुनीलाल मंडल नरेश मंडल विनोद मंडल संजय मंडल रंजीत मंडल आदि थे।

## प्रधान शिक्षक गए जेल कौन संभालेगा स्कूल ?

**गोड्डा।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय दियारा के प्रधानाध्यापक सुरेंद्र कुमार अपने निजी जिंदगी के उलझनों के विवाद में चले गए जेल अब एक पारा टीचर शिक्षिका अकेली है इस स्कूल में जिन्हे विद्यालय चलाना है ।सरकारी स्कूलों में शिक्षा पर जहां सबसे अधिक खर्च शिक्षा बजट पर किया जाता है भारी ताम झाम के साथ भारी भरकम शिक्षकों और कर्मचारियों की फौज मौजूद हो लेकिन ये सब शिक्षा देने की व्यवस्था जब पढ़ाने वाले ही न हो तो बेमानी सी लगती है । उच्चाधिकारी ध्यान देकर जल्दी उनकी जगह किसी और शिक्षकों की पदस्थापन का कार्य करे तो बेहतर ।

## अपराधियों ने चौकीदार से लूटे पांच लाख रुपए

**नवादा (हि. स.)।** नवादा नगर के भीड़भाड़ वाले इलाके से मंगलवार को रिटायर्ड चौकीदार से अपराधियों ने 5 लाख रुपये लूट लिए ।चौकीदार रोता– चिल्लाता रहा पर उसकी किसी ने मदद नहीं की। रिटायर्ड चौकीदार कृष्ण प्रसाद ने नगर थाने को लिखित सूचना देकर बताया कि वह भारतीय स्टेट बैंक के कृषि शाखा से बेटी की शादी के लिए 5 लाख रुपये निकाल कर ले जा रहा था। इसी बीच दो मोटरसाइकिल सवार युवको ने जबरन उनका थैला छीन लिया रोकने पर उन्हें पिटाई भी की। वह चीखता चिल्लाता रहा लेकिन कोई भी उसे बचाने नहीं पहुंचा। चौकीदार का यह भी कहना है कि न्यायालय के निकट पुलिस बल के लोग भी दिखे लेकिन किसी ने भी सहानुभूति पूर्वक उसकी मदद नहीं की।

## काम करने निकले मजदूर का बलान नदी में मिला शव

**बेगूसराय (हि.स.)।** बेगूसराय में मंगलवार को बलान नदी से वीरपुर पश्चिमी पंचायत निवासी मोहम्मद कौसर का शव बरामद किया गया है। घटना वीरपुर थाना क्षेत्र के जिन्दपुर गांव के समीप की है। सूचना मिलते ही पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मंगलवार को स्थानीय ग्रामीण नदी की ओर गए तो एक युवक को नदी में देखा। स्थानीय लोगों ने काफी कोशिश के बाद बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों का कहना है कि करीब एक घंटे पहले इस युवक को गांव में ही नदी के किनारे देखा गया था। थोड़ी देर बाद उसे नदी में डूबा पाया गया। शव निकालकर घटना की सूचना वीरपुर थाना को दी गई। वीरपुर थानाध्यक्ष कुमार पल्लव ने बताया कि घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा मिली। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

# श्यामा मंदिर में अब बलि की इजाजत, न्यास समिति ने हटाई रोक

खबर मन्त्र संवाददाता

**दरभंगा।** बिहार के दरभंगा जिले में श्यामा मंदिर में बलि चढ़ाने पर रोक के फैसले को वापस ले लिया गया है। अब मंदिर में भक्त पशु बलि चढ़ा सकेंगे। न्यास समिति और जिला प्रशासन की मंगलवार को हुई बैठक के बाद यह फैसला लिया गया है। हालांकि, बलि चढ़ाने के नियमों में बदलाव किया गया है। मंदिर प्रशासन को इस प्रथा से पूरी तरह अलग कर दिया गया है। श्यामा माई मंदिर में आने वाले भक्त अपनी व्यवस्था और श्रद्धा से मंदिर बलि चढ़ा सकेंगे। इसमें मंदिर प्रशासन की कोई भूमिका नहीं होगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक श्यामा माई मंदिर भक्त न्यास समिति के साथ दरभंगा के डीएम राजीव रौशन ने मंगलवार को बैठक की। इसमें न्यास समिति द्वारा पूर्व में बलि पर लगाई गई रोक के फैसले पर पुनर्विचार किया गया। बैठक में फैसला लिया गया कि श्यामा माई मंदिर में बलि प्रथा पर रोक



नहीं लगेगी। हालांकि, मंदिर प्रशासन की इसमें कोई भूमिका नहीं रहेगी। अगर कोई भक्त माता को बलि चढ़ाना चाहता है तो वह ऐसा कर सकता है। इसके लिए मंदिर प्रशासन की ओर से कोई संसाधन उपलब्ध नहीं कराया जाएगा, ना ही कोई कर्मचारी इसमें हाथ बंटाएगा। इसके अलावा भक्तों से बलि चढ़ाने का कोई शुल्क भी नहीं लिया जाएगा। बता दें कि बलि पर रोक लगने के बाद से इसका विरोध शुरू हो गया था। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह समेत बीजेपी नेताओं ने भी इस फैसले को हिंदुत्व विरोधी बताया था। दरभंगा में बजरंग दल समेत हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने रैली भी निकाली और बलि प्रथा पर रोक के फैसले को वापस करने की मांग की। हालांकि, कुछ सामाजिक संगठन इस फैसले के समर्थन में भी दिखे। फिलहाल, श्यामा मंदिर में बलि प्रथा पर लगी रोक को हटा दिया गया है। इससे श्यामा माई के भक्तों में खुशी की लहर दौड़ गई है भक्तों का कहना है कि यह मंदिर दरभंगा के महाराज की चिता पर बना हुआ है। इसलिए यहां पर काली माता की तांत्रिक पद्धति से पूजा की जाती है। इसके लिए बलि चढ़ाने की बरसों पुरानी परंपरा है। हाल ही में गठित न्यास समिति ने परंपरा के विपरीत बलि प्रथा पर रोक लगा दी थी, जिससे श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश देखने को मिला।

## लखीसराय ट्रिपल मर्डर: सिरफिरे आशिक ने किया सरेंडर

**लखीसराय।** बिहार के लखीसराय जिले में छठ पर्व के मौके पर 20 नवंबर की सुबह एक लड़की और उसके दो भाइयों की गोली मारकर हत्या करने वाले सिरफिरे आशिक ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। आशिक के हमले में लड़की के पिता और दो भाभियों को भी गोली लगी थी जिसमें एक भाभी आज भी आईसीयू में जिंदगी और मौत से जूझ रही है। पुलिस ने आशीष चौधरी पर 50 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया था लेकिन उसका सुराग नहीं मिला। पुलिस अब उसके घर-संपत्ति की कुर्की-जब्ती के लिए कोर्ट गई थी जिसकी भनक लगने पर आशीष चौधरी ने मंगलवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। पुलिस अब उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। लखीसराय एसपी पंकज कुमार ने कहा कि पुलिस के दबाव में आशीष ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया है।

## गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ए दोड्डे की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस समारोह 2024 के तैयारी से संबंधित बैठक आयोजित हुई। उन्होंने कहा कि मुख्य समारोह स्थल पुलिस लाईन, दुमका में माननीय मुख्यमंत्री द्वार झण्डोत्तोलन सुबह 9 बजे किया जाएगा। मुख्य समारोह स्थल पर विभिन्न विभागों द्वार झाँकियों भी निकाली जाएंगी।

बैठक में जिले के विभिन्न सरकारी कार्यालयों के साथ साथ महत्वपूर्ण स्थलों पर झंडोत्तोलन हेतु समय निर्धारित किया गया। उपायुक्त ने कहा कि मुख्य समारोह स्थल पर एम्बुलेंस, चिकित्सक दल के आवश्यक चिकित्सकिया सुविधा के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित रहेंगे । उपायुक्त ने कहा कि विधुत विभाग निर्बाध बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

बैठक में मुख्य कार्यक्रम स्थल पर लाइट, साज सज्जा सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने का निदेश उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को दिया है। बैठक में महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ सफाई,माल्यार्पण,सड़कों के रंग रोगन सहित कई आवश्यक निदेश दिए गए।

## विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए किताब के जैसा, उसको पढ़ना होगा : प्रशांत किशोर

**पटना (हि.स.)।** विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए के लोकसभा चुनाव-2024 पर पड़ने वाले प्रभाव पर जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने मंगलवार को पटना में कहा कि इस गठबंधन का कितना असर होगा ये इस पर निर्भर करता है कि गठबंधन कितना बढ़िया बनता है और कितना बढ़िया चलाया जाता है। आप कोई किताब खरीदकर घर लेकर आइए लेकिन उसे बिना पढ़े आप परीक्षा तो पास नहीं हो जाएंगे। आईएनडीआईए भी वैसे ही है, जैसे आपने किताब जमा कर लिया है लेकिन उसको पढ़ना भी तो होगा। भाजपा के वोट बढ़ने से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए



प्रशांत किशोर ने कहा कि भाजपा बीते दिनों में 15 राज्यों में चुनाव कैसे हारी है। भाजपा जीत वहां रही है, जहां पर कांग्रेस कमजोर है। भाजपा का ज्यादातर जगहों पर मुकाबला कांग्रेस से है। भाजपा अपनी ताकत से जीतने के बजाय कांग्रेस की कमजोरी से ज्यादा जीत रही है। पिछली बार जो साल 2019 में चुनाव हुआ उसमें भाजपा को पूरे देश में 38 प्रतिशत वोट मिला। उन्होंने कहा कि यदि 100 लोग जो वोट देने गए उसमें 62 आदमी तो भाजपा के साथ नहीं हैं। अब जो 62 लोग भाजपा के साथ नहीं थे उसे एकजुट करने वाला कोई व्यक्ति या राजनीतिक ताकत नहीं है। इसलिए भाजपा आपको मजबूत दिख रही है। जब वो ताकत कोई बना लेगा, तो भाजपा को तो कोई ऐसा तो नहीं है कि 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिलता है। भाजपा के पास हिंदु-मुस्लिम की जो ताकत है, वो नई नहीं है।

# सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजय करोल ने बासुकीनाथ धाम में मत्था टेका

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** देवनगरी बासुकीनाथ धाम में मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संजय करोल ने पूजा अर्चना किया। जहां उन्हें मंदिर के गर्भगृह में विद्वान वैदिक पंडितों द्वाराषोड्षोपचार विधि से पूजा पाठ संपन्न कराया गया। बाबा को जलार्पण के पश्चात मंदिर में स्थापित सभी देवी देवताओं की पूरी विधि विधान के साथ पूजा की। इसके बाद मंदिर प्रांगण में पैतृक पांडा के मौजूदगी में एक भव्य आरती का कार्यक्रम आयोजित हुई।

जिसमें बाबा बासुकीनाथ माता पार्वती सहित समस्त देवी



देवताओं की आरती उतारी गई। इसके बाद जस्टिस करोल का काफिला पश्चिम बंगाल स्थित तारापीठ निकल पड़ा। उधर सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के आगमन को देखते हुए स्वच्छता एवं सुरक्षा का खास ख्याल रखा गया था। मंदिर की सुरक्षा चाक चौबंद नजर आई। डीसी ए दोड्डे के नेतृत्व में जिला प्रशासन के साथ स्थानीय प्रशासन मुस्तैद देखी गई। इस दरमियान जिले के न्यायिक सेवा के अधिकारी मौजूद रहे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण में शिविर हुई आयोजित

**शिकारीपाड़ा।** उपराजधानी दुमका के शिकारीपाड़ा प्रखंड के बरमसिया पंचायत में सरकार के द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं से अच्छादित करने के लिए राज्य की हेमंत सोरेन सरकार लगातार प्रयासरत है। इसी को लेकर सुबे के सभी पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को प्रखंड के बरमसिया पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा द्वारा पेंशन के पांच लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही जेएसएलपीएस , बाल विकास एवं वन विभाग द्वारा परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। शिविर में लोगों की समस्याओं के समाधान हेतु विभिन्न विभागों की स्टाल लगाए गए थे। आज सबसे अधिक 468 आवेदन आबुआ आवास के लिए दिए गए । इस अवसर पर उपविकास आयुक्त के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी मो एजाज आलम, अंचल अधिकारी कपिल देव ठाकुर, सहायक अभियंता अनंत कुमार भंडारी, प्रखंड पंचायती राज्य पदाधिकारी संजीव कुमार, महिला प्रसार पदाधिकारी तेरेसा मुर्मू, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा संदीप कुमार, प्रखंड प्रमुख हुर्दू मरांडी, जिला परिषद सदस्य प्रकाश हाँसदा, झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष चुंडा हेंब्रम, प्रखंड सचिव प्रभुनाथ हाँसदा, चंदो बास्की, बरमसिया पंचायत के मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे।

## साहिबगंज में दाहू यादव के घर पर सीबीआई की छापेमारी

साहिबगंज (हि.स.)। साहिबगंज के मंडरो अंचल के सिमरिया मौजा (नींबू पहाड़) में हुए अवैध खनन मामले में सीबीआई की टीम एक बार फिर एक्शन में है। सीबीआई की टीम मंगलवार सुबह शोभनपुरभट्ठा स्थित दाहू यादव के घर और बथान पर पहुंच कर जांच की। अवैध खनन मामले में फरार चल रहे दाहू यादव के घर पर सीबीआई की टीम ने छापेमारी की। सीबीआई की टीम मंगलवार पूर्वाह्न 11:15 बजे दाहू यादव के आवास पहुंची और उसके आवास के निकट बने बथान में पहुंचकर जांच की। साथ ही कई से पूछताछ भी की। पूरा मामला 1000 करोड़ के अवैध खनन व मनी लॉन्ड्रिंग केस से जुड़ा है। इस मामले की जांच के दौरान ईडी के गवाह विजय हांसदा बयान से मुकर गया था। विजय हांसदा का कहना था कि उस पर दबाव डालकर बयान लिया गया था। ईडी के गवाह विजय हांसदा के मामले की जांच अभी सीबीआई कर रही है। इसी सिलसिले में सीबीआई ने दाहू यादव के घर पर रेड की है। खबर लिखे जाने तक सीबीआई दाहू यादव के बथान में कुछ कागजात व दस्तावेजों सहित कई मामले में दाहू के पिता पशुपति यादव से पूछताछ कर रही थी।

## पश्चिमी सिंहभूम में दो आईईडी बम बरामद

**पश्चिमी सिंहभूम (हि.स.)।** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) के टोन्टो थाना क्षेत्र अंतर्गत पाटातोरब और चिड़ियाबेड़ा के बीच जंगली पहाड़ी क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन के दौरान दो आईईडी बम बरामद किया गया है। बरामद आईईडी में 10 किलो का एक और पांच किलो का एक शामिल है। एसपी आशुतोष शेखर ने मंगलवार को बताया कि सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए नक्सलियों के जरिये लगाये गये दो आईईडी बरामद किया गया है। दोनों आईईडी को डिफ्यूज कर दिया गया है। एसपी ने बताया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछू, चमन, कांडे,



अजय महतो, सांगेन अगरिया और अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है। इसी सूचना पर गत 10 अक्टूबर से पुलिस, कोबरा 209 बटालियन, 203 बटालियन, 205 बटालियन, झारखंड जगुआर एवं सीआरपीएफ 60 बटालियन, 197 बटालियन, 157 बटालियन, 174 बटालियन, 193 बटालियन, 07 बटालियन, 26 बटालियन की टीम लगातार अभियान चला रही है। नक्सलियों के खात्मे तक अभियान जारी रहेगा। उल्लेखनीय है कि गत 18 दिसंबर को भी जिले के सोनुवा थाना क्षेत्र से तीन आईईडी बम बरामद किए गए थे।

# अब रविवार को भी ऑफिस आना पड़ेगा

## शिक्षा विभाग के अपर मुख्य केके पाठक के आदेश से शिक्षा विभाग में हड़कंप

एजेंसी

**पटना।** बिहार के चर्चित आईएएस अधिकारी एवं शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के एक और आदेश से हड़कंप मच गया है। केके पाठक के नए फरमान के मुताबिक अब शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के लिए रविवार की छुट्टी नहीं रहेगी। अफसरों को संडे के दिन ऑफिस आना पड़ेगा। पदाधिकारियों से इस आदेश की अनिवार्य रूप से पालना करने को कहा गया है। बता दें कि रविवार को साप्ताहिक अवकाश रहता है और सरकारी कार्यालय बंद रहते हैं।



रिपोर्ट्स के मुताबिक एसीएस केके पाठक ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों के साथ वीसी के जरिए बैठक की। इसमें उन्होंने सभी पदाधिकारियों से कहा कि वे हर रविवार को बिहार शिक्षा सेवा की समीक्षा की जाएगी।

इसके लिए हर संडे को वे वीसी के जरिए समीक्षा बैठक से जुड़ेंगे। इसमें खुद केके पाठक भी शामिल होंगे। केके पाठक के निर्देश मिलने के बाद जिला शिक्षा पदाधिकारियों ने अपने कार्यक्रम अधिकारी और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को आदेश जारी करना शुरू कर दिया है। डीईओ ने सभी अफसरों को अनिवार्य रूप से रविवार को होने वाली समीक्षा बैठक में उपस्थित रहने के लिए कहा है। इसका पालन नहीं करने वाले अफसरों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई हो सकती है। बता दें कि एसीएस केके पाठक अपने चौंकाने वाले निर्णयों के लिए जाने जाते हैं।

उनके एसीएस बनने के बाद से शिक्षा विभाग के कर्मचारियों और पदाधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। उनके कुछ फैसलों पर शिक्षक एवं कर्मचारी संघ नाराजगी भी जता चुके हैं। हालांकि, विभाग ने अब किसी भी तरह के संगठन बनाने पर रोक लगा दी है। उनके इस आदेश की भी पिछले दिनों खूब आलोचना हुई।

## एक नजर में

### एसकेएमयू का संशोधित परीक्षा कार्यक्रम जारी

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन ने बीबीए–बीसीए का संशोधित परीक्षा कार्यक्रम मंगलवार को जारी किया। परीक्षा बीबीए–बीसीए सेमेस्टर–4, सत्र– 2021–24 परीक्षा 2023 एवं बीबीए–बीसीए सेमेस्टर –2, सत्र–2022–25 परीक्षा 2023 का संशोधित परीक्षा कार्यक्रम जारी हुआ। जिसमें सेमेस्टर–4 की परीक्षा 2 से 8 जनवरी तक होगी। सेमेस्टर –2 की परीक्षा 16 से 19 जनवरी तक द्वितीय पाली में दोपहर 1 से 4 बजे तक होगी।

### एसकेएमयू के यूजी सेमेस्टर 3 का परीक्षाफल जारी

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विवि यूजी सेमेस्टर 3 का परीक्षाफल मंगलवार को जारी हुआ। इसकी जानकारी विवि प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी। बताया कि सत्र 2021–24 के यूजी सेमेस्टर 3 के परीक्षा 2022 का परीक्षाफल जारी हुआ। परीक्षा कला संकाय में 19753 छात्र में 97.84 फीसदी, विज्ञान में 2644 छात्र में 98.11 एवं वाणिज्य में 630 में 99.05 फीसदी छात्र सफल हुए।

### एसकेएमयू में कैंपस प्लेसमेंट जल्द

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय परिसर में जल्द स्नातकोतर विभाग में अध्यनरत छात्र–छात्राओं के लिए कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन होगा। कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ग्रेजुएट सेल्स ट्रेनी पद कर लिए योग्य स्नातक उतीर्ण छात्र–छात्राओं का चयन होगा। उक्त कैंपस प्लेसमेंट में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्नातकोत्तर विभाग के सेमेस्टर–3 में अध्ययनरत छात्र–छात्राएं भाग ले सकते हैं।

## पेज 1 का शेष

### तीन भाजपा विधायक...

इसके पहले 12:30 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने के कुछ देर बाद ही हंगामे को लेकर बिरंची नारायण और भानु प्रताप शाही को सदन की कार्यवाही से निलंबित कर दिया गया। जेपी पटेल को भी बाहर जाने का निर्देश दिया। उस समय दीपिका पांडे सिंह अपनी बात सदन में रख रही थीं। स्पीकर के इस फैसले के बाद भाजपा के सभी विधायक सदन का वॉक आउट कर बाहर निकल गये।

### अब रांची से नहीं...

**पूर्ववर्ती सरकारों ने लूटा :** सीएम ने कहा कि राज्य गठन के बाद पूर्ववर्ती सरकारों ने राज्य को केवल लूटने का काम किया। उनके कारण ही युवा अवस्था पर पहुंचने के बाद भी झारखंड चल नहीं पा रहा था। पूर्व की सरकार के कार्यकाल में राशन कार्ड होते हुए भी लोग भूखे मर रहे थे। राज्य को बीमारू बनाकर छोड़ दिये थे। मेरी सरकार ने लॉक डाउन में भी किसी को भूखा नहीं रहने दिया। माता-पिता पर बेटी बोझ न बने इसलिए वे बेटियों की सहायता के लिए सावित्री बाई फुले योजना आरंभ की। अब बेटियां जितनी चाहे पढ़ सकती है। सीएम ने कहा कि केंद्र सरकार ने जब पीएम आवास बंद कर दिया तो राज्य के लोगों में निराशा न हो इसके लिए अबुवा आवास आरंभ किया। आपकी सरकार हर किसी को घर जरूर देगी। राज्य के 36 लाख 20 हजार लोगों को सरकार पेंशन दे रहे हैं। इस मौके पर मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक भूषण तिर्की, विधायक जिग्गा सुसारण होरो सहित अन्य जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

### पान मसाला के कारोबारी...

कयास लगाये जा रहे हैं कि सिंघानिया के अन्य ठिकानों तक भी आईटी की टीम जल्दी ही पहुंचने वाली है। धीरज साहू के ठिकानों पर आइटी की रेड के बाद पान मसाला कारोबारी के यहां छापेमारी से राजधानी रांची के व्यवसायियों के बीच खलबली मची हुई है।

### झारखंड सहित अन्य...

कोयला मंत्रालय का यह महत्वपूर्ण कदम उठाना इसके विवेकपूर्ण कोयला सुधारों के माध्यम से देश के ऊर्जा परिदृश्य को आकार देने की उसकी अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। आगामी 9वें दौर की वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी, पिछली सफल नीलामियों के मद्देनजर, मंत्रालय की इस क्षेत्र को आगे बढाने की उसकी इस क्षेत्र के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। आगामी दौर में कुल 26 कोयला खदानों की पेशकश की जाएगी, जिसमें सीएम (एसपी) अधिनियम 2015 के तहत 3 खदानें और एमएमडीआर अधिनियम 1957 के तहत 23 खदानें शामिल हैं। इनमें से 7 कोयला खदानों की पूरी तरह से पहचान कर ली गई हैं, जबकि 19 खदानों को आंशिक रूप से पहचाना गया है। इसके अतिरिक्त, वाणिज्यिक कोयले के सातवें दौर के दूसरे प्रयास के तहत, 5 कोयला खदानों की पेशकश की जा रही है, जिसमें चार सीएमएसपी कोयला खदान और एक एमएमडीआर कोयला खदानें शामिल हैं। इनमें से चार पूरी तरह से पहचान ली गई हैं और एक खदान को आंशिक रूप से पहचाना गया है।

### संसद की घटना पर...

यह इस साल की अंतिम बैठक : भाजपा संसदीय दल की वर्ष 2023 की अंतिम बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने यहां संवाददाताओं को बताया कि पीएम मोदी ने सभी भाजपा सांसदों को संबोधित करते हुए कहा कि यह वर्ष 2023 की अंतिम संसदीय दल बैठक है। उन्होंने कहा कि वह वर्ष 2014 से यदि दिल्ली में रहे हैं तो एक भी संसदीय दल की बैठक से अनुपस्थित नहीं रहे। इसका कारण यह है कि उनके मन में कार्यकर्ता का भाव अब भी जीवित है। विचार के लिए जीना और उसी के लिए कार्य करने से उन्हें सुखानुभूति होती है। **हमारा उद्देश्य देश का उज्जवल भविष्य :** श्री जोशी ने बताया पीएम मोदी ने विपक्षी के इंडी गठबंधन की बैठक का उल्लेख करते हुए कहा कि आज गठबंधन कुछ लोग मिल रहे हैं, इनका मकसद सरकार को उखाड़ फेंकना है। वहीं हम सब जो यहां बैठे हैं, हमारा विचार भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए काम करना है। हम भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए जीयेंगे। वहीं रविशंकर प्रसाद ने कहा कि बैठक में पीएम ने कहा कि इस समय हॉल में भाजपा सांसदों से ढाई ब्लॉक भरते हैं लेकिन आने वाले चुनाव के बाद 2024 में पूरा ब्लॉक भाजपा सांसदों से भर जायेगा। विपक्ष के लोगों की संख्या क्या होगी, यह सबको पता है। श्री जोशी ने कहा कि पीए मोदी ने सूरत में हीरा उद्योग के लिए डायमंड पार्क के उद्घाटन का जिक्र किया और कहा कि कुछ वर्षों पहले विश्वास नहीं होता था कि ऐसे भवन भारत में बन भी सकेंगे या नहीं।

### जीत के बाद पीएम...

बैठक में कौन-कौन शामिल हुआ : मंगलवार को अशोक होटल में आयोजित इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, राजद की ओर लालू प्रसाद, जेडीयू से बिहार सीएम नीतीश कुमार और राजीव रंजन सिंह, टीएमसी से ममता बनर्जी, डीएमके की ओर से तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन, शिवसेना (यूबीटी) से उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे, पीडीपी की महबूबा मुफ्ती सहित कई अन्य नेता शामिल थे। **8-10 बैठकें और होंगी :** कांग्रेस अध्यक्ष श्री खड़गे ने कहा कि देशभर में इंडी गठबंधन की कम से कम 8-10 बैठकें होंगी। सूत्रों के अनुसार इस बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सीट के बंटवारे, साझा जनसभाओं और नये सिरे से रणनीति बनाने समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई। यह बैठक हाल में संपन्न विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में हुई। बैठक में जाति आधारित गणना, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा के मुद्दों को भी आगे बढ़ा सकता है। लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का मुकाबला करने के लिए 26 विपक्षी दलों ने इंडिया गठबंधन बनाया है। अब तक तीन बैठकें पटना, बेंगलुरु और मुंबई में हो चुकी हैं। **मैं पीएम बनने का सपना नहीं देखता :** वहीं मीटिंग से कुछ ही घंटे पहले, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने कहा कि वह पीएम बनने का सपना नहीं देखते हैं। पीएम पद के चेहरे पर विपक्षी गठबंधन को इस मुद्दे पर बहुत जल्द निर्णय लेना होगा।

# तमिलनाडु के चार जिलों में बाढ़ से बिगड़े हालात

एजेंसी

▸▸ तेज बारिश से तिरुनेलवेली, थूथुकुडी, तेनकासी और कन्याकुमारी में जनजीवन अस्त-व्यस्त, वायु सेना ने संभाला मोर्चा

**चेन्नई।** तमिलनाडु के चार जिलों में बाढ़ से हालात बिगड़ गए हैं। पिछले 24 घंटे में हुई तेज बारिश ने दक्षिणी जिलों थूथुकुडी, तिरुनेलवेली, तेनकासी और कन्याकुमारी में भारी तबाही मचाई है। भारतीय तट रक्षक बल और वायु सेना ने मदद कार्यों के लिए हेलीकॉप्टर तैनात किए हैं। भारतीय तट रक्षक बल ने दक्षिणी तमिलनाडु में बाढ़ राहत के लिए मदुरै में पहले से ही परिचालन में मौजूद डोर्नियर और एएलएच का समर्थन करने के लिए एक अतिरिक्त उन्नत लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) तैनात किया है। पिछले 24 घंटों में अभूतपूर्व बारिश होने से तिरुनेलवेली और थूथुकुडी जिलों में व्यापक बाढ़ आ गई। वायु सेना स्टेशन सुलूर को राहत एवं बचाव कार्यों का ऑपरेशन सौंपा गया है। मौजूदा समय में वायु सेना के



एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टर से बाढ़ पीड़ितों का रेस्क्यू ऑपरेशन किया जा रहा है। थूथुकुडी, तिरुनेलवेली, तेनकासी और कन्याकुमारी जिलों में बारिश और बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लाखों लोग घरों में फंसे हैं। सुरक्षाबलों की मदद से बड़े पैमाने पर राहत और बचाव अभियान शुरू किया गया है। इन चार जिलों का संपर्क तमिलनाडु के बाकी हिस्सों से कट गया है। अधिकारियों ने कहा कि सोमवार सुबह तक 1,039 बच्चों सहित 7,434 लोगों को राहत शिविरों में भेजा गया है। कई जगह बिजली आपूर्ति बंद करनी पड़ी है। कुछ स्थानों पर मोबाइल टावर ध्वस्त हो जाने से नेटवर्क में बाधा आ गई है। राज्य सरकार ने सोमवार देर रात तक जनहानि के आंकड़े जारी नहीं किए। हालांकि, चार जिलों में हजारों एकड़ फसल जलमग्न हो गई है। सैकड़ों वाहन बह गए हैं।

# जीएसटी दूसरा संशोधन बिल लोकसभा में पारित

एजेंसी

▸▸ जीएसटी न्यायाधिकरण के गठन से न्यायालयों में बोझ कम होगा : वित्त मंत्री
▸▸ मुख्यालय दिल्ली में होगा और राज्यों में एक या दो पीठ होगी
▸▸ सदस्यों के लिए न्यूनतम उम्र 50 साल, अधिकतम 67 साल और अध्यक्ष के लिए अधिकतम उम्र 70 साल

**नयी दिल्ली।** लोकसभा ने जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के अध्यक्ष और सदस्यों की आयु एवं योग्यता में संशोधन के प्रावधान वाले केंद्रीय माल एवं सेवाकर (दूसरा संशोधन) विधेयक 2023 को मंगलवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया। यह विधेयक वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने सदन में 13 दिसम्बर को पेश किया था और इसे चर्चा तथा पारित कराने के लिए पेश किया गया। इस विधेयक में जीसटी अधिनियम 2017 में संशोधन करके इसके प्रावधानों को ट्रीब्यूनल सुधार अधिनियम 2021 के प्रावधानों के अनुरूप करना है। विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए श्रीमती सीतारमण ने कहा कि जीएसटी न्यायाधिकरण के गठन से देश में उच्च न्यायालयों तथा उच्चतम न्यायालय में मामलों का बोझ कम होगा और जीएसटी से जुड़े मुद्दों पर न्याय के लिए लोगों को लम्बे समय तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इसका मुख्यालय दिल्ली में होगा और राज्यों में एक या दो पीठ होगी ताकि स्थानीय स्तर करदाताओं को सुविधा मिल सके।

उन्होंने कहा कि विधेयक में न्यायाधिकरण के सदस्यों के लिए न्यूनतम उम्र 50 साल रखी गई है जबकि अधिकतम उम्र 67 साल और अध्यक्ष के लिए अधिकतम उम्र 70 करने का प्रावधान है। फिलहाल यह आयु सीमा अध्यक्ष के लिए 67 और सदस्यों के लिए 65 वर्ष है। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि हमारी सूक्ष्म एवं मझौली इकाइयों-एमएसएमई इकाइयों को कारोबार करने में आसानी हो।

उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि जीएसटी कानून में संशोधन से लघु क्षेत्र की इकाइयों को सावर्जनिक उपक्रमों से भुगतान में देरी नहीं होगी। सरकार एसएसएमई इकाइयों के प्रति संवेदनशील होकर काम कर रही है। इससे पहले चर्चा में हिस्सा लेते हुए भाजपा के निशिकांश दुबे ने कहा कि पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार ने 2006-07 में कहा था कि जीएसटी लाएंगे लेकिन 2014 तक वह सरकार जीएसटी को लेकर सिर्फ बातें ही करती रही क्योंकि वह टैक्स छोड़ने को तैयार नहीं थी। बीजू जनता दल की शर्मिष्ठा सेठी ने कहा कि समिति की संस्तुति को क्रियान्वित करने की जरूरत है ताकि जीएसटी के दायरे में आने वाले सारे काम आसानी से हो सके। शिवसेना के धैर्यशील माणे ने कहा कि न्यायाधिकरण जीएसटी करदाताओं के सामने आने वाली दिक्कतों को मिलने वाली चुनौतियों के निदान के लिए आवश्यक है। जीएसटी से जुड़े विवादों का इस विधेयक के आने से सुलझाया जा सकेगा। चर्चा में भाजपा के शंकर लालवानी तथा वाईएसआर के श्रीकृष्ण डी लावू ने भी हिस्सा लिया।



## आइपीसी, सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट में बदलाव से जुड़े नए विधेयक लोकसभा में पेश

**नयी दिल्ली।** भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और साक्ष्य अधिनियम (एविडेंस एक्ट) में बदलाव से जुड़े तीन नए विधेयकों को मंगलवार को लोकसभा में पारित किए जाने के लिए पेश किया गया। पिछले हफ्ते विधेयकों को नए सिरे से संसद के विचार हेतु रखा गया था। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक, 2023 लोकसभा में पेश किया। विधेयक पर चर्चा जारी है। कल गृह मंत्री इस पर हुई चर्चा का जवाब दे सकते हैं।

गृहमंत्री ने पिछले सप्ताह विधेयकों को पेश करते हुए कहा था कि पिछली बार पेश विधेयकों को गृह विभाग की स्थायी समिति को भेजा गया था। समिति ने विधेयकों में कई बदलाव सुझाए थे। विधेयकों से जुड़े संशोधन लाने की बजाय नए ढंग से विधेयक लाए गए हैं।

# चीन में भूकंप से 116 लोगों की मौत

एजेंसी

### रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.2 मापी गई
### गांसु में 105 और किंघई में 11 लोगों की गयी जान

**बीजिंग।** चीन में सोमवार रात करीब 12 बजे आए शक्तिशाली भूकंप से कम से कम 116 लोगों की मौत हो गई। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.2 मापी गई है। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र का कहना है कि तेज झटके लगते ही लोगों में दहशत फैल गई। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स के अनुसार, भूकंप से अब तक उत्तर पश्चिम चाइना के गांसु प्रांत में 105 और किंघई प्रांत में 11 लोगों की मौत हो गई। गांसु प्रांत में मृतकों का आंकड़ा बढ़ सकता है। देश की ब्लू स्काई रेस्क्यू टीम राहत और बचाव अभियान में जुटी हुई है। अखबार के अनुसार, गांसु प्रांत के जिशिशान काउंटी में 6.2 तीव्रता का भूकंप आने के बाद गांसु स्वास्थ्य विभाग ने 33 एम्बुलेंस और अन्य पेशेवर वाहनों के साथ-साथ 173 चिकित्सा कर्मचारियों को घटनास्थल पर भेजा। किंघई प्रांत ने प्रभावित क्षेत्र में बचाव अभियान चलाने के लिए 68 एम्बुलेंस और 40 से अधिक प्रांतीय और नगरपालिका विशेषज्ञों को भी भेजा। मंगलवार सुबह 6:30 बजे तक प्रभावित इलाके में 300 से ज्यादा घायलों का इलाज किया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने भी तत्काल



चिकित्सा आपातकालीन प्रतिक्रिया बलों को भेजा है। भूकंप से किंघई प्रांत के हैडोंग में ज्यादा नुकसान हुआ है। यहां इस वक्त न्यूनतम तापमान शून्य से 12 डिग्री सेल्सियस नीचे है। कड़ाके की ठंड के बीच राहत और बचाव अभियान चल रहा है। हैडोंग, जिशिशान काउंटी से लगभग 20 किलोमीटर दूर है। ग्लोबल टाइम्स के अनुसार इस भूकंप ने 2010 की याद ताजा कर दी है। 2010 में गांसु प्रांत में 6.6 की अधिकतम तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप से 100 लोगों की जान चली गई थी।

# मेरा अपमान कर रही है कांग्रेस : उपराष्ट्रपति

कहा-पार्टी के सोशल मीडिया एकाउंट से की जा रही हैं आपत्तिजनक

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को सदन में कहा कि कांग्रेस उनका अपमान कर रही है और पार्टी के आधिकारिक सोशल मीडिया एकाउंट से उन पर आपत्तिजनक टिप्पणियां की जा रही हैं।श्री धनखड़ ने भोजनावकाश के बाद सदन की कार्यवाही शुरू करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम को संबोधित करते हुए कहा कि इंस्टाग्राम पर, श्रीमान चिदम्बरम, आपकी पार्टी ने एक वीडियो डाला था जिसे बाद में हटा लिया गया, यह शर्मनाक है। आपने मुझे अपमानित करने, एक किसान के रूप में मेरी पृष्ठभूमि का अपमान करने, एक जाट के रूप में मेरे पद का अपमान करने, सभापति के रूप में मेरे पद का अपमान करने के लिए (कांग्रेस) पार्टी के आधिकारिक प्रवक्ता के ट्विटर हैंडल का इस्तेमाल किया गया। सभापति ने कहा कि मैंने सदन स्थगित कर दिया है। लोगों के मन में इस संस्था के खिलाफ किस तरह की प्रतिक्रिया है, इसका अंदाजा आपको नहीं है और आज हमें इसका सबसे निचला स्तर देखने का मौका मिला। चिदंबरम यहां हैं। चिदम्बरम आप वरिष्ठ सदस्य हैं। सोचिये कि मेरे दिल पर क्या गुजर रही होगी जब आपके एक वरिष्ठ नेता, सभापति का मजाक उड़ाने और मुझ पर व्यक्तिगत हमला किया जा रहा था।

## यूपी के 57 जनपदों में खुलेंगे साइबर थाने

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के 57 जनपदों में साइबर क्राइम थाने स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में मंगलवार को लोकभवन में आयोजित कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव पर मुहर लग गई। फिलहाल प्रदेश के सभी 18 मंडलों में साइबर क्राइम थाने मौजूद हैं। अभी तक आईजी स्तर का अधिकारी इन थानों को देखता था, लेकिन सभी जनपदों में साइबर क्राइम थाने स्थापित होने के बाद पुलिस अधीक्षक इसकी जिम्मेदारी निभाएंगे। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि प्रदेश में बढ़ते साइबर क्राइम को देखते हुए सभी 75 जनपदों में साइबर थानों की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। 18 मंडल मुख्यालयों में पहले से ही साइबर थाने मौजूद हैं, बल्कि अब बाकी बचे 57 जनपदों में भी थाने स्थापित करने का बड़ा निर्णय लिया गया है।

# अयोध्या : राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए आडवाणी और जोशी को मिला निमंत्रण

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राम मंदिर आंदोलन के अग्रणी रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी को आधिकारिक तौर पर राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया है। विश्व हिन्दू परिषद की ओर से इस संबंध में एक वक्तव्य और फोटो साझा की गई है। तस्वीर में संघ के सह सरकार्यवाह डॉ कृष्ण गोपाल, अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल और विहिप के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार हैं। वे लाल कृष्ण आडवाणी को निमंत्रण पत्र दे रहे हैं। विहिप ने कहा कि राम मंदिर आंदोलन के पुरोधा आदरणीय लाल कृष्ण आडवाणी जी और आदरणीय डॉ.



मुरली मनोहर जोशी जी को अयोध्या में 22 जनवरी, 2024 को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया। रामजी के आंदोलन के बारे में बात हुई। दोनों वरिष्ठों ने कहा कि वह आने का पूरा प्रयास करेंगे। उल्लेखनीय है कि ऐसे समाचार आ रहे थे कि दोनों नेताओं को स्वास्थ्य कारणों के चलते प्राण प्रतिष्ठा में शामिल नहीं होने की सलाह दी गई है। हालांकि विहिप प्रवक्ता विनोद बंसल ने इस तरह के समाचारों का खंडन किया है।

# शाहरुख खान की फिल्म डंकी का प्रमोशन

**मुंबई।** राजकुमार हिरानी की फिल्म डंकी की रिलीज नजदीक आ रही है और फैंस बेसब्री से इसका इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में हर गुजरते दिन के साथ उत्साह बढ़ता जा रहा है, क्योंकि दर्शक इस फिल्म को बड़े पर्दे पर एंजॉय करने के लिए बेकरार बैठे हैं। रिलीज करीब होने के साथ फिल्म का प्रचार भी जोरों पर है। शाहरुख ने एक ग्रैंड इवेंट में फिल्म का प्रचार करने के लिए दुबई के ग्लोबल विलेज का दौरा किया, जिसमें 100,000 से अधिक फैंस शामिल हुए। ऐसे में पहले से ही बढ़े एक्साइटमेंट लेवल को और बढ़ाते हुए मेकर्स ने फैंस के लिए डंकी डायरीज जारी कर सभी को एक खास तोहफा दिया है। इसके साथ पोस्ट में उन्होंने लिखा, ह्लपेश है यादों, हंसी और बहुत सारे दिल से भरी एक डायरी जो डंकी की दुनिया



का खुलासा करती है। डंकी गुरुवार, 21 दिसंबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म की तीन तिकड़ी राजकुमार हिरानी, एसआरके, और तापसी पन्नू डंकी डायरीज के लिए एक साथ आए, जहां उन सभी ने बहुप्रतीक्षित डंकी पर कुछ दिलचस्प जवाब दिए और मजेदार बातें की, जो निश्चित रूप से हर किसी का दिल जीत लेगा। डंकी में शानदार कास्ट है, जिसमें शाहरुख खान के साथ-साथ सुपरटैलेंटेड अभिनेता बोमन ईरानी, तापसी पन्नू, विक्की कौशल, विक्रम कोचर और अनिल ग्रोवर द्वारा रंगीन किरदार निभाए गए हैं। जीओ स्टूडियोज, रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और राजकुमार हिरानी फिल्म्स की प्रस्तुति राजकुमार हिरानी और गौरी खान द्वारा निर्मित अभिजात जोशी, राजकुमार हिरानी और कनिका ढिल्लों द्वारा लिखित डंकी 21 दिसंबर को रिलीज होने वाली है।

## एनिमल ने 800 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया

**मुंबई।** रणबीर कपूर की एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। रिलीज के पहले दिन दुनिया भर में 100 करोड़ की कमाई करने के बाद फिल्म ने दूसरे दिन 200 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया। अब तक फिल्म ने 800 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है। एनिमल में रणबीर कपूर के साथ बॉबी देओल, रश्मिका मंदाना, अनिल कपूर, तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में रणबीर के साथ-साथ बॉबी देओल और तृप्ति डिमरी के काम की भी खूब चर्चा हो रही है। इस फिल्म की वजह से बॉबी देओल को एक अलग पहचान मिली है। अब हाल ही में इंटरव्यू के दौरान बॉबी ने इस फिल्म में अपने रोल को लेकर कमेंट किया है। बॉबी देओल ने इस रोल को स्वीकार करते समय अपनी मानसिकता पर टिप्पणी की है। बॉबी ने कहा कि आपके जीवन में बहुत कुछ चल रहा है, आपके परिवार के साथ आपका रिश्ता बहुत महत्वपूर्ण है। जब मैं ये फिल्म कर रहा था तो कहानी सुनाते वक्त मुझसे कहा गया कि मैं इस फिल्म का विलेन नहीं, बल्कि हीरो हूं। मैंने अपने किरदार के दादाजी को आत्महत्या करते देखा है और यही बात मेरे दिमाग में थी। बॉबी ने कहा कि जब आप फिल्म में मेरे और रणबीर के बीच आखिरी लड़ाई देखेंगे तो आपको पता नहीं चलेगा कि हीरो और विलेन कौन है, क्योंकि दोनों की यात्रा एक ही है। यह फिल्म दर्शाती है कि हमारे आसपास क्या हो रहा है। फिल्म के कई सीन्स पर विवाद तो हुआ ही, फिल्म की अलग-अलग स्तर से आलोचना भी हुई।

## सुप्रीम कोर्ट ने धर्मांतरण मामले में 90 हिंदुओं की गिरफ्तारी पर लगायी रोक

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 90 हिंदुओं के सामूहिक धर्मांतरण के मामले में इलाहाबाद एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी (शुआट्स) के वाइस चांसलर आरबी लाल समेत सात आरोपितों की गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगा दी है। जस्टिस अनिरुद्ध बोस की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

कोर्ट ने आरबी लाल के अलावा रेखा पटेल, प्रोफेसर रमाकांत दुबे, विनोद बिहार लाल, प्रोफेसर रानु प्रसाद, डेविड फिलिप और सुनील कुमार जॉन की गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगाई है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने इन सभी के खिलाफ दर्ज एफआईआर की कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार करते हुए आरोपितों को 20 दिसंबर के पहले सरेंडर करने का आदेश दिया था।

## एक नजर में

### हवाई हमले में हमास का फाइनेंसर ढेर



**तेल अवीव।** इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) और शिन बेत ने मंगलवार को कहा कि कथित हमास फाइनेंसर सुभी फरवाना रफा के पास दक्षिणी गाजा में हवाई हमले में मारा गया है। फरवाना को हमास के लिए पैसे जुटाने के पीछे मुख्य व्यक्ति माना जाता है। इजरायली सुरक्षा बलों के एक संयुक्त बयान में कहा गया है, ह्लफरवाना और उसका भाई धन हस्तांतरित करते थे, जिस पर हमास बहुत अधिक निर्भर है। भाइयों को ईरान और अन्य अरब देशों से पैसे मिलते थे। इसमें कहा गया है कि दोनों भाई अंतरराष्ट्रीय वित्तीय प्रणालियों को बाईपास कर पैसे हमास को भेजते थे। बयान में कहा गया है कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान फरवाना और उसके भाई द्वारा हमास को हजारों मिलियन डॉलर दिए गए हैं।

### बांग्लादेश : ट्रेन में आग से चार की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका के तेजगांव में उपद्रवियों ने एक यात्री ट्रेन में आग लगा दी। आग से तीन बोगियों को नुकसान हुआ है और झुलसने एक बच्चे समेत चार लोगों की मौत हो गई। मंगलवार को राजधानी के तेजगांव रेलवे स्टेशन क्षेत्र में ढाका जाने वाली मोहनगंज ट्रेन में आगजनी के कारण एक बच्चे सहित कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। अग्निशमन सेवा और नागरिक सुरक्षा मुख्यालय मीडिया सेल के उप सहायक निदेशक शाहजहां सिकदर ने पुष्टि की है कि सुबह लगभग 5:04 बजे ट्रेन के तीन डिब्बों में आग लगा दी गई। सूचना मिलने पर तेजगांव फायर स्टेशन से तीन अग्निशमन इकाइयां मौके पर पहुंचीं और सुबह करीब 6:45 बजे आग पर काबू पा लिया। अधिकारी ने बताया कि उन्होंने एक डिब्बे से चार शव बरामद किए। डीएमसीएच पुलिस शिविर के प्रभारी निरीक्षक बच्चू मिया ने कहा कि मृतकों में से दो की पहचान नादिरा अख्तर पोपी और उनके तीन वर्षीय बेटे यासीन के रूप में की गई है।

### थाइलैंड में मुठभेड़, 15 ड्रग तस्करों की मौत

**बैंकॉक।** थाइलैंड ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 15 ड्रग तस्करों को मार गिराया है। थाइलैंड की सेना ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए म्यांमार सीमा पर यह कार्रवा की है। सेना ने तस्करों के पास से मादक पदार्थ मेथामफेटामाइन की 20 लाख गोलियां जब्त की। नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड (एनसीबी) के अनुसार, सेना को चियांग प्रांत में सीमा के पास तस्करी की गुप्त सूचना मिली थी। छापेमारी के दौरान सेना के अधिकारियों को इलाके में 20 लोग पीठ पर बैग लाद कर ले जाते हुए दिखे। जब अधिकारियों ने उन्हें पहचान बताने और बैग का निरीक्षण करने के लिए कहा तो तस्करों ने सेना पर गोलीबारी शुरू कर दी। सेना ने जवाबी गोलीबारी में 15 तस्करों को मार गिराया। अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी में मारे गए 15 तस्करों की पहचान अभी नहीं हुई है। मादक पदार्थों के स्त्रोत का पता लगाने में एनसीबी जुटी है। इससे पूर्व बुधवार को म्यांमार सीमा के पास से ही मेथामफेटामाइन की पांच करोड़ गोलियां जब्त की गई थीं।

### जानकी मंदिर में 25 जोड़े ने लिए सात फेर



**काठमांडू।** विवाह पंचमी पर जनकपुरधाम के जानकी मंदिर परिसर में नेपाल के विश्व हिन्दू परिषद की तरफ से सामूहिक विवाह कराया गया। एक ही मंडप में आदर्श विवाह के रूप में 25 जोड़े शादी के बंधन में बंधे हैं। महामंत्री जीतेन्द्र सिंह कहा कि विहिप नेपाल की ओर से जनकपुरधाम को विश्व में विवाह स्थल के रूप में पहचान दिलाने के लिए प्रति वर्ष सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाता है। इस तरह से शादी करने वाले अधिकतर परिवार आर्थिक रूप से कमजोर होते हैं। 20 वर्ष पार करने वाले ऐसे जोड़ों की शादी उनके परिवार की सहमति से ही की जाती है।

### जर्मन चांसलर स्कोल्ज कोरोना पॉजिटिव

**नयी दिल्ली।** जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज कोरोना वायरस के नए वेरिएंट से संक्रमित हो गए हैं। उन्होंने स्वयं इसकी पुष्टि करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर इस संबंध में एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोरोना के कुछ लक्षण हैं, मुझे उम्मीद है कि यह हल्का होगा और शुरूआत में मैं बस अपने डेस्क से काम करूंगा। ओलाफ स्कोल्ज कोरोना पाजिटिव की खबर सामने आने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया कि मेरे मित्र ओलाफ स्कोल्ज कि मैं आपके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मैं आपके अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण के लिए प्रार्थना करता हूं।

### शाहरुख की पत्नी गौरी को इडी का नोटिस

**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख की पत्नी और डिजाइनर गौरी खान मुसीबत में फंस गई हैं। ईडी ने उन्हें नोटिस जारी किया है। गौरी खान को रियल एस्टेट कंपनी तुलसियानी ग्रुप का 2015 में ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया था। इस कंपनी पर 30 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगा है, इसलिए गौरी खान भी ईडी के रडार पर आ गई हैं। यह मामला पहली बार मार्च, 2023 में सामने आया था। तुलसियानी ग्रुप के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज की गई है। इसमें गौरी खान पर भी आरोप लगाया गया है। इस मामले में जल्द ही गौरी खान से पूछताछ की जाएगी। गौरी से पूछा जाएगा कि कंपनी के साथ उनका किस तरह का कॉन्ट्रैक्ट था और इसके लिए उन्हें कितना भुगतान किया गया था।

VERMA PRESS®
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

# मुश्किल नहीं है वेडिंग प्लानिंग




झरना सरियाल

**शादियां** हमेशा से ही एक बड़े व्यापार के रूप में देखी गई हैं, चाहे हम उसके किसी भी दिन से जुड़े क्यों न हों। यह मौका किसी भी लड़की के लिए खास होता है और वह इस दिन को परिपूर्ण देखना चाहती है लेकिन किसी भी शादी को पूरी तरह से सफल बनाना आसान काम नहीं होता। इस भागदौड़ भरी जिंदगी में कोई भी हर चीज आसानी से हो जाए ऐसा जरूरी भी नहीं। इसीलिए आजकल वेडिंग प्लानिंग में करियर की संभावनाएं बढ़ रही हैं और कई महिलाएं भी इसे करियर के रूप में अपना रही हैं। यह काम जितना चुनौतियों से भरा है इसमें पैसा भी उतना ही अच्छा कमाया जा सकता है। वैसे भी शादी का मतलब सिर्फ लड़की से ही नहीं होता बल्कि इसमें उसके और लड़के के पूरे परिवार से होता है इसलिए इस करियर में विवाह की सारी व्यवस्थाएं आप पर होंगी और उसका पूरा प्रबंध भी आपको करना होगा लेकिन कलात्मक ढंग से। आपको विवाह के समय होने वाले सभी कार्यक्रमों की योजना बनानी होगी। साथ ही इसमें हो रहे खर्च का भी ध्यान रखना होगा। इसीलिए वेडिंग प्लानर को करियर का रूप देने के लिए सबसे पहले आपको अपने हुनर को और निखारना होगा। इस क्षेत्र में सफलता पाने के लिए अच्छी इंटरपर्सनल स्किल और सुव्यवस्थित ढंग से काम करना बहुत जरूरी है। शादियों में होने वाले कार्यक्रम और उनके अनुसार होने वाले काम की जानकारी होना जरूरी है। इसकी जानकरी आप पढ़ाई करके भी ले सकती हैं। लेकिन अगर आप खुद सीखना चाहती हैं तो शादियों में मदद कर, ब्राइडल शो देखकर, शादियों की पत्रिकाएं पढ़कर सीख सकती हैं। अपना एक पोट फोंलियो बनाएं ताकि आप लोगों को अपनी कला का सही ढंग से विवरण दे सकें।

अगर आप अपना बिजनेस खोलना चाहती हैं तो पहले आप किसी वेडिंग इंडस्ट्री में नौकरी करें। इससे आपके तजुर्बे के साथ-साथ संपर्क भी बनेंगे। वैसे भी वेडिंग प्लानर को प्लान करने होटल, चर्च, कंट्री क्लब, मंदिर, हॉल आदि जगहों पर बुलाया जाता है। आजकल वेडिंग प्लानर कई तरह की सर्विस और पैकेजिंग के ऑफर देते हैं जिनमें वे सक्षम हैं। उदाहरण के तौर पर कुछ दूल्हा और दुल्हन से ही बात करते हैं जो अपनी शादी खुद प्लान करते हैं, कुछ प्लानर 'डेस्टीनेशन वेडिंग' प्लान करते हैं किसी क्रूज पर आदि। इसलिए बिजनेस खोलने से पहले इस बात का ध्यान रखें कि आप किस प्रकार की सर्विस ऑफर करना चाहेंगी। इसके अलावा शादियों में जरूरी सेवाएं देने वालों से भी संपर्क बनाएं रखें जैसे गाड़ी, म्यूजिशियन, फोटोग्राफर, पार्टी सप्लाई कंपनी आदि। इससे आपको काम करवाने में आसानी रहेगी। अपने क्लाइंट बनाने के लिए बिजनेस कार्ड या ब्रोशर ब्राइडल शॉप, फ्लोरिस्ट, फोटोग्राफर आदि के पास भी रखें ताकि वे भी आपकी सर्विस के बारे में औरों को बता सकें। इसके अलावा अपनी सर्विस की मार्केटिंग करने के लिए विज्ञापन, नेटवर्किंग या इंटरनेट के जरिए भी कर सकती हैं। सफलता पाने के लिए नए तरीके अपनाने में भी रुचि रखें। वैसे अगर आपकी इच्छाशक्ति है तो आप अपने करियर में सफलता पा सकती हैं।

## फाइनेंस के सेक्टर में अच्छी संभावनाएं




वित्तीय मामलों में ज्यादातर आंकड़ों का खेल होता है। इसलिए एक अच्छा फाइनेंशियल एडवाइजर बनने के लिए जरूरी है कि आपको फाइनेंस की भाषा की अच्छी समझ हो। फाइनेंस के सेक्टर में हो रहे विकास के कारण आज इस क्षेत्र में करियर की काफी अच्छी संभावनाएं हैं।

**फाइनेंशियल एडवाइजर का काम** : अपने ग्राहकों की वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिए उपयोगी सलाह देने का काम फाइनेंशियल एडवाइजर करते हैं। इनका काम अपने ग्राहकों को निवेश, बीमा, बचत योजनाओं, कर्ज आदि के बारे में सही सलाह देना होता है। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होता है कि ग्राहकों को ज्यादा से ज्यादा मुनाफा और कम से कम नुकसान हो।

**क्वालिफिकेशन** : फाइनेंस सेक्टर में करियर बनाने के लिए आप कैट एग्जाम के जरिए भारत के किसी भी अच्छे कॉलेज में एडमिशन ले सकते हैं। इस सेक्टर में उच्च शिक्षा के लिए किसी भी स्ट्रीम में बैचलर डिग्री का होना जरूरी है। वैसे, पहले केवल कॉमर्स के छात्र ही इस क्षेत्र में भविष्य बनाते थे, लेकिन इसके बढ़ते क्षेत्र को देखते हुए बीएससी (मैथ-बायो), बीए, बीबीए और बीई के छात्र भी एडमिशन ले सकते हैं। इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आप चाहें तो एमबीए इन फाइनेंस, एमएस इन फाइनेंस, मास्टर डिग्री इन फाइनेंशियल इंजीनियरिंग, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फाइनेंस, मास्टर्स इन कमोडिटी एक्सचेंज आदि जैसे कोर्स कर सकते हैं।

**नौकरी के अवसर** : फाइनेंशियल एडवाइजर किसी कंपनी में अकाउंटेंट, ऑडिटर, इकोनॉमिस्ट, इंश्योरेंस सेल्स एजेंट, इंश्योरेंस अंडरराइटर, लोन ऑफिसर, पर्सनल फाइनेंशियल एडवाइजर, टैक्स इंस्पेक्टर, रेवेन्यु एजेंट आदि के तौर पर काम कर सकते हैं। फाइनेंस में ग्रेजुएशन करने के बाद आप किसी वित्तीय अखबार, पत्रिका आदि में संवाददाता और वित्तीय विश्लेषक के रूप में काम कर सकते हैं। बैंक, इंश्योरेंस और ट्रेडिंग कंपनियां अपने वित्तीय उत्पादों मसलन, कर्ज, इंश्योरेंस, शेयर, ब्रांड्स और म्युचुअल फंड को बेचने के लिए फाइनेंशियल एडवाइजर्स को नियुक्त करती है। विदेशों में भी फाइनेंशियल एडवाइजर्स की मांग काफी ज्यादा है। प्रोफेशनल चाहें, तो इंटरनेशनल फाइनेंसिंग कंपनी, लैंडिंग एंड बॉरोइंग, मल्टी करेंसी ट्रेडिंग आदि फाइनेंशियल कंपनियों में नौकरी की तलाश कर सकते हैं।

**सैलरी वॉच** : फाइनेंशियल एडवाइजर के तौर पर करियर की शुरुआत करने पर ज्यादातर कंपनियां सैलरी के साथ-साथ कमीशन भी देती है। वैसे, शुरुआती दौर में सैलरी 10 हजार से 40 हजार रुपये प्रति माह हो सकती है। अनुभवी प्रोफेशनल्स की सैलरी 1.5 से 2 लाख रुपये प्रति माह तक हो सकती है।

# टॉय डिजाइनिंग में सवारें करियर

खिलौने सभी बच्चों को बेहद पसंद होते हैं। ये सिर्फ खेलने के नजरिये से नहीं बल्कि उनके मानसिक विकास में भी मदद करते हैं। वैसे भी आजकल बाजार में इतने नये-नये खिलौने आ गये हैं कि कई बार लेने से पहले सोचना पड़ता है। कहते हैं अपने अंदर का बच्चा कभी न मरने दें और खिलौनों की दुनिया का यह नया स्वरूप खिलौने के निर्माण में कॅरियर की भी ढेरों संभावनाएं पैदा करता है। टॉय डिजाइनर का काम खिलौनों से बच्चों का मनोरंजन तो हो ही, साथ ही, ऐसे खिलौने बनाना भी है जिनसे बच्चों को मनोरंजन के साथ-साथ शिक्षा भी मिले।

टॉय डिजाइनिंग में दो चीजें हैं- एक क्रिएटिविटी और दूसरा बच्चों की क्षमता को समझना, जिससे बच्चे खेलें भी और उन्हें नई चीजें सीखने का मौका भी मिले। खिलौने भी दो प्रकार के होते हैं- एक जिनसे बच्चे कुछ सीखते हैं और जिसे परिवार के साथ भी खेला जा सकता है, दूसरा सिर्फ मौज-मस्ती के लिए। पुराने समय में खिलौने प्राकृतिक चीजों से बनते थे जैसे लकड़ी, पत्थर या मिट्टी लेकिन आजकल यह प्लास्टिक, फर और अन्य कृत्रिम पदार्थ। टॉय डिजाइनर खिलौनों को डिजाइन करते हैं और फिर बनाते हैं। उनका काम शुरू होता है ड्रॉइंग, स्केचिंग या कंप्यूटर से मॉडल तैयार करने से, फिर यह तय करना कि खिलौने का हर हिस्सा कैसे बनना है और फिर उसका एक नमूना तैयार करना।

खिलौनों को बाजार में दो प्रकार के उपभोक्ताओं के लिए रखा जाता है- एक तो बच्चे जो उनसे खेलते हैं और दूसरे उन ग्राहकों के लिए जो खिलौने एकत्रित करते हैं। गुड़िया से लेकर मैकेनिकल सेट, टॉय डिजाइनर बोर्ड गेम्स, पजल्स, कंप्यूटर गेम्स, स्टफ्ड एनिमल्स, रिमोट कंट्रोल कार, नवजात शिशु के लिए खिलौने आदि बनाते हैं। आजकल के दौर के हिसाब से खिलौने बनाने के लिए डिजाइनर को न केवल बाजार के ट्रेंड से अवगत रहना चाहिए बल्कि अलग-अलग आयु वर्ग के बच्चों की जरूरतों को भी पता होना चाहिए। इस कैरियर में ग्राफिक डिजाइन, मैकेनिकल ड्रॉइंग और कलर के चुनाव की जानकारी हो तो अच्छी सफलता प्राप्त हो सकती है। टॉय डिजाइनर बच्चों के विशेषज्ञ के साथ काम करते हैं जिससे उन्हें हर आयु के बच्चों की जरूरत का पता चलता है। उनकी सफलता अच्छे, मनोरंजक, कल्पनाशील और सुरक्षित खिलौने बनाने पर निर्भर करती है। इस कैरियर के लिए व्यापार और प्रबंधन क्षमता होना जरूरी है। इस कैरियर में विशिष्ट कोर्स कम हैं लेकिन ग्राफिक डिजाइन, इंडस्ट्रियल डिजाइन या कार्टूनिंग की जानकारी के साथ काम किया जा सकता है। इसमें कंप्यूटर की जानकारी होना जरूरी है। इसके अलावा, इंजीनियरिंग और मार्केटिंग में अनुभव भी प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षक, विशेषज्ञ, साइकोलॉजिस्ट, इंजीनियर, आर्किटेक्ट और कंप्यूटर साइंस ग्रेजुएट भी टॉय डिजाइनिंग का कोर्स कर सकते हैं। इंजीनियरिंग का ज्ञान तकनीक द्वारा निर्मित खिलौने के लिए होना जरूरी है। शिक्षक, विशेषज्ञ और मनोवैज्ञानिक हर आयु के बच्चों की जरूरतें आसानी से समझ सकते हैं इसलिए परामर्शदाता के तौर पर वह इस क्षेत्र में पैर जमाने में सक्षम हैं। कंप्यूटर साइंस ग्रेजुएट खिलौनों की सॉफ्टवेयर संबंधित कार्यात्मकता प्रदान कर सकते हैं।



डॉ रेणु सिंह

कुछ टॉय डिजाइनर एजुकेशनल खिलौनों में भी विशेषज्ञता प्राप्त कर सकते हैं, कुछ सामान्य खिलौनों में या फिर कोई विशिष्ट क्षेत्र में कोर्स कर सकते हैं जैसे मॉडल मेकिंग, बोर्ड गेम्स, सॉफ्ट टॉय या पुराने खिलौनों की प्रतिकृति आदि। आजकल पालतू जानवरों के लिए खिलौने बनाना भी बढ़ती हुई इंडस्ट्री है। टॉय डिजाइनर अगर चाहें तो किसी कंपनी में भी काम कर सकते हैं या स्वतंत्र रूप से खिलौने भी बना सकते हैं।

अगर चाहें तो अपनी मेनुफैक्चरिंग यूनिट भी खोल सकते हैं। टॉय डिजाइन पर किताब लिख सकते हैं या किसी इंस्टिट्यूट में बतौर शिक्षक भी नौकरी की जा सकती है। इसके अलावा, बतौर इंटीरियर डिजाइनर बच्चों के कमरे या प्ले स्कूल थीम बेस्ड टॉय का इस्तेमाल करके डिजाइन कर सकते हैं। टॉय डिजाइन कंस्लटेंट या इसमें फ्रीलांसिंग भी की जा सकती है। एक बार डिजाइनर के तौर पर अपने आपको स्थापित करने के बाद अवसरों और आय की कमी नहीं होगी। लेकिन इस कैरियर में सफलता आपकी रचनात्मकता पर निर्भर करती है।

**यहां से करें कोर्स**

**1 नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ डिजाइन, अहमदाबाद।**

**2 इंस्टीच्यूट ऑफ टॉय मेकिंग, कोलकाता।**



## विदेशी विश्वविद्यालयों के सहयोग से डिग्री-डिप्लोमा कराने वाली एडटेक कंपनियों के खिलाफ होगी कार्रवाई

यूजीसी ने विदेशी विश्वविद्यालयों के सहयोग से ऑनलाइन मोड में डिग्री और डिप्लोमा पाठ्यक्रम पेश करने वाली सभी एडटेक कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है।




यूजीसी ने विदेशी विश्वविद्यालयों के सहयोग से ऑनलाइन मोड में डिग्री और डिप्लोमा पाठ्यक्रम पेश करने वाली सभी एडटेक कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है। यूजीसी ने एक सार्वजनिक नोटिस में कहा कि कोई भी विदेशी उच्च शिक्षण संस्थान आयोग की पूर्व मंजूरी के बिना भारत में कोई भी कार्यक्रम पेश नहीं कर सकता है।

सितंबर में दिल्ली उच्च न्यायालय ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को अनिर्दिष्ट डिग्री प्रदान करने वाले विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने और इस मुद्दे पर दंडात्मक प्रावधानों सहित कानून का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था। जबकि 12 दिसंबर के यूजीसी नोटिस में कहा गया है कि कुछ एडटेक कंपनियां कुछ विदेशी विश्वविद्यालयों और संस्थानों के साथ मिलकर ऑनलाइन मोड में डिग्री और डिप्लोमा कार्यक्रमों की पेशकश करने वाले विज्ञापन दे रही हैं।

एडटेक कंपनियों पर कार्रवाई

अधिकारियों ने कहा कि ऐसी फ्रेंचाइजी व्यवस्था की अनुमति नहीं है और ऐसे किसी भी कार्यक्रम या डिग्री को यूजीसी मान्यता नहीं होगी। नोटिस में कहा गया है, किसी भी डिफॉल्ट करने वाली एडटेक कंपनियों के साथ-साथ एचईएल के खिलाफ भी लागू कानूनों, नियमों और विनियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।भारत में कैंपस स्थापित करने वाले विदेशी विश्वविद्यालयों पर यूजीसी के नियमों के अनुसार, आयोग ने केवल उन संस्थानों को ही पूरे भारत में कैंपस स्थापित करने की अनुमति दी है जो वैश्विक रैंकिंग में शीर्ष 500 में हैं। किसी भी विदेशी विश्वविद्यालय को किसी भी फ्रेंचाइजी व्यवस्था के तहत कार्यक्रम पेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## डिजिटल सेक्टर के ये 5 क्षेत्र दे रहे लाखों का पैकेज, जानें इनमें कैसे बनेगा करियर



अभिषेक कुमार



**अगर** आप सालों से सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे हैं और सरकारी नौकरी हासिल नहीं हो सकी है। तो आप सफलता के मास्टर डिजिटल मार्केटिंग कोर्स के जरिए डिजिटल सेक्टर में अपना करिअर बना सकते हैं। इस सेक्टर में बनाए जाने वाले करिअर सरकारी नौकरी से बढ़कर पैकेज दे रहे हैं।

देश में सरकारी जॉब्स का कल्चर दशकों से लोगों के जेहन में बसा हुआ है। 10वीं-11वीं कक्षा से ही युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना शुरू कर देते हैं लेकिन सरकारी नौकरी मिलने का प्रतिशत बहुत कम होता जा रहा है क्योंकि देश की जनसंख्या लगातार बढ़ती जा रही है। पिछले आरआरबी एग्जाम की बात करें तो तकरीबन 30 हजार पदों के लिए 1 करोड़ 25 लाख युवाओं ने आवेदन किया था। केवल उत्तर प्रदेश में आयोजित की गई पीईटी परीक्षा 2022 में 37.58 लाख युवाओं ने आवेदन किया। सीटेट दिसम्बर परीक्षा के लिए 32.45 लाख युवाओं ने आवेदन किया। लेकिन आपको पता है कि सालों साल सरकारी नौकरी की तैयारी करने के बाद ओवरएज हो चुके लाखों उम्मीदवार आज के समय में प्राइवेट कंपनियों में नौकरी करने को मजबूर हैं। अगर उन्होंने ग्रेजुएशन के बाद से ही डिजिटल सेक्टर में करिअर बनाने की सोची होती तो आज के समय में 12-15 लाख रुपये सालाना हासिल कर रहे होते। इसलिए आप भी ग्रेजुएट हैं और किसी शॉर्ट टर्म कोर्स के जरिए अपना कॅरिअर बनाने की सोच रहे हैं तो सफलता के अप्लिकेशन ऊँ३ंह्व ट१ह्यी३ल्लॅ की मदद से आप कुछ ही महीनों में लाखों के पैकेज की नौकरी हासिल कर सकते हैं। 6 महीने का ये कोर्स आपके लिए डिजिटल मार्केटिंग इंडस्ट्री में नौकरियों के कई दरवाजे खोल देगा।

**ये भी सीखें**

एडवांस्ड डिजिटल मार्केटिंग
डिजिटल मार्केटिंग ई बुक
डिजिटल मार्केटिंग मॉक टेस्ट

**डिजिटल सेक्टर के ये 5 क्षेत्र जो दे रहे लाखों का पैकेज**

सोशल मीडिया मैनेजरः हर कंपनी के लिए आज के समय में एक सोशल मीडिया मैनेजर रखना बहुत जरूरी हो गया है। सोशल मीडिया मैनेजर सोशल मीडिया ट्रेंड्स, कंटेंट क्रिएशन, कंटेंट स्ट्रेटजी, कम्पटीटर एनालिसिस और उपभोक्ताओं के बारे में रिसर्च जैसे काम करता है। एक सोशल मीडिया मैनेजर की शुरूआती औसत सैलरी 4 लाख रुपये सालाना होती है।

**एसईओ एग्जीक्यूटिवः** किसी भी वेबसाइट के लिए आज के समय में जरूरी है कि वह गूगल पर उससे संबंधित सर्च करने पर दिखाए गए रिजल्ट्स में पहले पायदानों पर आए। हर कंपनी के लिए एसईओ एग्जीक्यूटिव यह काम करता है। वेबसाइट के एसईओ पर काम करके वह वेबसाइट और उसके कंटेंट को टॉप सर्च में लेकर आता है।

**पीपीसी एक्सपर्ट्सः** हरेक कंपनी के विभिन्न पैड कैंपेन्स को पे पर क्लिक एक्सपर्ट् प्रबंधित करते हैं। इनका काम कंपनी की केपीआईएस देखना और जरूरी रिपोर्ट्स तैयार करना है। ये एक्सपर्ट्स टारगेट ऑडियंस को लक्षित करके बेहतर पैड माध्यमों के इस्तेमाल से कंपनी की सेल बढ़ाने का काम करते हैं।

**कंटेंट मार्केटरः** किसी भी ई-कॉमर्स कंपनी में कंटेंट मार्केटर का रोल बहुत अहम होता है। क्योंकि यही कंटेंट मार्केटर विभिन्न सोशल मीडिया माध्यमों में कंटेंट तैयार कर लोगों तक पहुंचाते हैं। जिससे ब्रांड की आइडेंटिटी तैयार होती है। इनके कामों में कंपनी नियमों के आधार पर आकर्षक डिस्कवरेबल कंटेंट को तैयार करना होता है।

**ई कॉमर्स मैनेजरः** एक ई कॉमर्स मैनेजर एक वेबसाइट के लुक और डिजाइन को तैयार कराता है। ये वेब डिजाइन एजेंसीज के साथ मिलकर काम करते हैं। इनका काम ग्राहकों के बेहतर अनुभव के लिए शानदार डिजाइन तैयार कराना होता है। ताकि संबंधित कंपनी का ऑनलाइन प्लेटफॉर्म आसानी से इस्तेमाल करने योग्य बनाया जा सके।

मास्टर डिजिटल मार्केटिंग
प्रोफेशनल डिजिटल मार्केटिंग
डिजिटल मार्केटिंग इंडस्ट्री में जॉब

| नौकरी का नाम | सालाना पैकेज |
|---|---|
| प्रोडक्ट मार्केटिंग मैनेजर | 16 लाख |
| ब्रांड मार्केटिंग मैनेजर | 10 लाख |
| कंटेंट मार्केटिंग मैनेजर | 9 लाख |
| डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर | 7 लाख |
| एसईओ मैनेजर | 5.15 लाख |
| सोशल मीडिया मैनेजर | 4 लाख |

**एडवांस कोर्स में क्या है खास**

100 प्रतिशत प्लेसमेंट गारंटी
20+ लर्निंग टूल्स
10+ लाइव प्रोजेक्ट्स और केस स्टडीज
8 इंडस्ट्री बेस्ड मॉड्यूल्स
लाइव इंटरेक्टिव क्लासेस
100+ रिकॉर्डेड बैकअप
ऑन जॉब ट्रेनिंग कोर्स के साथ
अनुभवी मेंटर्स के द्वारा ट्रेनिंग
रेज्यूमे क्रिएशन, जॉब की तैयारी
प्लेसमेंट एक्सपर्ट्स द्वारा इंटरव्यू की तैयारी
कोर्स के बाद सफलता, गूगल और अन्य कंपनियों द्वारा सर्टिफिकेट
साप्ताहिक डाउट क्लीयरिंग सत्र
सफलता के साथ बनाएं अपना कॅरिअर

देश की जानी - मानी ऐडटेक कंपनी सफलता ने युवाओं की मदद के लिए कई प्रोफेशनल और स्किल ओरिएंटेड शॉर्ट और लॉन्ग टर्म कोर्सेज की शुरूआत की है जहां से आप घर बैठे खुद को एक किसी फील्ड का प्रोफेशनल बना सकते हैं। यहां डिजिटल मार्केटिंग के अलावा भी कई कोर्स मौजूद हैं। इतना ही नहीं सरकारी नौकरी का सपना देख रहे युवाओं के लिए भी सफलता पर लगभग सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोर्सेज हैं। यहां से पढ़कर सैकड़ों युवाओं ने सरकारी और प्राइवेट सेक्टर में शानदार नौकरियां हासिल की हैं। तो फिर देर किस बात की आज ही सफलता से जुड़ें और अपना शानदार करियर बनाएं। आप अपने फोन में शंह्व३ स्त्रस्त्र डाउनलोड करके भी इन कोर्सेज से जुड़ सकते हैं।

11वीं कक्षा से ही युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना शुरू कर देते हैं लेकिन सरकारी नौकरी मिलने का प्रतिशत बहुत कम होता जा रहा है क्योंकि देश की जनसंख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

**डिजिटल मार्केटिंग कोर्स क्या है ?**

डिजिटल मार्केटिंग कोर्स के अंतर्गत ऑनलाइन सोशल मीडिया के माध्यम से किसी भी सर्विस या प्रोडक्ट के प्रमोशन सेल करने की पूरी रणनीति के बारे में जानकारी दी जाती है।

**डिजिटल मार्केटिंग के कौन से क्षेत्र ज्यादा सैलरी दे रहे हैं ?**

चीफ मार्केटिंग ऑफिसर
बीआई एनालिटिक्स मैनेजर
डिजिटल स्ट्रेटिजिस्ट
डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजर
डिजिटल प्रोड्यूसर
सोशल मीडिया मैनेजर

**डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर का भविष्य क्या है ?**

डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर का भविष्य आगामी 100 वर्षों तक उज्वल है। क्योंकि डिजिटल सेक्टर में लगातार हो रही प्रगति इस सेक्टर को बेहतर बना रही है।

(लेखक योगदा कॉलेज धुर्वा रांची के आइटी विभाग के इंचार्ज हैं।)

## कृषि विज्ञान में बना सकते हैं अपना करियर

भारत विश्व के प्रमुख कृषि प्रधान देशों में से एक है और इसकी संपत्ति के सबसे बड़े स्त्रोतों में से सर्वाधिक महत्वपूर्ण है- भूमि की पैदावार। देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है। इसका योगदान सकल घरेलू उत्पाद का 29.4 प्रतिशत है। इससे करीब 64 प्रतिशत सेवा क्षेत्र जुड़ा है। खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में वर्ष दर वर्ष कृषि उत्पादन में महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की गई है। कृषि विज्ञान आधारित उच्च प्रौद्योगिकीय क्षेत्र है तथा इसमें रोजगार संभावनाएं हैं। पशु और पादप शोधकर्ता, खाद्य वैज्ञानिक, वस्तु ब्रोकर, पोषणविद, कृषि पत्रकार, बैंकर्स, बाजार विश्लेषक, बिक्री व्यावसायिक, खाद्य संसाधक, वन प्रबंधक, वन्यजीव विशेषज्ञ आदि के रूप में कृषि क्षेत्र में करियर बनाया जा सकता है। कृषि अनुसंधान और शिक्षा कृषि विश्वविद्यालयों, संस्थानों तथा कृषि शिक्षा और पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालयों द्वारा संचालित की जाती है। कृषि विज्ञान के प्राकृतिक, आर्थिक और सामाजिक विज्ञान भाग हैं, जिन्हें कृषि के व्यवहार तथा इसे समझने के लिए प्रयोग किया जाता है। इस क्षेत्र में उत्पादन तकनीकें जैसे सिंचाई प्रबंधन, अनुशंसित नाइट्रोजन इनपुट्स गुणवत्ता और मात्रा की दृष्टि से कृषि उत्पादन में सुधार, प्राथमिक उत्पादों का अंतिम- उपभोक्ता उत्पादों में परिवर्तन, विपरीत पर्यावरणीय प्रभावों की रोकथाम तथा सुधार जैसे मिट्टी निम्नीकरण, कचरा प्रबंधन, जैव-पुनः उपचार सैद्धांतिक उत्पादन पारिस्थितिकी, फसल



उत्पादन मॉडलिंग से संबंधित परंपरागत कृषि प्रणालियां, कई बार इसे जीविका कृषि भी कहा जाता है, जो विश्व के सर्वाधिक गरीब लोगों का भरण-पोषण करती है। ये परंपरागत पद्धतियां काफी रुचिकर हैं क्योंकि कई बार ये औद्योगिक कृषि के बजाय ज्यादा प्राकृतिक पारिस्थितिकी व्यवस्था के साथ समाकलन का स्तर कायम रखती हैं जो कि कुछ आधुनिक कृषि प्रणालियों की अपेक्षा ज्यादा दीर्घकालिक होती हैं।